# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव पर शौर्य स्मारक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोले सीएम


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम दिखाएंगे 4 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच चलने वाली ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### एआई के उपयोग से यूएस में गईं 1.5 लाख नौकरियां



**नई दिल्ली।** एआई का दुष्प्रभाव दिखने लगा है। निवेशकों को एआई कंपनियों को लेकर चिंताएं सताने लगी हैं। अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी की आहट से रोजगार संकट बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर में ही अमेरिका में करीब 1.53 लाख लोगों की नौकरियां गईं। अब तक साल 2025 में करीब 11 लाख नौकरियां जा चुकी हैं।

### जवानों पर मधुमक्खियों का हमला, 4 घायल



**बालाघाट।** नक्सल मोर्चा पर सर्चिंग करने निकले जवानों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। इससे चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हॉकफोर्स के जवान गोदरी कैंप के हैं। जोकि दो दिन पहले नक्सलियों के साथ मुठभेड़ होने पर सर्चिंग के लिए उतारे गए थे। पालागोंदी के जंगल में दोपहर को ये घटना हुई।

## वंदे मातरम पर फिर गरमाई सियासत

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर बोले पीएम मोदी

# 1937 में इस गीत के टुकड़े किए गए और देश विभाजन के बीज बोए गए



**यह विभाजनकारी सोच देश के लिए आज भी चुनौती बनी हुई**

राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? ये आज की पीढ़ी को भी जानना जरूरी

पीएम ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को, उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

वंदे मातरम को भारत की शाश्वत संकल्पना बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ विशेष डाक टिकट और सिक्के के विमोचन के साथ किया।

पीएम मोदी ने इससे जुड़े इतिहास के एक काले पन्ने को पलटने के साथ ही बिना किसी का नाम लिए वर्तमान चुनौतियों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की ▶▶शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी ने वंदे मातरम स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया**

**स्मरणोत्सव का शुभारंभ विशेष डाक टिकट और सिक्के के विमोचन के साथ किया**

## वन्दे मातरम्

राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव



डाक टिकट और सिक्के का विमोचन करते हुए पीएम

### देश बांटने का अंग्रेजों का खतरनाक प्रयोग था बंगाल विभाजन

प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम के सहारे इतिहास के कुछ पहलुओं पर प्रकाश डाला। 1896 में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम गाया। 1905 में बंगाल का विभाजन हुआ। ये देश को बांटने का अंग्रेजों का एक खतरनाक प्रयोग था, लेकिन वंदे मातरम उन मंसूबों के आगे चट्टान बनकर खड़ा हो गया। बरिसाल अधिवेशन में जब आंदोलनकारियों पर गोलियां चलीं, तब भी उनके होंठों पर वही मंत्र था। भारत के बाहर रहकर आजादी के लिए काम कर रहे वीर सावरकर जैसे स्वतंत्र सेनानी जब आपस में मिलते थे तो उनका अभिवादन वंदे मातरम से ही होता था।

भाजपा प्रवक्ता बोले

### नेहरू ने जानबूझकर मां दुर्गा के श्लोक हटाए

भाजपा के प्रवक्ता सीआर केसवन ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के बोलों में बदलाव करके सांप्रदायिक एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इस गीत से देवी दुर्गा के संदर्भों को कांग्रेस ने हटाया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व पीएम नेहरू की आलोचना ▶▶शेष पेज 4 पर

खरगे ने कहा

### वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। खरगे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है। संघ और भाजपा पर आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि जो लोग आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं- संघ और भाजपा, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाए, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं। उन्होंने कहा कि 1896 से लेकर आज तक, वंदे मातरम हर कांग्रेस बैठक में गर्व और देशभक्ति के साथ गाया जाता रहा है। ▶▶पढ़ें पेज 09 भी



## वंदे मातरम हर भारतीय की चेतना का स्वर, यह सिर्फ राष्ट्रगीत नहीं... हमारा 'प्राण गीत'

### तमिल और मलयालम में भी हुआ वंदे मातरम

*प्रदेश में वर्ष भर होंगे वंदे मातरम गीत से जुड़े आयोजन*

*मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक वंदे मातरम एक क्रांति गीत का साहित्येतिहासिक अध्ययन का विमोचन*

*150 कलाकारों ने समवेत स्वर में दी वंदे मातरम गीत की प्रस्तुति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वंदे मातरम हर भारतीय की चेतना का स्वर है। यह सिर्फ राष्ट्रगीत नहीं, हमारा प्राण गीत भी है। वंदे मातरम वह उद्घोष है जिसने पराधीन भारत की धमनियों में स्वाभिमान का रक्त प्रवाहित किया। वंदे मातरम ने देश में आजादी का अलख जगाया। वर्ष 1875 में स्वतंत्रता सेनानी बंकिमचंद्र चटर्जी की कलम से अमर गीत वंदे मातरम की रचना हुई।

उनके उपन्यास 'आनंद मठ' की इस रचना से क्रांति का शंखनाद हुआ। प्रधानमंत्री मोदी की कल्पनाशीलता से आज वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के विशेष आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव पर शौर्य स्मारक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने पुनर्मुद्रित पुस्तिका वंदे मातरम एक क्रांति गीत का साहित्येतिहासिक अध्ययन का विमोचन किया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने देशभक्ति गीत कदम-कदम बढ़ाए जा की धुन प्रस्तुत की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भोपाल से वर्चुअली शामिल हुए। इसी तरह प्रदेश के सभी 55 जिलों में वंदे मातरम कार्यक्रम ▶▶शेष पेज 4 पर

**150 वां स्मरणोत्सव 7 नवंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने जब 1896 में पहली बार इस गीत को स्वर दिया, तो वंदे मातरम केवल गीत नहीं रहा, वह राष्ट्र की पुकार बन गया। उन्होंने शहीद भगत सिंह, क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष और शहादत का पुण्य स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के साथ जब राष्ट्रगीत को अपनाने का समय आया तो देश को भ्रमित करने की कोशिश की गई। वंदे मातरम के इतिहास को गहनता से जांचने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 7 नवंबर से आरंभ ▶▶शेष पेज 4 पर

## एडीजी राजा बाबू सिंह के निर्देश

अभी रामचरितमानस का पाठ और शिक्षा दी जा रही

# मप्र पुलिस के सभी ट्रेनिंग सेंटरों में गूंजेगा गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



मप्र पुलिस के सभी ट्रेनिंग सेंटर्स को निर्देश जारी कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कांस्टेबलों के लिए भागवद् गीता पाठ का निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल इन केंद्रों पर रामचरितमानस का पाठ और शिक्षा दी जाती है। पुलिस प्रशिक्षण शाखा ने अब अपने सभी केंद्रों को रंगरूटों के लिए भागवद् गीता पाठ सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया है, क्योंकि इससे उन्हें धार्मिक जीवन जीने में मदद मिलेगी। इससे ▶▶शेष पेज 4 पर

### गीता पढ़ने से जीवन जीने की कला आती है

एडीजी राजा बाबू सिंह ने प्रशिक्षण विद्यालयों के निदेशकों से कहा कि भागवद् गीता के कम से कम एक अध्याय का पाठ अवश्य करवाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि यह प्रशिक्षुओं के दैनिक ध्यान सत्र से ठीक पहले किया जा सकता है। एडीजी ने प्रशिक्षण विद्यालयों को दिए अपने संदेश में कहा कि भगवद् गीता हमारा शाश्वत धर्मग्रंथ है। इसका नियमित पाठ निश्चित रूप से हमारे प्रशिक्षुओं को धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा और उनका जीवन बेहतर होगा।

## 5 माह में दूसरी बार मप्र का दौरा

# पचमढ़ी में आज आएंगे राहुल गांधी जिलाध्यक्षों से तीन घंटे करेंगे बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 8 नवंबर को मप्र के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे पचमढ़ी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात और संवाद करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत पचमढ़ी में जारी जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को भी संबोधित करेंगे। राहुल पचमढ़ी में रात्रि विश्राम भी करेंगे और कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। इसके बाद रवाना होंगे। राहुल यहां कार्यकर्ताओं से ग्लोबल पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया विषय पर संवाद करेंगे। संविधान चर्चा के साथ वोट चोरी पर भी चर्चा हो सकती है।

■ जाति, संविधान और राजनीति पर करेंगे मंथन



राहुल पांच माह में दूसरी बार मप्र आ रहे हैं। इसके पहले वे संगठन सृजन अभियान के चलते 3 जून को भोपाल आए थे। वे दोपहर ढाई बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। 3 बजे हेलिकॉप्टर से पचमढ़ी रवाना होंगे। वहां वरिष्ठ नेताओं के ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 02 भी

## महाकाल मंदिर परिसर में वंदे मातरम की गूंज

# पुलिस और महाकाल मंदिर के बैंड ने दी भव्य प्रस्तुति



मंदिर परिसर में वंदे मातरम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्र भावना एवं देशभक्ति को समर्पित एक विशेष आयोजन महाकाल मंदिर परिसर में भी किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने वंदे मातरम का गान किया तो वहीं महाकाल और पुलिस बैंड ने भी अपनी प्रस्तुति दी। उज्जैन में मुख्य आयोजन महाकाल मंदिर परिसर में हुआ, जिसमें प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, ▶▶शेष पेज 4 पर

## सर्दी का असर बढ़ाः गुरुवार को राजगढ़ में 11, भोपाल में रहा था 13 डिग्री तापमान

बर्फीली हवाओं से लगातार गिर रहा रात का पारा

# राजगढ़-भोपाल सबसे ठंडे, गिरा दो डिग्री पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी की वजह से बर्फीली हवाओं का असर प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार से ज्यादातर शहरों में तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद शुक्रवार को राजगढ़ और भोपाल में दो डिग्री की गिरावट के साथ राजगढ़ में पारा 9 और भोपाल में 11 डिग्री पर आ गया।

जबकि एक दिन पहले यहां तापमान में 11 और 13 डिग्री दर्ज किया गया था। बीती रात भोपाल का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जिससे गुरुवार को बना रिकॉर्ड शुक्रवार को फिर टूट गया। यह पिछले 10 सालों में नवंबर माह का सबसे कम तापमान है। इधर पचमढ़ी में रात का ▶▶शेष पेज 4 पर

## जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरु



राजाभोज सेतु, शाम 6 बजे

### कोहरे का असर भी बढ़ेगा

अब ठंड के साथ कोहरा भी बढ़ेगा। फिलहाल, देर रात और सुबह ठंड का असर ज्यादा है। वहीं सुबह हलका कोहरा भी है, जो आने वाले दिनों में बढ़ जाएगा। अभी मंडला में सबसे कम 1-2 किलोमीटर दृष्टता मंडला में देखने को मिली है। जबलपुर, रीवा और सतना में यह 2 से 4 किलोमीटर रही।

### नवंबर में तेज सर्दी का चलन

प्रदेश में नवंबर में पिछले 10 साल से ठंड के साथ बारिश का चलन भी है। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, बारिश के लिहाज से अक्टूबर का महीना उम्मीदों पर खरा उतरा है। औसत 2.8 इंच पानी गिर गया, जो सामान्य 1.3 इंच से 121 फीसद ज्यादा है।




## खबर संक्षेप



### लोकायुक्त कार्यालय में डेंटल कैंप का शुभारंभ

**भोपाल।** लोकायुक्त परिसर में रोटरी इंटरनेशनल डेनेशिया ग्रुप ऑफ डेंटल हॉस्पिटल व मुक्त फाउंडेशन के द्वारा डेंटल अवेयरनेस तथा आधुनिक तकनीकी से सुसज्जित डेंटल वैन के साथ विशाल डेंटल कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र कुमार सिंह लोकायुक्त, नरेंद्र कुमार सिंह उप लोकायुक्त, डेनेशिया ग्रुप के चेयरमैन पीके त्रिपाठी, डॉक्टर अरुण गुप्ता सचिव, रानी पासे उपसचिव, आरपी सिंह साहब विधि सलाहकार, जसवंत सिंह जादौन विधि सलाहकार, चंद्रदेव शर्मा विधि सलाहकार आदि मौजूद थे।

### श्रीराम कथा महोत्सव में शामिल हुईं महापौर

**भोपाल।** महापौर मालती राय कोलार रोड स्थित शिर्डीपुरम में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा अमृत महोत्सव में शामिल हुईं। उन्होंने कथावाचक श्री श्रीकृष्ण शास्त्री महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया व श्री श्रीकृष्ण शास्त्री के मुर्खाबिंद से श्रीराम कथा का श्रवण लाभ भी लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

### 21 से 23 नवंबर तक लगेगी फिलेटली प्रदर्शनी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश डाक परिमंडल, भोपाल द्वारा डाक टिकट संग्रह फिलेटली को प्रोत्साहित करने करने के लिए और युवाओं में इसके प्रति रुचि विकसित करने के लिया 14वीं राज्य स्तरीय फिलेटली प्रदर्शनी 'मेपेक्स का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 21 से 23 तक सुभाष भवन एमपी नगर में आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रदर्शनी में देश और विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों, विशेष आवरणों, स्थायी स्मारक टिकटों, पहले दिन थीमैटिक संग्रहों के प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन के दौरान डाक टिकट संग्रह की समृद्ध परंपरा, इतिहास और महत्व को आम जन और विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। डाक टिकट संग्रह राजाओं का शौक था। फिलेटली, का मतलब डाक टिकट संग्रह, एक ऐसा रोचक शौक है जिसे किंग ऑफ हॉबीज़ कहा जाता है।

### शिक्षकों के लिए कला समेकित शिक्षण आयोजित

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा में मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक मूल्यों और स्थानीय कला को समाहित कर आनंददायक शिक्षण वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के तुलसी नगर स्थित शासकीय नवीन कन्या विद्यालय में किया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीईआरटी के सहयोग से किया गया। इस वर्ष कला के माध्यम से समावेशी शिक्षा विषय पर आयोजित समृद्धि-2025 में प्रदेश के 30 जिलों के विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने विज्ञान, गणित, भाषा एवं वाणिज्य विषय पर आधारित पाठ योजनाओं को कला के साथ शामिल कर प्रस्तुत किया।

### कॉलेजों के रखरखाव और सुविधाओं पर दें ध्यान दें

**भोपाल।** उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा ने सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को महाविद्यालयों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मंत्रालय स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित वर्चुअल विभागीय समीक्षा बैठक में सभी शासकीय विश्वविद्यालयें के कुलसचिव, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, ओएसडी एवं सभी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य शामिल हुए। बैठक में आयुक्त सिपाहा ने निर्देश दिए कि सभी महाविद्यालयों की इमारतों की मरम्मत, मेंटेनेंस, दीवारों के पेंट एवं पलास्टर पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि महाविद्यालयों के मरम्मत के लिए विभाग के पास पर्याप्त बजट की व्यवस्था है।

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यालय में 'वंदे मातरम/150' अभियान का किया शुभारंभ

# 'वंदे मातरम' देश को एक करने का कार्य कर रहा है : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'वंदे मातरम/150' अभियान का शुभारंभ कर संबोधित किया। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने स्वदेशी का संकल्प भी दिलाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 7 नवंबर 1875 को बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के रणबांकुरों में देश की आजादी की अलख को जगाया। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहा है। खंडेलवाल ने कहा कि 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को एक करके देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

'वंदे मातरम' आज भी देश को एक करने के लिए कार्य कर रहा है। भारत को आजादी मिलने के बाद देश के पहले राष्ट्रपति स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद ने इस काव्यपाठ को जन-गण-मन की तरह समान दर्जा देते हुए राष्ट्र गीत का दर्जा दिया है। बीबीसी के एक सर्वे में 'वंदे मातरम' को देश प्रेम के गीतों में विश्व के दूसरे सर्वाधिक लोकप्रिय गीत के रूप में पाया है। हमारे देश को आजादी कैसे मिली, उसका संदेश भी 'वंदे मातरम' हम सभी को देता है। 'वंदे मातरम' के कुछ शब्द संस्कृत के और कुछ बांग्ला भाषा के हैं।

जब बांग्लादेश विभाजित हुआ, तब भी देश के नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानिलयों ने इस गीत के माध्यम से बंगाल विभाजन का विरोध किया। प्रधानमंत्री भारत को विश्व के शिखर पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता और आमजन मिलकर राष्ट्र प्रथम के भाव से स्वदेशी के संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करेंगे।

> भारत को आजादी मिलने के बाद देश के पहले राष्ट्रपति स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद ने इस काव्यपाठ को जन-गण-मन की तरह समान दर्जा देते हुए राष्ट्र गीत का दर्जा दिया है

#### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, राजेन्द्र सिंह राजपूत, राजो मालवीय, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि,

#### शपथ लेते माननीय...




भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को 'वंदे मातरम' गीत के 150 साल पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, सुरेश पचौरी, विश्वास सारंग, रामेश्वर शर्मा व अन्य।

#### प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश के 10 विशेष स्थानों पर हुआ सामूहिक गायन

भाजपा प्रदेश कार्यालय के साथ प्रदेश के 10 विशेष स्थानों पर 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया। इंदौर के देवी अहिल्याबाई स्मारक स्थल में वंदे मातरम के सामूहिक गान के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जबलपुर के शंकर शाह, रघुनाथ शाह की बलिदान स्थली मालगोदाम में सामूहिक गान के दौरान मंत्री सम्पतिया उइके, ग्वालियर के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर वरिष्ठ नेता व महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुरैना के अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, उज्जैन के महाकाल लोक में मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद बाल योगी उमेशनाथ महाराज सहित अन्य स्थानों पर मंत्री, सांसद, विधायक शामिल हुए।

---

### राष्ट्रीय गीत की 150 वी वर्षगांठ पर राजभवन में हुआ आयोजन

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ गाया वंदे मातरम

**भोपाल ।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल शुक्रवार को राजभवन के बैंक्वेट हॉल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया। राज्यपाल पटेल ने आज़ादी के संघर्ष, बलिदान और प्रेरणा के प्रतीक बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्र गीत वंदे मातरम की वर्षगांठ की सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती मीनाक्षी सिंह सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी ने राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल राजभवन के बैंक्वेट हॉल में अधिकारी-कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम का गायन करते हुए।

## वंदे मातरम केवल गीत नहीं, भारत की आत्मा है : प्रो. त्रिपाठी

**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में शुक्रवार को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि यह गीत, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में लिखा था यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मियों को इस गीत के ऐतिहासिक महत्व और इसके माध्यम से देशप्रेम की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 'वंदेमातरमष' यह शब्द मात्र नहीं, एक मंत्र है, एक अद्वितीय ऊर्जा है, एक संकल्प है, और राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा का प्रतीक है। यह शब्द हमारे इतिहास, हमारी संस्कृति और हमारी आत्मा से जुड़ा हुआ है।

---

## ग्वालियर में मनाई राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वी वर्षगांठ



बाल भवन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर संबोधित करते हुए।

**भोपाल।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वी वर्षगांठ 7 नवम्बर को ग्वालियर जिले में भी देश भर के साथ उत्साह व उमंग के साथ समारोहपूर्वक मनाई गई। देशभक्ति से ओतप्रोत वंदे मातरम का जिले का मुख्य स्मरोत्सव बाल भवन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा राष्ट्रीगीत 'वंदे मातरम' आजादी के आंदोलन में हमारे पूर्वजों के लिए सिद्ध मंत्र बना था। परतंत्रता की बेड़ियां काटने के लिए हमारे वीर सपूतों ने इस मंत्र का गायन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा जिस तरह हम सबको ईश्वर की वंदना एवं पूजा-अर्चना से ऊर्जा मिलती है और संकल्प मज़बूत होता है, उसी तरह आजादी के आंदोलन में 'वंदे मातरम' के गायन के माध्यम से राष्ट्र आराधन करते हुए पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाई।

### सामूहिक गान के साथ देशभक्ति का दिया संदेश

## एम्स में 150वें वर्ष 'वंदे मातरम' उत्सव की शुरुआत

**भोपाल।** एम्स भोपाल में शुक्रवार को 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष के राष्ट्रीय उत्सव की शुरुआत की गई। इस दौरान आयोजित राष्ट्रीय वेबकास्ट और प्रधानमंत्री के संबोधन को संस्थान के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से सीधा प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया। यह प्रस्तुति शैक्षणिक ब्लॉक और अस्पताल परिसर के ऑडियो-विजुअल सिस्टम पर एक साथ प्रदर्शित की गई, जिससे परिसर में एकता और देशभक्ति का सशक्त वातावरण बना। यह आयोजन वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रीय उत्सव की शुरूआत का प्रतीक रहा। उत्सव का प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर तक निर्धारित है। इस अवसर पर वंदे मातरम के भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और राष्ट्रीय एकता, साहस तथा राष्ट्रभक्ति को प्रेरित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया।



एम्स भोपाल में सामूहित रूप से वंदे मातरम का गायन करे हुए।

## भोपाल मंडल में किया वंदे मातरम का सामूहिक गान, 14 नवंबर तक होंगे विभिन्न आयोजन

**भोपाल।** देश के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लिखे 150 वर्ष पूर्ण होने पर भोपाल रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम पंकज त्यागी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। साथ ही मंडल स्थित सभी डिपो एवं रेलवे स्कूलों में भी राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गान किया गया। भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों जैसे भोपाल, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, गुना सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का प्रसारण भी किया गया। इसके अतिरिक्त 7 से 14 नवम्बर तक मंडल में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्कूलों में ग्रुप गीत, स्लोगन राईटिंग, निबंध प्रतियोगिता एवं पौधारोपण कार्यक्रम शामिल है।



वंदे मातरम का गायन करते रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी।

## स्कूल-कॉलेजों, आईटीआई परिसरों में एक स्वर में गूंजा वंदे मातरम



सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वंदे मातरम गीत गाते विद्यार्थी।

**भोपाल।** राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशभर में शुक्रवार को राष्ट्रभक्ति और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय आईटीआई सहित शैक्षणिक संस्थाओं के परिसरों में प्रशिक्षार्थियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया। सामूहिक गायन कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और एकजुटता की भावना को और मजबूत किया। प्रशिक्षार्थियों ने गर्व के साथ स्वर मिलाकर यह संदेश दिया कि "वंदे मातरम" केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण और आत्मगौरव की भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम के सामूहिक गायन ने यह संदेश दिया कि भारत की युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों को समर्पण, श्रद्धा और गर्व के साथ आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार है। "वंदे मातरम" का यह कार्यक्रम न केवल भारतीयता की भावना को सशक्त करता है, बल्कि यह युवाओं में एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की शिक्षा भी देता है।

---

### शहर के विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

## गुरु नानक जयंती पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**भोपाल।** गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व को समर्पित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार नौ नवंबर को टीटी नगर स्थित गुर्जरारा कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। आईडीबीआई बैंक के सहयोग से लगने वाला स्वास्थ्य शिविर रविवार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। शिविर में शहर के कई अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहेंगे। गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर के जेपी एस अरोरा, उपकार प्रीत सिंह, अपजीत ओबेराय, जसविंदर कौर संधु ने शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि शिविर में न्यूरो, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, चेस्ट, ईएनटी, गैस्ट्रो, दंत रोग, फिजियोथेरेपी, डायबिटीज, पीडियाट्रिक, जनरल मेडिसिन और सर्जरी समेत कई विभागों के डॉक्टर मरीजों को जांच और इलाज संबंधी सलाह देंगे।



पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर के जेपी एस अरोरा, उपकार प्रीत सिंह, अपजीत ओबेराय, जसविंदर कौर संधु।

#### नि:शुल्क कराए जाएंगें टेस्ट

जरूरतमंदों को दवाएं भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोजकों के अनुसार शिविर में पंजीकरण सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं और बीपीएल कार्ड धारकों के लिए यह शिविर लाभदायक रहेगा। शिविर में अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाओं के साथ टेस्ट भी नि:शुल्क कराए जाएंगे। गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### ओम श्री साईं राम अखंड भजन कीर्तन आज से

**भोपाल।** सत्य साईं संगठन की ओर से शनिवार को शाम छह बजे से श्री सत्य साई ग्लोबल अखंड भजन का आ यो ज न किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष स ज ल श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल में यह भजन तुलसी नगर स्थित सत्य साईं बाबा के शांतिवन में आयोजित होंगे। पाठ शनिवार शाम 6 बजे शुरू होकर रविवार शाम 6 बजे समापन होगा। भोपाल की दोनों समितियों के साईं भक्त मिलकर साईं के भजनों का गान करेंगे। यह भजन पूरे 24 घंटे अनवरत रूप से चलेंगे।



### एम्स के नर्सिंग छात्रों को दिया प्रशिक्षण

## जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. स्मृता ने नर्सिंग छात्रों को दी वाहक जनित रोग की जानकारी

**भोपाल।** जिला मलेरिया कार्यालय में नर्सिंग कॉलेज एम्स भोपाल से बीएससी, एमएससी के आए हुए नर्सिंग स्टूडेंट को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वाहक जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं फाइलेरिया के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

बीमारियों के लक्षण, उपचार, नियंत्रण, प्रतिबंधात्मक गतिविधियां, मच्छरों की पहचान, मच्छरों की उत्पत्ति स्थल, लार्वा विनिष्टीकरण के उपाय, बायोलॉजिकल कंट्रोल, केमिकल कंट्रोल के बारे में जानकारी प्रदान की गई। छात्र समूह के साथ नर्सिंग कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर एवं को-ऑर्डिनेटर डॉ. मैक्सी मार्टिस उपस्थिति रहीं। छात्रों द्वारा मलेरिया एवं फाइलेरिया पैरासाइट माइक्रोस्कोपिक अवलोकन किया गया। जिला मलेरिया कार्यालय परिसर में निर्मित हैचरी में मच्छरों के लार्वा खाने वाली गंबूसिया मछली को बड़े ही उत्साह पूर्वक देखा गया। प्रशिक्षण में लैब प्रभारी गीता लक्ष्मी, मलेरिया निरीक्षक उर्मिला सिंह, रुचि शिलाकरी, मलेरिया असेसमेंट प्रभारी राजेश भार्गव उपस्थित रहे।




---

### कोलार में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

## 50 फायर फाइटर्स को आधुनिक तकनीक का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगजनी की घटनाओं की रोकथाम और आपदा के समय तुरंत बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के फायर ब्रिगेड कर्मियों को शुक्रवार को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण अखिल भारतीय स्थानिक राज भवन संस्था, शिवाजी नगर की पहल पर कोलार फायर स्टेशन में आयोजित किया गया। इसमें करीब पचास फायर फाइटर्स ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान फायर स्टेशन प्रभारी पंकज खरे और उनकी टीम ने फायर कर्मियों को आधुनिक तकनीकों, उपकरणों के कुशल उपयोग और आग लगने की घटनाओं में त्वरित एवं सुरक्षित नियंत्रण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से यह भी सिखाया गया कि किस प्रकार रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रारंभिक चरण में ही आग को नियंत्रित किया जा सकता है, ताकि जनहानि और संपत्ति नुकसान से बचा जा सके।

फायर कर्मियों ने इस दौरान मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार की आग से निपटने की रणनीति सीखी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य फायर ब्रिगेड कर्मियों की दक्षता बढ़ाना और शहरी क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं के दौरान नुकसान को न्यूनतम करना है।

---

### 1 लाख 61 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा की दी जानकारी

> पुलिस 30 नवंबर तक चलाएगी 'मुस्कान विशेष अभियान'

## 6 दिन में प्रदेशभर में 314 से अधिक बालिकाओं को किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'मुस्कान विशेष अभियान' के अंतर्गत केवल छह दिनों में 314 से अधिक लापता बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया, जिससे अनेक परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई है। दरअसल, महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा 'मुस्कान विशेष अभियान' दिनांक 1 से 30 नवंबर तक पूरे मध्य प्रदेश में संचालित किया जा रहा है।

यह अभियान मुख्यमंत्री की मंशानुसार गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। अभियान के दौरान केवल बालिकाओं की तलाश ही नहीं की गई, बल्कि राज्य के 1542 से अधिक विद्यालयों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, बाल अधिकारों और गुड टच बैड टच जैसी अवधारणाओं की जानकारी दी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अब तक 1 लाख 61 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं तक सुरक्षा से जुड़ा संदेश पहुंचाया गया। स्थानीय थानों की महिला डेस्क, सखी डेस्क और सामाजिक संगठनों ने भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग किया।



#### अभियान का उद्देश्य

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन गुमशुदा या अपहृत बालिकाओं की खोज कर उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाना है। साथ ही, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बालिकाओं और छात्रों को महिला अपराधों, कानूनी प्रावधानों, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह एवं लैंगिक समानता के विषयों पर जागरूक कर, समाज में सुरक्षा एवं सम्मान का वातावरण स्थापित करना इसका प्रमुख लक्ष्य है।

#### पुलिस ने इन जिलों में की कार्रवाई

खरगोन पुलिस ने एक ही दिन में 7 बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया है। थाना भैरूंदा एवं थाना आष्टा पुलिस ने एक-एक गुमशुदा बालिका तथा थाना बिलकिसगंज पुलिस ने एक अपहृत बालिका को तकनीकी सहायता से सकुशल दस्तयाब किया। थाना भाण्डेर पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालक को मात्र 24 घंटे में दस्तयाब किया, जबकि थाना दुरसड़ा पुलिस ने गुम हुई नाबालिग अपहृता को दस्तयाब कर अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेजा गया। थाना ईसागढ़ पुलिस ने भी उत्कृष्ट कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। पांढुर्णा पुलिस ने अपहृत बालिका को सूझबूझ एवं तकनीकी सहायता से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। इसी तरह अन्य जिलों में भी कार्रवाई की गई हैं।

भोपाल
शनिवार, 8 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 12, अंक : 218
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से...



विचार पेज
06 विकास के लिए नए सुधार जरूरी



क्रांति गौड़ का सीएम ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया

- **छतरपुर में** बनेगा अभ्यास के लिए नया क्रिकेट स्टेडियम
- **भगवान बिरसा मुंडा** जयंती पर किया जाएगा क्रांति का सम्मान

## मुख्यमंत्री ने किया क्रिकेटर क्रांति गौड़, उनके माता-पिता और कोच का अभिनंदन

# क्रांति प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की बेटियों के लिए 'प्रेरणा'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की जीत का हिस्सा रही क्रिकेटर क्रांति गौड़ का मप्र आने पर शुक्रवार को भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हाउस के समत्व भवन में क्रांति, उनके माता-पिता और कोच का अभिनंदन किया और कहा कि क्रांति ने देश-दुनिया में मप्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने घोषणा की कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जबलपुर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में क्रांति का सम्मान किया जाएगा। खिलाड़ियों के अभ्यास ▶▶ शेष पेज 4 पर



क्रांति के माता-पिता का भी सीएम ने मंच पर बुलाकर सम्मान किया

### योग और ध्यान, फिटनेस एकाग्रता के लिए जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांति गौड़ और खेल अकादमी की बालिकाओं के संवाद में सहभागिता करते हुए सभी को फिटनेस का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान, फिटनेस तथा एकाग्रता के लिए जरूरी हैं। उपस्थित बालिकाओं ने क्रांति से उनके फिटनसे रूटीन, रूचियों, संघर्ष, खेल की निरंतर प्रैक्टिस और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में हुए अनुभवों के बारे में चर्चा की। क्रांति ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर संघर्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बीसीसीआई में फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर बनी औबेदुल्लागंज की बेटी

*औबेदुल्लागंज। भोजपुर रोड पर स्थित ग्राम मगरपूछ में जन्मी शिवनारायण गौर की बेटी डॉ. शालू पटेल पहले तो अपनी मेहनत और लगन से फिजियोथेरेपिस्ट बनी और औबेदुल्लागंज में सेवाएं शुरू की। अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बीसीसीआई में फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर बन गई और पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने नगर और गांव के बच्चों को आसमान* ▶▶ शेष पेज 4 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर की पत्नी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि क्या 4 लाख की रकम पर्याप्त नहीं है? कलकत्ता हाईकोर्ट ने शमी को 2.5 लाख बेटी और 1.5 लाख पत्नी को गुजारे भत्ते के रूप में देने का आदेश दिया था। हसीन ने 10 लाख रुपए हर महीने गुजारा भत्ता देने की मांग शीर्ष कोर्ट से की थी।



### नकली सोना देकर करोड़ों का लिया लोन

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड शहर के एक ज्वैलर को नकली सोना देकर बैंक से लोन निकालने और करीब 2.5 करोड़ की ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। ज्वेलर ने नकली सोने की मदद से फर्जी आवेदन कर बैंक से लोन निकाले। आरोपी की पहचान विलास उदावंत के रूप में हुई है, जो बीड के पंडित नगर इलाके का रहने वाला है।



### तकिया मस्जिद केस में मुस्लिम पक्ष को झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मप्र हाईकोर्ट के तकिया मस्जिद गिराने के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने यह फैसला प्रशासन के हक में सुनाया है। करीब 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने के मामले में वहां दोबारा मस्जिद बनवाने की अपील की।



## आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- नसबंदी कर शेल्टर होम में रखें, पकड़े गए स्थान पर न छोड़ें

# स्कूल, कॉलेज और अस्पताल परिसरों से कुत्तों को हटाएं, सड़कों पर मवेशी न दिखें

इससे पहले 27 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट आदेशों के बाद भी ज्यादातर राज्य सरकारों के अनुपालन हलफनामा दायर न करने पर कड़ी टिप्पणी की थी

**शीर्ष कोर्ट ने इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 8 हफ्ते का समय दिया, अगली सुनवाई 13 जनवरी को**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में सड़कों और हाईवे पर खुले घूम रहे आवारा मवेशियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे और सड़कों से आवारा मवेशियों को तुरंत हटाया जाए।

दरअसल, आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों और अन्य ऐसे मवेशियों को तुरंत हटाए जाने और उन्हें आश्रय गृह भेजने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें जो सड़कों से आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें आश्रय गृहों में रखें जहां उनकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें
- आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था
- न्यायमित्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जाए और वह उसके आदेश का हिस्सा होगी

डॉग लवर्स इस आदेश से असंतुष्ट दिखे



सुप्रीम कोर्ट परिसर में भी आवारा कुत्तों की मौजूदगी देखी गई

### 3 राज्यों ने ही प्रस्तुत किए हलफनामे

*इससे पहले 27 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट आदेशों के बाद भी ज्यादातर राज्य सरकारों के अनुपालन हलफनामा दायर न करने पर कड़ी टिप्पणी की थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ही अपने हलफनामे प्रस्तुत किए थे।*

### मेनका गांधी बोलीं- ये तो जस्टिस पारदीवाला के जजमेंट से भी खराब

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मेनका गांधी ने कहा कि ये तो जस्टिस पारदीवाला के जजमेंट से भी खराब है या उतना ही खराब है। ये एक ऐसा जजमेंट है जो हो ही नहीं सकता। जस्टिस पारदीवाल ने बोला था- आप सारे कुत्तों को उठाएं और जगह में रखें। ये जजमेंट कहता है कि आप पांच हजार कुत्ते सब जगह से को उठाएं। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ▶▶ आदेश सुन रोने लगी महिला वकील, बोलीं- इतना कठोर आदेश दिया



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट की वकील और याचिकाकर्ता ननिता शर्मा की आखों में आंसू नजर आए। ननिता शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त जैसा आदेश दिया था, लगभग वैसा ही आदेश जारी किया गया है। इन बेजुबान जानवरों के साथ इतनी ना- ▶▶ शेष पेज 4 पर

### धनराशि के हवाला से जुड़ी होने का शक

## पकड़ी गई कालेधन की बड़ी खेप वैशाली एक्सप्रेस में 1 करोड़ मिले

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गोरखपुर जीआरपी को एक बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार देर रात गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर नियमित चेकिंग के दौरान वैशाली एक्सप्रेस से एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई। बताया जा रहा है कि युवक इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था। चुनावों के मद्देनजर रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम वैशाली एक्सप्रेस में ▶▶ शेष पेज 4 पर

- इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था

### हाईकोर्ट ने दोनों को नोटिस जारी किया

## बीना विधायक निर्मला सप्रे स्पीकर से किया जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बीना से भाजपा विधायक बनीं निर्मला सप्रे के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा दायर याचिका पर मध्यप्रदेश हाई कोर्ट मुख्यपीठ जबलपुर ने शुक्रवार को बड़ा आदेश जारी किया है। चीफ जस्टिस जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई के बाद मध्यप्रदेश विधानसभा के सभापति नरेंद्र सिंह तोमर और विधायक निर्मला सप्रे दोनों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। याचिका में कहा गया है कि निर्मला सप्रे ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा, जो संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत स्पष्ट रूप से दल-बदल की श्रेणी में ▶▶ शेष पेज 4 पर

- याचिका 16 महीने पहले प्रस्तुत की गई थी



## बाबा बागेश्वर की सनातन हिंदू पदयात्रा शुरू



कथावाचक जया किशोरी, कवि कुमार विश्वास, द ग्रेट खली भी होंगे शामिल

### 10 दिन में 170 किमी की होगी पदयात्रा, वृंदावन में समापन

*नई दिल्ली। बागेश्वर धाम के बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने शुक्रवार को दिल्ली से वृंदावन के लिए 10 दिनों की पदयात्रा शुरू की है। ये सनातन हिंदू एकता पदयात्रा दिल्ली के छतरपुर के कात्यायनी माता मंदिर से शुरू हुई और पहला पड़ाव जीरखोद मंदिर में हुआ। दिल्ली से वृंदावन तक की इस यात्रा में देशभर से हजारों साधु-संत शामिल हो रहे हैं। बाबा बागेश्वर की यात्रा 10 दिनों तक रोजाना 15 किलोमीटर चलेगी। यात्रा का मकसद हिंदू राष्ट्र की स्थापना, जातिवाद को खत्म करना और हिंदू समाज में एकता स्थापित करना है। यात्रा 16 नवंबर तक चलेगी। ये पदयात्रा दिल्ली, हरियाणा से होते हुए यूपी के 422 से ज्यादा इलाकों से गुजरेगी। धीरेंद्र शास्त्री इस पदयात्रा के जरिए 5 करोड़ लोगों तक पहुंचने का दावा कर रहे हैं। 10 दिनों में करीब दो लाख लोग इस पदयात्रा में शामिल होंगे। धीरेंद्र शास्त्री का दावा है कि उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना को* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साइबर ठगी का शिकार हुए बेनर्जी

## ठगों ने सांसद के खाते से उड़ाए 56 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के नेता और चार बार के लोकसभा सांसद कल्याण बेनर्जी के साथ एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी हुई है। उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय किया गया और इससे 56 लाख रुपए से अधिक की रकम निकाल ली गई। कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बेनर्जी की तस्वीर लगाई गई थी। इन ▶▶ शेष पेज 4 पर

- रकम से सोने के गहने भी खरीदे गए



### श्योपुर में मिड-डे मील योजना में घोर लापरवाही

## बच्चों को रद्दी कागज पर परोस दिया गया मध्यान्ह भोजन, स्कूल प्रभारी निलंबित

स्वयं सहायता समूह का अनुबंध रद्द, कलेक्टर ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले से मिड-डे मील योजना में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। जिले के विजयपुर क्षेत्र स्थित हुल्लपुर माध्यमिक शाला में बच्चों को थाली के स्थान पर रद्दी के कागज पर भोजन परोसा गया। बताया जा रहा है कि स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों ने बर्तन मांजने से बचने के लिए यह शर्मनाक तरीका अपनाया, जबकि विद्यालय के शिक्षकों ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



कागज में भोजन करते वीडियो आया

### नियमित निगरानी के निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि स्कूल स्टाफ और समूह दोनों ने लापरवाही बरती है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि मिड-डे मील योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, ऐसे में इस तरह का व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने सभी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में मिड-डे मील वितरण की सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### जरीन कतरक खान का मुंबई में 81 साल की उम्र में निधन, वे अभिनेता संजय खान की पत्नी थीं

संजय और जरीन की मुलाकात एक बस स्टॉप पर हुई

## जायद खान के गले में जनेऊ, मां जरीन खान का हिंदू रीति-रिवाज से किया 'अंतिम संस्कार'



जरीन खान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता संजय खान की पत्नी, जायद खान और सुजैन खान की मां जरीन कतरक को उनके अपनों ने भरी आंखों से आखिरी विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई में हिंदू रीति-रिवाज से किया गया, जहां इसे जायद खान करते दिखे।

जायद खान के हाथ में मटका और गले में जनेऊ भी नजर आया। वहीं ऋतिक से लेकर काजोल, जया बच्चन जैसे तमाम सितारे इस अंतिम विदाई पर शामिल हुए। जरीन कतरक खान का निधन शुक्रवार को हुआ। वो 81 साल की थीं। बताया जा ▶▶ शेष पेज 4 पर



जरीन के बेटे जायद हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करते हुए।

### संजय के हाथ में थी टॉल्स्टॉय की किताब

*संजय और जरीन की शादी साल 1966 में हुई थी। दोनों की मुलाकात एक बस स्टॉप पर हुई और यहीं से उनकी दोस्ती हुई। तब संजय केवल 18 साल के थे। जरीन ने 18 साल के संजय के साथ अपनी पहली डेट को याद करते हुए बताया था कि कैसे संजय सफेद शर्ट, सफेद ट्राउजर, कोल्हापुरी चप्पल और हाथ में टॉल्स्टॉय की एक किताब लिए बीच पर खड़े* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जरीन शानदार इंटीरियर डिजाइनर और लेखक थीं

जरीन ने बताया था कि अगले दिन संजय ने उसके सामने शादी का प्रपोजल रखा, जिस पर उसने कहा था-अगर एक साल बाद भी मेरे मन में तुम्हारे लिए फीलिंग रहे तो मैं करूंगी। उनके चतुराई भरे इस जवाब ▶▶ शेष पेज 4 पर


स्वदेशी मेले में मंचासीन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक भगवानदास सबनानी और स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वदेशी मेले में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का लोकार्पण कर किया आह्वान

# भारत ने विश्व बाजार में फूंका है स्वदेशी का बिगुल, देश में बनी वस्तुओं का करें उपयोग


स्वदेशी मेले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत तिलक लगाकर अभिनंदन करतीं स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रकोष्ठ की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज

- प्रधानमंत्री मोदी का विजन है मध्यप्रदेश का मिशन: सीएम
- मुख्यमंत्री ने लघु उद्यमियों के स्टॉल्स का किया अवलोकन
- एमवीएम कॉलेज परिसर में स्वदेशी मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। दुनिया में जारी आर्थिक युद्ध के बीच भारत ने स्वदेशी का बिगुल फूंका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नागरिकों, व्यापारियों और उद्यमियों को इस आर्थिक युद्ध में स्वदेशी ब्रह्मास्त्र सौंपा है। आज सभी क्षेत्रों में स्वदेशी को महत्व देते हुए भारत की सनातन संस्कृति और विरासत से विकास के पथ पर देश अग्रसर है। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के विजन को मिशन बनाया है। यह बात शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मोतीलाल विज्ञान आदर्श महाविद्यालय प्रांगण में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में कहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मोतीलाल विज्ञान आदर्श महाविद्यालय प्रांगण में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेला परिसर में स्थापित प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर श्रीराम स्तुति की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्रम एवं ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृति भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने लघु उद्यमियों द्वारा लगाए विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया एवं स्वदेशी उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।


कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम डॉ. यादव

### स्वतंत्रता आंदोलन में स्वदेशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई: डॉ. मोहन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं कि हम दुनिया से अलग हो जाएं। इसका मतलब है कि जो चीज हम अपने देश में बना सकते हैं, उसे बाहर से न लाएं और अपने देश में बनी वस्तुओं का ही उपयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में स्वदेशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद, लाला लाजपत राय एवं बाल गंगाधर तिलक जैसे अनेक महापुरुषों ने देशवासियों से विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाते हुए आजादी की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। यह स्वदेशी की ही ताकत थी कि बंगाल विभाजन के विरोध में बंग-भंग आंदोलन प्रारंभ हुआ और अंग्रेजों को झुकना पड़ा था। वर्तमान समय में एक देश के नेता दुनिया को टैरिफ की धमकी देते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प अडिग है।

### दुनिया को भारत में बड़ा बाजार दिखाई दे रहा

सीएम ने कहा कि आज दुनिया को भारत में बड़ा बाजार दिखाई दे रहा है। वे अपनी कमाई के लिए उत्पादों को भारत लाना चाहते हैं। लेकिन हम अपने स्वदेशी के भाव से नई तकनीक अपनाते हुए खेती को भी संरक्षित कर रहे हैं और विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ा रहे हैं। इस मेले में उत्तरप्रदेश भदौही के व्यापारी तक अपने कालीन बेचने यहां आए हैं। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय मेला प्रमुख साकेत राठौर ने कहा कि स्वदेशी मेला कोई आम मेला नहीं है। हमें स्वदेशी से एक अलग पहचान मिलती है। स्वदेशी जब समाज के साथ जुड़ता है तो वह आंदोलन में परिवर्तित होता है। स्वदेशी वस्तुओं में हमारी मिट्टी की खुशबू होती है। भारत आर्थिक स्थिति में चौथे पायदान पर है। इस मौके पर स्वदेशी मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, सह संयोजक व स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रकोष्ठ की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज, रमणवीर सिंह अरोड़ा, सुधीर दाते एवं सुशील अग्रवाल सहित स्वदेशी आंदोलन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।


स्टॉल पर स्वदेशी उत्पादों की जानकारी लेते मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश वितरण कार्यक्रम को किया संबोधित

# मप्र के युवाओं को रोजगार देने का वादा निभा रही है सरकार

### डॉ. मोहन ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और वन विभाग के 877 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदान किए नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और वन विभाग के 877 पदों के लिए चयनित अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान कर हम अपना वादा पूरा करने की तरफ एक कदम और बढ़ा रहे हैं। यह नियुक्तियां विकसित मप्र के हमारे सामूहिक संकल्प का एक पड़ाव है। उन्होंने कहा कि हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर और विकसित मप्र की नींव मजबूत करनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में वन एवं स्वास्थ्य विभाग के नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन, जहां बेहतर पर्यावरण का आधार है, वहीं स्वास्थ्य विभाग जनसामान्य के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करता है। वन विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की सेवा में आज प्रवेश ले रहे अधिकारी-कर्मचारी मजबूत, सुरक्षित, समृद्ध और स्वस्थ मप्र के निर्माण में पूरी प्रतिबद्धता से अपना योगदान देंगे, हम ऐसी अपेक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास शासकीय सेवक की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम को राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने भी संबोधित किया।

**खास बातें**

- सर्वाधिक वन क्षेत्र संधारण, वन्य जीवों की संख्या में मध्यप्रदेश अग्रणी
- कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हुआ वन,स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति और पदस्थापना आदेश वितरण कार्यक्रम


महिलाकर्मी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव व राज्यमंत्री पटेल

### वन क्षेत्रपाल, वनरक्षकों एनेस्थेसिया विशेषज्ञों सर्जन को सीएम ने नियुक्ति-पत्र किए प्रदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप सुश्री मनीषा मुकाती, रवि यादव, सोमेश शर्मा, नीरज अंब को वन क्षेत्रपाल के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसी प्रकार चंद्रपाल सिंह तोमर, कु. हिमांगिनी राहंगडाले और सुश्री अंजना परते को वन रक्षक के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग के तहत डॉ. नेहानंदन चौरसिया, डॉ. राम आशीष शुक्ला, डॉ. मंजूलता आर्य, डॉ. जितेन्द्र कैथवाल, डॉ. भूमा भावना और डॉ. नितिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। वन विभाग के नवनियुक्त 76 वन क्षेत्रपाल और 467 वनरक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में नवनियुक्त 75 एनेस्थेसिया विशेषज्ञों, 62 सर्जन, 106 शिशु रोग विशेषज्ञ ओर 91 नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए।

### सेवा में प्रवेश एक उपलब्धि के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी

शासकीय मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कहते थे कि 'सपना वो नहीं, जो आप सोते हुए देखते हैं, सपना वो है, जो आपको सोने नहीं देता।' शासकीय सेवा में प्रवेश एक उपलब्धि के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। जनता का विश्वास शासकीय सेवक की सबसे बड़ी पूंजी है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को त्वरित, विश्वसनीय और अधिक प्रभावी बनाने में नए अधिकारी-कर्मचारियों का भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग वनों के संरक्षण, संवर्धन, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है।

### मप्र पर्यावरण संरक्षण में दे रहा है महत्वपूर्ण योगदान: बर्णवाल

अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कहा कि मप्र देश के सबसे बड़े वन क्षेत्र का संधारण कर रहा है। यह गर्व का विषय है कि हमारे प्रदेश के वनों की गुणवत्ता भी श्रेष्ठ है और प्रदेश में सघन वनों के क्षेत्र फल में डेढ़ गुना विस्तार हुआ है। अधिकांश वन्य प्राणियों की संख्या में मप्र देश में प्रथम है। यह संकेतक बताते हैं कि मप्र पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वन क्षेत्र की यह उपलब्धियां वनरक्षकों के योगदान से ही संभव हुई हैं। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पचमढ़ी में संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन भारतीय अर्थशास्त्र और राजनीति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पचमढ़ी में जारी जिला कांग्रेस अध्यक्षों के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन भारतीय अर्थशास्त्र और राजनीति विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने अपने गहन अनुभव और विशेषज्ञता के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। चक्रवर्ती ने बताया कि किस प्रकार वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार आंकड़ों, जुमलों और भ्रामक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनता को गुमराह कर रही है।

उन्होंने तथ्यों और आर्थिक संकेतकों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति प्रचारित किए जा रहे दावों से भिन्न है। सत्र के दौरान उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से आर्थिक नीतियों और उनके प्रभावों का विश्लेषण किया तथा प्रश्नोत्तर सत्र में जिला अध्यक्षों के साथ सार्थक संवाद स्थापित किया।


प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस जिलाध्यक्षों से चर्चा करते वरिष्ठ पदाधिकारी

इस चर्चा में सभी प्रतिभागियों ने गहरी रुचि ली और भारत की वास्तविक आर्थिक परिस्थिति को समझने का अवसर प्राप्त किया। इस सत्र का उद्देश्य संगठन के नेताओं को सही आर्थिक और राजनीतिक समझ प्रदान करना था, ताकि वे जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यों में सटीक तथ्यों के साथ जनता के बीच संवाद स्थापित कर सकें।

# यश की युवा कांग्रेस अध्यक्ष के लिए ताजपोशी 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले यश घनघोरिया की ताजपोशी 11 नवंबर को हो सकती है। उन्हें दस नवंबर को दिल्ली बुलाया गया है।


यश घनघोरिया

यहां पर उनके नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। यश को सबसे ज्यादा तीन लाख 13 हजार के लगभग वोट मिले हैं। जबकि दूसरे नंबर पर अभिषेक परमार रहे। उन्हें 2 लाख 38 हजार 780 वोट मिले हैं।\ हालांकि युवा कांग्रेस ने यश, अभिषेक और तीसरे नंबर पर आने वाले देवेंद्र सिंह दादू के पदों की औपचारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन अब यह लगभग तय माना जा रहा है कि यश घनघोरिया ही प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे। दरअसल पहले तय था कि युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इलेक्शन में पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर आने वालों के दिल्ली बुलाकर इंटरव्यू लिए जाएंगे, लेकिन इसमें बदलाव कर दिया गया है। इधर यश की इतनी बड़ी जीत के बाद यह लगभग तय है कि उन्हें युवा कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सौंपी जाएगी।

# सोयाबीन का भावांतर योजना का मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने सोयाबीन के लिए भावांतर योजना के तहत मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया है। इस योजना के तह यदि सोयाबीन का विक्रय मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य और घोषित मॉडल रेट से कम होता है, तो सरकार किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई करेगी।

किसानों को पहले की तरह मंडी में सोयाबीन बेचना होगा और फिर योजना के तहत पंजीकरण कराना होगा। मंडी बोर्ड के सहायक



संचालक योगेश नागले ने बताया कि भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता कृषक जिन्होंने अपनी सोयाबीन 24 अक्टूबर से 7 नवंबर के मध्य मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। ऐसे किसानों को भावांतर योजना अंतर्गत राशि का मॉडल रेट 4020 रुपए जारी किया गया है। उक्त मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

# भाजपा इंदौर नगर अध्यक्ष ने थमाया परमार को नोटिस

**भोपाल।** भाजपा इंदौर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने सोशल मीडिया विभाग, सह संभाग प्रभारी भाजपा अंकित परमार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मिश्रा ने अंकित परमार को जारी नोटिस में कहा है कि 28 अक्टूबर को भाजपा कार्यालय पर हुए निंदनीय घटनाक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता मिलाप मिश्रा के साथ आपकी संलिप्तता स्पष्ट प्रदर्शित हो रही है। अतः सात दिवस के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान बिरसा मुंडा जन्मदिवस: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, मंत्री शाह ने दी कार्यक्रमों की जानकारी

# 24 जिलों की 47 विधानसभाओं से गुजरेगी जनजातीय गौरव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्मदिवस को भाजपा धूमधाम से मनाएगी। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार-वार्ता में भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्मदिवस पर होने वाले आयोजनों की जानकारी दी।




खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पूरे देश में मनाया जाएगा।

### जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन होंगे

खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और मध्यप्रदेश सरकार, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तथा समाज उत्साहपूर्वक इस समारोह को मनाएंगे। खंडेलवाल ने कहा कि 11 नवंबर से प्रदेश के 24 जिलों की 47 जनजातीय बहुल विधानसभाओं से जनजातीय गौरव यात्राएं निकलेंगी। ये यात्राएं हरदा, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, खंडवा, जबलपुर, उमरिया और देवास जिलों में लगातार 4 दिनों तक चलेंगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन, विशिष्ठ जनजातीय व्यक्तियों का सम्मान, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम, जनजातीय स्मारकों, देवस्थानों की साफ-सफाई, संरक्षण एवं दीपोत्सव किया जाएगा। यात्राओं के दौरान चौपालों का आयोजन होगा और यात्राओं का रात्रि विश्राम गांवों में होगा।

### हर क्षेत्र की जनजातीय प्रतिभाओं का करेंगे सम्मान: शाह

*मंत्री विजय शाह ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के लिए मप्र सरकार ने विस्तृत कार्य योजना बनाई है, जिनमें कार्यकर्ता, जनजातीय समाज तथा अन्य समाजों के लोग भी सहभागिता करेंगे। समापन पर जबलपुर में कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जुड़ेंगे। जनजातीय प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की योजना है। हमने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया है कि क्रांति गौड़ को प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि भी इस कार्यक्रम में दी जाए।*

7 किसानों को बासमती धान का उचित मूल्य दिलाने...



12 अस्थाई निवास वाले मतदाताओं के कटेंगे ...





# हार्ट पेशेंट्स के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी हमीदिया की नई कैथ लैब यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हृदय रोगियों के उपचार के लिए भोपाल और आस-पास के जिलों के निवासियों को आज से बड़ी सुविधा मिल रही है। हमीदिया अस्पताल में आरंभ हो रही नई कैथ लैब यूनिट हार्ट पेशेंट्स के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी। हमीदिया अस्पताल वर्षों से सेवा और सुरक्षा का प्रतीक है। कैथ लैब का उद्घाटन जनसेवा की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगा। राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शुक्रवार को हमीदिया अस्पताल में स्थापित नई कैथ लैब यूनिट के उद्घाटन अवसर पर कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैथ लैब का अवलोकन किया और चिकित्सकों से उसकी विशेषताओं की जानकारी ली। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, जीमएसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह, अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. आरएस. मीणा, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. आरके. सिंह तथा तकनीशियन, नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधन टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल में किया यूनिट का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने दोहराया-राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिशन मोड में कर रही है कार्य

सीएम ने कैथ लैब का अवलोकन कर ली चिकित्सकों से उसकी विशेषतओं की जानकारी



हमीदिया अस्पताल में नई कैथ लैब का लोकार्पण करते हुए सीएम डॉ. यादव।

### नई आशा बनेगी

अत्याधुनिक चिकित्सीय कैथ लैब से हार्ट और ब्लड वेसल्स से जुड़ी बीमारियों का निदान और उपचार हमीदिया अस्पताल में संभव होगा। लगभग आठ करोड़ रूपए लागत से स्थापित यह यूनिट क्षेत्र के हृदय रोगियों के लिए जीवन की नई आशा बनेगी।

डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी

## हार्ट के मरीजों को किया सतर्क

# सर्दी के मौसम में सुबह चार से छह बजे की बीच सबसे ज्यादा आते हैं हार्ट अटैक: डॉ. गर्दे



हृदयाघात के खतरों के बारे में बताते राजधानी के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल गर्दे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्दी के मौसम में अगर आप सुबह चार से छह बजे की बीच मॉर्निंग वॉक पर जाते है तो सावधान हो जाएं। धूप निकलने के बाद ही मॉर्निंग वॉक पर जाएं। वह इसलिए ठंड के मौसम में सुबह चार से छह बजे के बीच सबसे ज्यादा हार्ट अटैक की घटना होती है। यह कहना है भोपाल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल गर्दे का। शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता ने डॉ. गर्दे ने बताया कि इस बार ला-नीना तूफान का असर मप्र में ठंड को और तेज कर सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक नवंबर से जनवरी के बीच तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री तक गिर सकता है। इसी वजह से हृदय रोगियों पर इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने की आशंका है। डॉ. गर्दे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ठंड के मौसम में खून की नलियां सिकुड़ती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ता है और दिल को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। डॉ. गर्दे के अनुसार ठंड बढ़ने पर ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ जाना, थकान, चक्कर, सिरदर्द, सांस फूलना और सीने में दर्द जैसे लक्षण आम हैं।

### घरेलू नुस्खों पर ना करें भरोसा

डॉ. गर्दे ने बताया कि सोशल मीडिया के घरेलू नुस्खों पर भरोसा न करें। कई लोग ऐसी सलाहें मान लेते हैं जिनसे नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि ठंड खून का दबाव बढ़ाती है, जिससे चक्कर, बेहोशी या दिल का दौरा जैसे खतरे बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्दी को हल्के में न लें। थोड़ी-सी सावधानी जीवन बचा सकती है। गर्म कपड़े पहनें, धूम्रपान से दूर रहें और अपनी नियमित दवा व जांच जारी रखें।

### डिस्प्रिन दवा रखें अपने पास

डॉ. गर्दे ने हृदय रोगियों को डिस्प्रिन जैसी आपातकालीन दवा डॉक्टर की सलाह पर अपने पास रखने की बात कही। सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द, पैरों में सूजन या थकावट बढ़ने पर तुरंत अस्पताल से संपर्क करने को कहा। उन्होंने बताया, जिन मरीजों को हार्ट अटैक या जिनकी पंपिंग क्षमता कम है, उन्हें खांसी, सर्दी या निमोनिया से बचाव करना चाहिए।

## सिस्टम दिल्ली में बिगड़ा और फ़्लाइट भोपाल में लेट हुई



**संतनगर।** दिल्ली के एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम (एटीसी) में आई बड़ी तकनीकी खराबी का असर राजधानी भोपाल तक दिखा। जिसके कारण भोपाल में दिल्ली की कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से घंटों लेट पहुंची। शुक्रवार सुबह दिल्ली से आने वाली उड़ान ढाई घंटा सहित दिल्ली की लगभग सभी उड़ानें एक-एक घंटा देरी से भोपाल पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह 7.45 बजे आने वाली इंडिगो की फ्लाइट करीब डेढ़ घंटे की देरी से यानी 9.10 बजे भोपाल पहुंची। वहीं, एयर इंडिया की फ्लाइट, जिसे 12:05 बजे पहुंचना था, वह 1:05 बजे लैंड कर सकी। हालांकि उड़ान लेट होने की सूचना पहले ही यात्रियों को दी गई थी, लेकिन जो यात्री राजा भोज एयरपोर्ट पहुंच गए थे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## शहर में 3 एनिमल बर्थ सेंटर जहां रोजाना 70 से 80 स्ट्रीट डॉग की होती है नसबंदी

# निगम के पास एक भी शेल्टर नहीं, 5 वाहन और 55 कैचर रोज पकड़ रहे हैं स्ट्रीट डॉग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम करने और उन्हें शेल्टर में रखने के आदेश दिए हैं। हालांकि निगम के पास फिलहाल एक भी शेल्टर नहीं है। जबकि तीन एनिमल बर्थ सेंटर हैं जहां रोजाना 70 से 80 डॉग निगम अमला पकडकर नसबंदी के लिए पहुंचाता है। उसके बाद उन्हें पकडकर वापस उसी जगह पर छोड दिया जाता है, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें बजाए छोडने के शेल्टर में रखना होगा। निगम के अफसरों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर पूरी तरह से अमल होगा। इसके लिए जो भी जरूरी संसाधन हैं वो जुटाए जाएंगे और मेन पावर भी बढाया जाएगा।

2 दो जोन में बंटा है शहर, 2 प्रभारी हैं, एक पास 8 जोन तो दूसरे के पास 13

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आयुक्त बोलीं- कोर्ट के निर्देशों का पालन करेंगे

### प्रत्येक एबीसी सेंटर में 7 लोगों का स्टाफ



एमपी नगर के सड़क पर बैठे कुत्ते।

निगम के अहमदपुर, अरवलिया, कजलीखेडा में एबीसी सेंटर हैं। प्रत्येक में दो डॉक्टर, एक प्राइवेट डॉक्टर और चार अन्य लोगों का स्टॉफ है। प्रत्येक सेंटर पर 25 से 30 स्ट्रीट डॉग की नसबंदी की जा रही है।

### भोपाल में 1.5 लाख स्ट्रीट डॉग

राजधानी में करीब 1.5 लाख स्ट्रीट डॉग हैं जबकि पूरे प्रदेश में इनकी संख्या 10 लाख से ज्यादा है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में इनकी संख्या 6 लाख से अधिक है। इन शहरों में आवारा कुत्तों के हमले भी सबसे ज्यादा हुए हैं। यह बात नेशनल हेल्थ मिशन की रिपोर्ट में भी सामने आ चुकी है।

### अस्पताल, स्कूल, सार्वजनिक स्थल, कॉलोनी, मोहल्ले सहित कोई क्षेत्र इनसे अछूता नहीं

शहर में स्कूल हो या कॉलेज, कॉलोनी, मोहल्ला, सार्वजनिक स्थल और गली हर जगह इनकी चहल-पहल रहती है। इनके आए दिन काटने से घायल होने और मौत होने के मामले भी सामने आ चुके हैं। वाहन चालकों और राहगीरों पर लपकने के मामले तो आम हैं।

### साल 2024 में 19,285 लोगों को कुत्तों ने बनाया था शिकार

साल 2022 में एमपी में स्ट्रीट डॉग्स की संख्या 10 लाख 9 हजार आंकी गई थी। साल 2024 में 19 हजार 285 लोगों को कुत्तों ने काटा था। वहीं इस साल जनवरी से जून के बीच 10 हजार 795 लोग कुत्तों का शिकार बने।इंदौर में 30 हजार 304, ग्वालियर में 11 हजार 902, जबलपुर में 13 हजार 619, उज्जैन में 10 हजार 296 और उज्जैन में 1131 लोग शिकार हुए थे। नेशनल हेल्थ मिशन ने राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश के 6 शहरों को शामिल किया है। वर्ष 2030 तक रैबीज फ्री शहर बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना मांगी गई थी। इसमें डॉग बाइट के मामले सामने आए थे।

### निर्देशों का पूरा पालन होगा

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा स्ट्रीट डॉग को लेकर दिए गए निर्देशों का पूरा पालन होगा। हर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

संस्कृति जैन, आयुक्त, नगर निगम

## मामला संज्ञान में आने पर तुरंत एडवाईजरी जारी

# निगम आयुक्त का फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाया, 50 हजार रुपए मांगे


**दो लोगों से 50 हजार रुपए की मांग की**

**मामले की जानकारी साइबर सेल को दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के नाम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी एकाउंट बनाकर और उनकी फोटो लगाकर ठगी करने की कोशिश की गई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप नंबर 84562082285 पर आयुक्त की फोटो लगाकर डीपी बनाई और खुद को मीटिंग में व्यस्त बताते हुए दो लोगों से 50 हजार रुपए की मांग की। मामला निगम आयुक्त के संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरंत एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि फर्जी एकाउंट बनाकर कोई पैसे की मांग करता है तो उसे इग्नोर करें और मुझे अवगत भी कराएं।

आरोपी ने राशि एचडीएफसी बैंक की रोईंग शाखा के खाते (नंबर 50100553727629, नाम रिया इकरोया में ट्रांसफर करने को कहा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि उन्हें इस बारे में शुक्रवार शाम को पता चला कि स्टाफ के दो लोगों से डिमांड की गई थी। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी संदेश को अनदेखा करें और यदि कोई इस तरह की हरकत करता है तो तुरंत उन्हें या पुलिस को सूचित करें। निगम प्रशासन ने मामले की जानकारी साइबर सेल को दे दी है।




निगम आयुक्त संस्कृति जैन की फर्जी आईडी से बनी चैट का स्क्रीन शॉट।

# पेंच टाइगर रिजर्व के अस्वस्थ नर बाघ का वन विहार में हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी से 4 नवम्बर को अवयस्क अस्वस्थ बाघ को उपचार के लिये लाया गया था, जिसे वन विहार स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है।

संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने बताया कि बाघ को शुक्रवार को वन विहार चिकित्सालय में बेहोश कर वन्य-प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी वन विहार डॉ. अतुल गुप्ता, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट डॉ. प्रशांत देशमुख, वरिष्ठ पशु चिकित्सक राज्य पशु चिकित्सालय भोपाल डॉ. एस.के. तुमड़यि, वाइल्ड लाइफ एसओएस वन विहार डॉ. विनीत पाल और वन्य-प्राणी चिकित्सक सहायक वन विहार डॉ. हमजा द्वारा संयुक्त रूप से बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में पाया गया कि बाघ रेक्टल प्रोलेप्स से ग्रसित है। इसे सतत निगरानी में रखकर उपचार किया जा रहा है।

## कर्मचारियों के साथ लोग दिनभर होते रहे परेशान

# डाकघरों के सर्वर डाउन, स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग जैसी सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के डाकघरों में पिछले दो दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते स्पीड पोस्ट, पार्सल बुकिंग और अन्य डाक सेवाए ठप पड़ी हैं। शुक्रवार को कई लोग अपने पार्सल और दस्तावेज भेजने डाकघर पहुंचे, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें काफी परेशानी हुई। वहीं लोगों ने बताया कि ये समस्या पिछले कई दिनों हैं जिसको दूर नहीं किया जा रहा है हमारे पोस्टल ऑर्डर और कई डॉक्यूमेंट हम नहीं भेज पा रहे है। वहीं डाकघरों के कर्मचारियों का कहना है कि सर्वर डाउन होने की वजह से वे किसी भी कार्य को ऑनलाइन दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। कई जगहों पर यह समस्या सुबह से शाम तक बनी रही। जिससे सरकारी और निजी कामकाज पर असर पड़ा।

हेड पोस्ट ऑफिस, तकनीकि डिपार्टमेंट के चेतन आनंद ने बताया कि नई प्रणाली के चलते तकनीकि दिक्कतें आ रहीं हैं। जिसके कारण सर्वर सिस्टम डाउन है। वहीं विभाग ने आश्वासन दिया है कि समस्या को जल्द दूर कर सेवाओं को सामान्य किया जाएगा।

# मैंने तो सिर्फ लिफ्ट दी थी, माफ कर दीजिए अब बिना हेलमेट किसी को नहीं बैठाऊंगा

## दूसरे दिन 623 के कटे चालान, 117 पिलियन राइडर थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क हादसों में होने वाली मौत का आंकड़ा कम करने के मकसद से ट्रैफिक पुलिस की ओर से इन दिनों विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जहां दोपहिया पर पीछे बिना हेलमेट बैठाने पर भी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

तो इस दौरान जहां वाहन चालक तरह तरह के बाहने बना रहे है। कोई बोला माफ कर दो सर, मां की कसम अब कभी किसी को बिना हेलमेट नहीं बैठाएंगे। तो कोई बोला सर मैने तो सिर्फ इनको लिफ्ट दी थी। मैं तो इनको जानता भी नहीं।


तो वहीं बड़ी संख्या में लोग चेकिंग के डर से भागते नजर आए। किसी ने अपनी गाड़ी चेकिंग पाइंट देखकर पीछे के पीछे मोडकर भाग निकला। उल्लेखनीय है कि पुलिस का दवा है कि शहर में 18 पॉइंट पर चेकिंग करते हुए 60 हजार से अधिक का समन शुल्क वसूला है।

### विशेष कार्रवाई जारी है..

यातायात पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मप्र पुलिस बिना हेलमेट पीछे बैठाने वाले वाहन चलाने पर विशेष कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को करीब 623 लोगों के चालान कटे गए। जिनसे समन शुल्क के रूप में 205,500 जमा कराया गया। इनमें 117 चालान पीछे बिना हेलमेट के सवारी बैठकर वाहन चलाने वाले लोग हैं।

### भागने लगे तो पकड़े गए

## पुलिस ने रोका तो गिड़गिड़ाने लगे



चैकिंग देखते ही भागने का प्रयास करता बाइकर।

**केस 1** भारत टॉकीज चौराहा,समय दोपहर करीब दो बजे इस चेकिंग पाइंट पर 45 मिनट में करीब 25 लोग पीछे तो ठीक आगे वाले चालक भी बिना हेलमेट वाहन चलते पकड़े गए। पुलिस ने रोका तो गिड़गिड़ाते नजर आए। इस दौरान एमपी 51 एमजे 1174 के चालक ने पहले तो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। लेकिन ट्रैफिक जवान ने पकड़ लिया। इसके बाद चालक बोला मां कसम सर अब बिना हेलमेट न गाड़ी चलाएंगे न किसी को बैठाएंगे। लेकिन ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने उसकी एक न सुनी और सख्ती बररते हुए चालान काट दिया।

### मानी गलती

## अब किसी को हेलमेट पहनकर ही बैठाएंगे



नादरा बस स्टैंड पर कारवाई करते ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

**केस 2** केस-2 स्थान नादरा बस स्टैंड चौराहा समय करीब 1 बजे थे। यहां ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग जारी थी। इस दौरान एक बाइक सवार युवक पीछे बिना हेलमेट के दूसरे व्यक्ति को बैठाकर निकल रहा था। जिसको रोका तो ट्रैफिक जवानों ने पकड़ा तो वह गिड़गिड़ाने लगा। बोला साहब पहली बार गलती हुई है। अब आगे से हेलमेट पहनकर कर ही किसी को बैठाएंगे। लेकिन पुलिस ने कोई नहीं सुनी चालान बना दिया। तो वहीं कई चालक बिना हेलमेट पीछे बैठाने वाले व्यक्ति को लिफ्ट देने की बात कहते हुए जाने के लिए बोलते नजर आए।

### किसी ने दी धौंस तो किसी ने बताई मजबूरी

**केस 3** केस-3 स्थान गणेश मंदिर हबीबगंज नाके के पास,समय दोपरह करीब 12 बजे थे। इस पाइंट पर ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग देखकर कई वाहन चालक बिना हेलमेट लगाए जा रहे थे। तो किसी ने कहा-सर मैं सरकारी कर्मचारी हूं, किसी ने नेता का रिश्तेदार होने की धौंस दी। किसी ने कहा कि सर मैं तो बीमार मरीज को दिखाने ले जा रहा हूं, लेकिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने किसी की एक न सुनी। हालाकि कई ट्रैफिक पुलिस को देखा,तो पीछे के पीछे वाहन को मोड़कर भाग गए।



गणेश मंदिर के सामने ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग।

## 40 करोड़ से बन रहे दो डिपो, नई बसों के लिए बस स्टॉप भी बनेंगे

# मार्च-2026 में शहर को 100 नई ई-बसों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल यानि 2026 में राजधानी के लोगों को ई-बस में यात्रा करने का मौका मिलेगा। इनका संचालन मार्च-2026 से शुरू हो जाएगा। केंद्र सरकार की एक योजना के तहत यह बसें मार्च के शुरुआती दिनों में नगर निगम भोपाल को मिलना शुरू हो जाएंगी। इसके लिए निगम प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन बसों के बेहतर रखरखाव और देखरेख के लिए दो नए डिपो बनाए जा रहे हैं। करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से कस्तूरबा नगर और संत हिरदाराम नगर में इनका निर्माण चल रहा है।

शहर में जहां बीसीएलएल की बसों का संचालन धीरे-धीरे शुरू हो रहा है तो वहीं नगर निगम मार्च-2026 में 100 ई-बसों की आमद के पूर्व अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। डिपो में बसों के खडे होने, चार्जिंग, रखरखाव की व्यवस्था रहेगी। दोनों डिपो में ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 150 से ज्यादा बसों का रखरखाव किया जा सके। यही नहीं पुराने बस स्टॉप को नया लुक देने के साथ-साथ नए बस स्टॉप भी बनाए जाएंगे।

राजधानी के कस्तूरबा नगर और संत हिरदाराम नगर में बन रहे हैं नए इलेक्ट्रिक बस डिपो

### महापौर ने किया डिपो का निरीक्षण



कस्तूरबा नगर में निरीक्षण करतीं महापौर।

महापौर मालती राय ने शुक्रवार को नगर निगम बीसीएलएल में आने वाली 100 इलेक्ट्रिक नई बसों के लिए कस्तूरबा नगर और संत हिरदाराम नगर में नवनिर्माणाधीन इलेक्ट्रिक बस डिपो का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय, मैनेजर रोहित यादव उपस्थित रहे।

### अमर शहीदों के नाम होंगे बस स्टॉप

महापौर राय ने बस स्टॉपों का नाम अमर शहीदों के नाम पर किए जाने के लिए कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत जीसीसी मॉडल पर निगम को 95 इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी भी मिल गई है। दोनों इलेक्ट्रिक बस डिपो में नगर निगम की विद्युत शाखा के माध्यम से सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा।

## जैकेट का शेष

### 1937 में इस गीत के...

भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को, उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। वंदे मातरम के टुकड़े किए गए थे। इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बो दिए थे। पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र निर्माण का इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? ये आज की पीढ़ी को भी जानना जरूरी है, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच देश के लिए आज भी चुनौती बनी हुई है। नई दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित वंदे मातरम स्मरणोत्सव के शुभारंभ समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें इस सदी को भारत की सदी बनाना है। उन्होंने चेताया कि इस संकल्प यात्रा में हमें पथभ्रमित करने वाले भी मिलेंगे। नकारात्मक सोच वाले लोग हमारे मन में शंका-संदेह पैदा करने का प्रयास भी करेंगे। तब हमें आनंद मठ का वो प्रसंग याद करना है, जिसमें जब संतान भवानंद वंदे मातरम गाता है तो एक दूसरा पात्र तर्क-वितर्क करता है। वह पूछता है कि तुम अकेले क्या कर पाओगे? तब वंदे मातरम से प्रेरणा मिलती है, जिस माता के इतने करोड़ पुत्र-पुत्री हों, उसके करोड़ों हाथ हों, वो माता अबला कैसे हो सकती है?

### नेहरू ने जानबूझकर...

की और सितंबर और अक्टूबर 1937 में नेताजी सुभाष बोस को लिखे गए पत्र साझा किए। 1937 के फैजपुर अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रगीत के रूप में केवल एक संक्षिप्त वंदे मातरम को अपनाया।

### वंदे मातरम हर भारतीय...

आयोजित हुए। इसमें प्रदेशवासी भी स्मरणोत्सव में भाग लेकर मातृभूमि के प्रति देशभक्ति और कृतज्ञता की भावना को अभिव्यक्त किए। कर रहे हैं। मुख्यमंत्री राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव पर शौर्य स्मारक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कई मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।
वंदे मातरम गीत की 120 साल प्राचीन दुर्लभ रिकॉर्डिंग प्रसारित की गई: वंदे मातरम गीत की 120 साल प्राचीन दुर्लभ रिकॉर्डिंग प्रसारित की गई। हार्मनी ग्रुप के 150 कलाकारों ने वंदे मातरम गीत के मूल स्वरूप के साथ ही तमिल, मलयालम तथा अन्य भारतीय भाषाओं में सांगीतिक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वंदे मातरम गीत से जुड़े आयोजन वर्ष भर होंगे।

### 150 वां स्मरणोत्सव...

हुआ वंदे मातरम का 150 वां स्मरणोत्सव 7 नवम्बर 2026 तक पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत चार चरणों में कार्यक्रम होंगे।

### मप्र पुलिस के सभी...

जीवन में नैतिकता और मर्यादा बढ़ेगी। ये निर्देश अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह ने राज्य के सभी आठों प्रशिक्षण विद्यालयों के अधीक्षकों को जारी किए हैं। इन प्रशिक्षण केंद्रों में लगभग 4,000 युवक-युवतियां जुलाई से 9 महीने का कांस्टेबल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राजा बाबू सिंह ने बीते जुलाई में प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन करते हुए इन संस्थानों में रामचरितमानस का पाठ करने का निर्देश दिया था और कहा था कि इससे उनमें अनुशासन आएगा। रामचरितमानस में भगवान राम के गुणों और उनके 14 साल के वनवास का वर्णन है।

### पचमढ़ी में आज आएंगे...

साथ बैठक करेंगे। शाम 4:30 बजे जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग सेशन में शामिल होंगे। लगभग 3 घंटे तक वे चर्चा करेंगे। डिनर जिलाध्यक्षों के साथ करेंगे। अगले दिन सुबह 11 बजे पचमढ़ी से भोपाल आकर दिल्ली चले जाएंगे।

### पुलिस और महाकाल...

राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव सहित कलेक्टर रौशन सिंह, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### राजगढ़-भोपाल सबसे...

तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि आने वाले पांच दिन तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है। उत्तरी हवाओं के चलते ठंड और बढ़ेगी, जिससे रात के तापमान में गिरावट बनी रहेगी। रात के अलावा दिन में भी ठंडक घुलने लगी है। शुक्रवार को भोपाल में दिन का तापमान 28.8 डिग्री, इंदौर में 28.1 डिग्री, ग्वालियर में 26.7 डिग्री, उज्जैन में 29.0 डिग्री और जबलपुर में 27.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दमोह, खजुराहो, मंडला, रीवा, सागर, सतना, उमरिया, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन को छोड़ दें तो बाकी शहरों में पारा 30 डिग्री से कम ही दर्ज किया गया।

## पेज 1 का शेष

### क्रांति प्रदेश ही नहीं...

के लिए छतरपुर में नया क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्रांति के पिता की नौकरी में बहाली के लिए अपील करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्रांति का खजुराहो व छतरपुर में भी स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि क्रांति केवल प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की बेटियों के लिए प्रेरणा है। क्रांति के माता-पिता मुन्ना सिंह गौड़ तथा नीलम सिंह गौड़ और कोच राजीव बिरथरे को अंगवस्त्रम और पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। अभिनंदन समारोह में मध्यप्रदेश खेल अकादमी की बालिकाओं ने क्रिकेटर क्रांति गौड़ से संवाद किया।

### योग और ध्यान...

आवश्यक है। हम, स्वयं से जो प्रतिबद्धता करें और माता-पिता की हमसे जो अपेक्षा हो, उसे पूर्ण करने के लिए प्राण-प्रण से प्रयास करना जरूरी है। निरंतर प्रयास से सफलता निश्चित है। क्रांति के कोच राजीव बिरथरे ने खेल अकादमी की बालिकाओं को अपने उज्जवल और सफल भविष्य के लिए नियमित व्यायाम-योग-फिटनेस और खान-पान के अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### *बीसीसीआई में ...*

*छूने की प्रेरणा दी है। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर आदि ने बधाई दी।*

### स्कूल, कॉलेज और...

देखभाल की जाएगी। आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था। वहीं, शीर्ष न्यायालय ने आदेश दिया कि न्यायमित्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जाए और वह उसके आदेश का हिस्सा होगी।

### मेनका गांधी बोलीं...

इन कुत्तों को उठाने के लिए आपको पचास शेल्टर चाहिए लेकिन जगह कहां हैं? अगर यह संभव होता तो हो जाता।

### आदेश सुन रोने...

इंसाफी नहीं होना चाहिए। उन्हें नहीं पता कि उनके साथ क्या होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत कुत्तों को उनके क्षेत्र से हटाना मना है, लेकिन इसे काटने की घटनाओं के आधार पर सही ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि जो हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### पकड़ी गई कालेधन...

जांच कर रही थी। जब टीम एसी कोच के पास पहुंची, तो एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। शक के आधार पर जब उसके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें नोटों के कई बंडल बरामद हुए। गिनती में रकम करीब एक करोड़ रुपए निकली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मुकुंद माधव, निवासी मोकामा, जिला पटना (बिहार) बताया। उसने कहा कि वह किसी परिचित के कहने पर यह नकदी लेकर यात्रा कर रहा था, लेकिन रकम के स्रोत और गंतव्य के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। अधिकारियों को शक है कि यह धनराशि हवाला कारोबार से जुड़ी हो सकती है और इसे चुनावी खर्च के लिए भेजा जा रहा था।

### बीना विधायक ...

आता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सभापति के समक्ष उनकी सदस्यता समाप्त करने की याचिका 16 महीने पहले प्रस्तुत की थी, लेकिन अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने आपत्ति उठाई कि यह याचिका विपक्ष के नेता द्वारा दायर की गई है, जिस पर चीफ जस्टिस ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा क्या विपक्ष का नेता याचिका नहीं लगा सकता? अदालत ने महाधिवक्ता की आपत्ति खारिज कर दी और सभापति से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'पाडी कौशिक रेड्डी बनाम तेलंगाना राज्य' और 'केशम बनाम मणिपुर राज्य' के मामलों में तीन माह के भीतर निर्णय देने के निर्देशों के बावजूद अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर 2025 को तय की है। इस बीच, हाल ही में शिवपुरी जिले के विजयपुर से दल-बदल कर चुनाव हारने वाले रामनिवास रावत के उदाहरण के बाद निर्मला सप्रे की राजनीतिक चिंताएं और गहराती दिख रही हैं।

### *10 दिन में 170 ...*

*गंगा की तरह शुद्ध पवित्र बनाना है। उत्तराखंड के यमुनोत्री से निकलने वाली यमुना हरियाणा से दिल्ली और उत्तर प्रदेश आकर बेहद प्रदूषित हो जाती है। ब्रज क्षेत्र में मांस-शराब की बिक्री पर बैन, गाय को राष्ट्र माता का दर्जा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि में भव्य मंदिर के साथ सनातन धर्म की एकजुटता जैसे मुद्दे भी उठाए जाएंगे। कथावाचक जया किशोरी भी इस मुहिम में शामिल होंगी। कवि कुमार विश्वास, द ग्रेट खली, अक्षरा सिंह, सुनील ग्रोवर जैसे कलाकार भी इस पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं। दावा है कि इस पदयात्रा में साध्वी ऋतंभरा, चिदानंद मुनि जी, स्वामी ज्ञानानंद महाराज, राजू दास महाराज हनुमानगढ़ी, सुधांशु जी महाराज, बालक योगेश्वर दास, मृदुल कांत शास्त्री और संजीव कृष्ण ठाकुर सहित बड़े साधु संत शामिल होंगे।*

### ठगों ने सांसद के...

जाली दस्तावेजों की मदद से अपराधियों ने उनके पुराने खाते की केवाईसी अपडेट कर दी। इसके बाद 28 अक्टूबर को खाते में दर्ज मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, जिससे उन्हें खाते पर पूरा नियंत्रण मिल गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार निकाली गई रकम को कई अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया गया, एटीएम से निकाला गया और यहां तक कि सोने के गहने खरीदने में भी इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि फर्जी केवाईसी प्रक्रिया के दौरान अपराधियों ने कल्याण बेनर्जी की तस्वीर का इस्तेमाल किया। लेकिन मोबाइल नंबर किसी और का लगाया गा था।

### बच्चों को रद्दी ...

भी इस कृत्य पर कोई आपत्ति नहीं जताई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच में विद्यालय प्रबंधन और स्वयं सहायता समूह की गंभीर लापरवाही साबित होने पर स्कूल प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, भोजन तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूह का अनुबंध रद्द कर दिया गया है। दो अन्य शिक्षकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिशंकर गर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, संबंधित समूह में पांच महिलाएं कार्यरत थीं, जिनमें से दो बाहर गई हुई थीं। शेष तीन महिलाओं ने बर्तन धोने से बचने के लिए बच्चों को सीधे कागज पर खाना परोस दिया। वीडियो में बच्चे जमीन पर बैठकर चावल और सब्जी कागजों पर खाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### जायद खान के गले ...

रहा है कि जरीन पिछले काफी समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से लड़ रही थीं। उन्होंने मुंबई स्थित अपने घर पर ही आखिरी सांस ली। अपनी पूर्व सास के अंतिम संस्कार पर ऋतिक रोशन भी पहुंचे। इसके अलावा उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए जया बच्चन, काजोल, बॉबी देओल, अली गोनी, रोनित रॉय, पूनम ढिल्लों और सोनल चौहान भी पहुंचीं।

### *संजय के हाथ में ...*

*थे। उन्होंने बताया था कि वह धूप की वजह से झुलसी हुई थीं। उस वक्त उन्होंने ऑफ-शोल्डर टॉप और थ्री-टियर स्कर्ट पहनी हुई थी। किनारे पर टहलते हुए संजय ने उन्हें अपनी जिंदगी की कहानी सुनाई, जिसे सुनकर वह मंत्रमुग्ध हो गईं थीं।*

### जरीन शानदार इंटीरियर...

ने संजय को काफी इम्प्रेस किया। और फिर दोनों ने शादी कर ली। इन्हें चार बच्चे सुजैन खान, सिमोन अरोरा, फराह अली खान और जायद खान हुए। जरीन एक शानदार इंटीरियर डिजाइनर और एक राइटर थीं, जो अपनी बुक 'फैमिली सीक्रेट्स: द खान फैमिली कुकबुक' के लिए जानी जाती थीं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**

**(पीठासीन अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव)**
**अपील प्रकरण क्रमांक 0059/ अपील / एस.डी.ओ./2025-26**

1- श्रीमती सावित्री बाई कुशवाह पत्नी श्री बाबूलाल कुशवाह आयु 63 वर्ष निवासी ग्राम बीलखेड़ी, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) .............अपीलार्थी

विरूद्ध

1-आशुतोष पटेल आ. श्री प्रवीण पटेल आयु लगभग 26 वर्ष निवासी ई-3, अरेरा कालोनी, 10 नंबर मार्केट, जिला भोपाल (म.प्र.)
2-श्री रवीन्द्र दहिया आ. श्री धरमपाल दहिया, आयु 43 वर्ष निवासी ग्राम जाटखेड़ी, होशंगाबाद रोड, जिला भोपाल (म.प्र.)
.................... प्रतिअपीलार्थीगण

अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में एक अपील न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील औबेदुल्लगंज, जिला रायसेन के प्रकरण क्रमांक 1122/अ-6/2024-2025 में पारित आदेश दिनांक 11/07/2025 के विरूद्ध म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत कर ग्राम बीलखेड़ी की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 88/1/1 रकबा 3.3300 हेक्टेयर, एवं खसरा नंबर 94 रकबा 0.96 एकड़ से सबंधित प्रस्तुत की है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक 14/11/2025 को दोपहर 12:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रकरण में समस्त तथ्यो के साथ पूर्ण जानकारी सहित उपस्थित होवे। अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आगामी कार्यवाही की जावेगी । आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एव पद मुद्रा से जारी।

**(चन्द्रशेखर श्रीवास्तव)**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुभाग गौहरगंज जिला रायसेन ( म.प्र)**

**SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI BEGAMGANJ, DISTT. RAISEN**

No. Nirman/25-26/651 Dated : 07.11.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chiet, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Increase of Height in Boundary wall at main mandi yard Begamganj. (Name & Place) of work 01 **Tender Number : 2025_MPSAM_461339_1 (PAC amount Rs. 15.71 Lac), The following works Tender to be received Online up to 5.30 PM on Dated 01.12.2025** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**
M.P. Madhyam/122893/2025 **SECRETARY**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर**

**क्र. 901/ लोक निर्माण/निविदा/2025** **रहली दिनांक 06.11.2025**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रहली को निम्नलिखित सामग्री/कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_461343_1 07-11-2025 | रहली महोत्सव (गौरव दिवस) आयोजन हेतु किराये पर टेंट हाऊस, लाईट, साऊंड एवं इवेन्ट मेनेजमेंट कार्य | 1- 03 दिवस 2- 40.00 लाख | 1- 5000.00 2- 30000.00 | 09-12-2025 |
| 2 | 2025_UAD_461344_1 07-11-2025 | ऑऊटडोर वॉल एल.ई.डी टी.वी. पी-4 सप्लाई एवं स्थापना कार्य | 1-01 माह 2- 20.00 लाख | 1- 2000.00 2- 15000.00 | 09-12-2025 |
| 3 | 2025_UAD 461345_1 07-11-2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत नेशनल फ्लेग पोल 30.5 मी. हाईट स्थापना कार्य | 1-01 माह 2- 6.34 लाख | 1- 2000.00 2- 6400.00 | 22-11-2025 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(देवराज सोनी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद रहली**
**जिला सागर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद रहली**
**जिला सागर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्र. 04 (यांत्रिक विभाग)**

क्रमांक/55/ यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक 07.11.2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1. | 2025_UAD_461188_1 | CONSTRUCTION OF NALAH NEAR GOLDEN SHADI HALL AT PAIGA PARKING WARD -20, ZONE -04 | 7.20 | 21-Nov-2025 | 17:30 PM |
| 2. | 2025_UAD_461125_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT TELI WALI GALI MANDI ROAD WARD- 20, ZONE- 04 | 8.04 | 21-Nov-2025 | 17:30 PM |

नियम व शर्तें :-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत mptenders.gov.in जानकारी पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र.2637/025/026

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**जोन क्र. 04**
**नगर निगम भोपाल**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

Kurl-on | Sleepwell | Springwel | Foam & Mattress
Product Range Available
GUPTA DECOR & FURNISHING
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
CONTACT US 9009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुतली कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** - आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** - आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** - आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** - अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6041

**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 6040 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6051

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6050 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# पुराने भोपाल के लिए ट्रैफिक का कोई प्लान नहीं, पब्लिक बुरी तरह परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पुराने भोपाल के लिए ट्रैफिक का कोई प्लान नहीं है, पब्लिक बुरी तरह परेशान हो रही है। रॉयल मार्किट पर सिग्नल नही होने से जाम लगता है तो मोती मस्जिद वाली रोड बंद होने से यातायात का दबाव बढ़ा हुआ है।

ट्रैफिक पुलिस ध्यान आमजनता की ओर नहीं, वहीं दूसरी तरफ उनका पूरा ध्यान वीआईपी व्यवस्था में लगा हुआ है। अगर पुलिस प्रशासन पुराने शहर के ट्रैफिक प्लान पर थोड़ा भी ध्यान दे तो आम जनता को परेशानी से काफी हद तक राहत मिल जाएगी।

## बाजार में दुकानदारों द्वारा किया गया दुकानों का अतिक्रमण बढ़ाता है समस्या को


लोहा बाजार

### ट्रैफिक जाम की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जिससे लोग काफी परेशान हैं

यह कहना हैं पुराने के बाजारों में व्यवसायरत व्यापारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों का। यहां के व्यापारियों के अनुसार जुमेरती गेट और जैन मंदिर चौराहा पर गंभीर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे ग्राहकी पर गंभीर असर पड़ता है, इससे निजात पाने की आवश्यकता है। बाजार में दुकानदारों द्वारा किया गया दुकानों का अतिक्रमण समस्या को बढ़ाता है। भोपाल व्यावसायी महासंघ के राकेश अग्रवाल ने कहाकि पुराने भोपाल के लिए ट्रैफिक का कोई प्लान नहीं है। यातायात पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए विशेष योजनाएं लागू करती है, जैसे कि त्योहारों के दौरान भारी वाहनों के लिए नो-एंट्री या पार्किंग नियमों में बदलाव। मगर पुराने शहर के बाजारों को ट्रैफिक की समस्या से उबारने के लिए के कोई प्लान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पुराने के बाजारों में एमपी नगर पार्किंग को व्यवस्था होनी चाहिए। वहीं चौक बाजार के नवनीत अग्रवाल ने कहाकि पुराने भोपाल में ट्रैफिक जाम की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जिससे लोग काफी परेशान हैं। सड़क चौड़ीकरण, जलभराव और अनधिकृत अतिक्रमण जैसे कारण इस समस्या को और बढ़ा रहे हैं।

## व्यापारियों के साथ हुई ट्रैफिक जाम-अतिक्रमण पर चर्चा


समझाइश


बैठक में व्यापारी

भोपाल व्यावसयी महासंघ के तत्वावधान में शुक्रवार को पुराने शहर में ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण हटाने के संबंध में एसीपी ट्रैफिक के साथ मीटिंग हुई। जिसमें एसीपी ट्रैफिक विजय दुबे, काशीराम कुशवाह थाना प्रभारी कोतवाली, अभिषेक जैम अब्बू, अध्यक्ष चौंक बाजार व्यापारी संघ, अखिलेश अग्रवाल सचिव श्री सर्राफा एसोसिएशन एवं क्षेत्र के व्यापारी गण उपस्थित रहे। बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था एवं अतिक्रमण हटाने पर चर्चा हुई। साथ ही भोपाल व्यावसयी महासंघ द्वारा लोहा बाजार में गार्ड व्यवस्था फिर से शुरू करने पर सभी ने सराहनीय काम की प्रशंसा की। इसी प्रकार अन्य बाजारों में भी गार्ड व्यवस्था शुरू करने पर जोर दिया गया, पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग करने पर सहमति जताई।

### टैक्स लॉ बार एसो.की कार्यशाला में चार्टर्ड अकाउंटेंट संजीव ने कहा

# जीएसटी वार्षिक विवरणी में ऐसी जानकारी मांगी जा रही है जो जीएसटी कानून में नहीं है

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा अपने सदस्यों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसे वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट संजीव मंगल ने संबोधित किया। उपस्थित कर सलाहकारों को उन्होंने सलाह दी, कि जीएसटी की वार्षिक विवरणी 2 करोड़ से कम वार्षिक व्यवसाय करने वालों के लिए अनिवार्य नहीं है, परंतु उन्हें इसे अवश्य भरना चाहिए। जिससे वर्ष भर में किए गए खरीदी बिक्री का मिलान हो जाता है एवं अंतर पाए जाने पर सुधार के उपाय किए जा सकते हैं, अन्यथा नोटिस आने के बाद ज्यादा कर एवं ब्याज देना पड़ सकता है ।



कार्यशाला

### जीएसटी वार्षिक विवरणी में पहले ऐसा नहीं था

जीएसटी वार्षिक विवरणी में पोर्टल द्वारा कुछ जानकारी ऐसी भी मांगी जा रही है जो जीएसटी कानून में वर्णित नहीं है। उन्होंने बताया कि एक नया संशोधन यह है कि अगर वार्षिक विवरणी भरने में कर की देनदारी बनती है तो उसे जमा करने के बाद ही विवरणी जमा की जा सकेगी पहले ऐसा नहीं था । विभाग द्वारा सुविधा के लिए जारी किए गए प्रश्न उत्तरों में व्यापारियों एवं सलाहकारों की काफी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया गया है एवं पिछले फॉर्म में की गलतियों को भी सुधारा गया है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य शंकर वसंता, भूपेश खुरपिया मौजूद रहे ।

### यूनाइटेड फोरम ने वित्त मंत्री के वक्तव्य का किया विरोध

# पदाधिकारी बोले- बैंक ही भारत की आर्थिक रीढ़ है, इन्हें बेचने का कोई औचित्य नहीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंकों के निजीकरण पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के हालिया बयान को लेकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों के अधिकारी और कर्मचारी संगठनों का तीखा बयान और विरोध शुरू हो गया है। वित्तमंत्री के अनुसार सरकार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन 'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका खत्म नहीं होगी।

इस बयान के बाद यह स्पष्ट है कि सरकार निजीकरण को संतुलित रूप में लागू करना चाहती है यानि कुछ चुनिंदा बैंकों का निजीकरण तो होगा, लेकिन पूरे बैंकिंग सेक्टर का नियंत्रण सरकार अपने पास ही रखेगी। जानकारी के अनुसार सरकार की प्राथमिकता दक्षता, जवाबदेही और तकनीकी सुधार बढ़ाने की है। गौरतलब है कि बैंक यूनियनों ने इस पर कड़ा विरोध जताया है, उनका कहना है कि निजीकरण से ग्रामीण और गरीब वर्ग की बैंकिंग पहुंच प्रभावित होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का फोकस अब पब्लिक - प्रायवेट वैलेंस मॉडल पर है। जहां सरकारी निगरानी और निजी प्रबंधन, दोनों साथ चलें। यह फैसला न सिर्फ बैंकिंग सेक्टर बल्कि रोजगार, सेवाओं और जनता के भरोसे से भी जुड़ा है। यूनाइटेड फोरम के अनुसार निजी बैंक लाभ केंद्रित होते हैं और ग्रामीण या अलाभकारी क्षेत्रों से किनारा कर लेते हैं। यदि निजीकरण को आगे बढ़ाया गया तो, ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वित्तीय बहिष्करण बढ़ेगा। सरकारी योजनाओं जैसे जनधन, डीबीटी, पेंशन, मनरेगा भुगतान पर असर पड़ेगा। कर्मचारियों की नौकरी असुरक्षित होगी, आरक्षण प्रणाली और ट्रेड यूनियनों के अधिकार सीमित होंगे। एआईबीओसी के राष्ट्रीय महासचिव रूपम राय ने कहा कि फोरम का स्पष्ट मत निजीकरण राष्ट्रीय एवं सामाजिक हित विरुद्ध है यह वित्तीय समावेशिता को कमजोर करेगा एवं सार्वजनिक धन की सुरक्षा को खतरे में डालेगा।

## भारत की आर्थिक आत्मा पर आघात

बैंकिंग केवल मुनाफे का कारोबार नहीं, यह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कमजोर करने का कोई भी प्रयास भारत की आर्थिक आत्मा पर आघात होगा।

**सुबीन सिन्हा**, प्रदेश अध्यक्ष एआईबीओसी मप्र

### जनता से विश्वासघात होगा

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने ही हर संकट में देश को संभाला है चाहे वह आर्थिक मंदी हो या कोविड महामारी। इन्हें कॉर्पोरेट घरानों के हाथों में सौंपना जनता के विश्वास से विश्वासघात होगा।

**दिनेश झा, प्रदेश** सचिव, एआईबीओसी मप्र

### बैंक कमजोर वर्गों की है जीवनरेखा

हमारे सार्वजनिक बैंक किसानों, मजदूरों, लघु उद्योगों, छात्रों और कमजोर वर्गों की जीवनरेखा हैं। इन्हें बेचने का कोई औचित्य नहीं। हम बैंक कर्मचारियों, जमाकर्ताओं और आम जनता के साथ मिलकर इन बैंकों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

**संजीव मिश्रा**, महासचिव, एसबीआईओए

### बैंक मुनाफाखोरी का माध्यम बनेंगे

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक राष्ट्रीय संपत्ति हैं। हम इन्हें बिकने नहीं देंगे। वित्तीय समावेशन, ग्रामीण विकास और सामाजिक बैंकिंग जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों की पूर्ति केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ही कर सकते हैं।

**अनिल श्रीवास्तवए** अध्यक्ष, एसबीआईओए

## खबर संक्षेप

### इंडसइंड और इंवेस्को ने किया संयुक्त उद्यम का गठन

**मुंबई।** इंडसइंड बैंक के प्रवर्तक इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड और इन्वेस्को लिमिटेड ने घोषणा की, कि अपने परिसंपत्ति प्रबंधन संयुक्त उद्यम का गठन पूरा कर लिया है। आईआईएचएल द्वारा सभी नियामक अनुमोदनों और समापन शर्तों के बाद इन्वेस्को एसेट मैनेजमेंट इंडिया में 60 फीसदी स्वामित्व हिस्सेदारी का अधिग्रहण कियाहै। शेष 40 फीसदी हिस्सेदारी इन्वेस्को के पास रहने के साथ आईआईएचएल और इन्वेस्को दोनों नियामक ढांचे के तहत संयुक्त प्रायोजक का दर्जा प्राप्त करेंगे।

### ऋतिक बने राकेश मसाला के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** विश्वसनीय मसाला और फूड प्रोडक्ट ब्रांड्स में से एक राकेश मसाला ने घोषणा की है ऋतिक रोशन अब इसके आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर होंगे। राकेश मसाला के निदेशक अजय कुमार ने कहाकि ऋतिक गर्मजोशी और विश्वसनीयता का एक अनोखा संगम हैं, जो हमारे ब्रांड की यात्रा को खूबसूरती से प्रतिबिंबित करता है। इस ऐतिहासिक साझेदारी के साथ, ब्रांड अपने पांच दशकों के उत्तम स्वाद को भारत के सबसे प्रिय सितारों में से एक के आकर्षण के साथ जोड़ता है।

### आरसीएम की रूपांतरण यात्रा 10 को भोपाल में

**भोपाल।** आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जिसमें अब तक देश के 20 शहरों में एक लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं, 10 नवंबर को भोपाल पहुंचेगी। 16 सितंबर 2025 को राजस्थान के भीलवाड़ा से आरसीएम के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू हुई। यह यात्रा सभी अपेक्षाओं से आगे निकल चुकी है और अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। भोपाल में यह भव्य आयोजन अवधपुरी हेलिपैड ग्राउंड, भोपाल पर आयोजित किया जाएगा।

### एयर प्यूरीफायर पर 40 फीसदी तक की छूट

**बेंगलुरु।** अमेजन ने एयर प्यूरीफिकेशन सॉल्यूशंस को और भी आसान बना दिया है, जहां फिलिप्स, हनीवेल, यूरेका फोर्ब्स, डायसन, कोवे और लेवॉइट जैसे ब्रांड्स के कई विकल्प उपलब्ध हैं। इनकी कीमतें 4,999 रुपए से शुरू होकर 40 फीसदी तक की छूट, बैंक ऑफर और देशभर में तेज डिलीवरी के साथ मिल रही हैं। अमेजन इंडिया के होम, किचन और आउटडोर्स विभाग के निदेशक केएन श्रीकांत ने कहा कि हम देख रहे हैं कि ग्राहक अब अपने घरों और कार्यस्थलों में सेहत को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### व्यापारी हितों के लिए कैट की अनूठी पहल

# साइबर सुरक्षा, स्वदेशी अभियान और महिला उद्यमिता पर बनेगी नई कार्ययोजना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारियों की संस्था कंफेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के पदाधिकारियों ने बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों और आगामी अभियानों पर चर्चा की हुई। मध्यप्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने की। इस मौके पर खंडेलवाल ने कहा कि कैट पूरे देश में व्यापारियों और आम नागरिकों के हित में चार सूत्रीय प्रमुख अभियान शुरू करने जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से जनसेवा के लिए सीएससी साझेदारी, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा अभियान, महिला उद्यमिता 'व्यापार सखी' कार्यक्रम, स्वदेशी अभियान और ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियंत्रण शामिल है।

बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता, पूर्व सीजीएसटी आयुक्त नवीन गोयल, जिला मुख्यालय राजीव खंडेलवाल, सुनील जैन (501), गोविंददास असाटी, एवं सीएआईटी भोपाल धर्मेन्द्र शर्मा सहित अन्य प्रमुख उपस्थित रहे। यह बैठक व्यापार जगत के हितों की दिशा कैट में हुई के आगामी रोडमैप और जनहितकारी अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



मप्र कार्यसमिति की बैठक

### कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की प्रमुख चार सूत्रीय अभियान

- कैट ने सरकार के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) के माध्यम से आम सुविधाएं शहरों से लेकर गांव-गांव तक पहुंचाई जाएंगी। इस पहल से व्यापारी वर्ग को डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने में मदद मिलेगी।
- देश में बढ़ते साइबर फ्रॉड के मद्देनजर कैट व्यापारियों को जागरूक करने के लिए देशव्यापी अभियान चलाएगा। इसमें बताया जाएगा कि फ्रॉड से कैसे बचें और घटना के बाद तत्काल क्या कदम उठाएँ। साथ ही, व्यापारियों से साइबर इंश्योरेंस कराने का भी आग्रह किया गया।
- कैट देशभर में महिलाओं को स्वावलंबी और उद्यमी बनाने के लिए 'व्यापार सखी' कार्यक्रम प्रारंभ कर रहा है। इसके तहत बड़े स्तर पर प्रशिक्षण एवं आयोजन किए जाएंगे।
- आठ और 9 नवंबर को कैट, स्वदेशी जागरण मंच सहित कई संगठनों ने स्वदेशी को बल देने का संकल्प लिया है। इसके तहत मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में स्वदेशी रथ यात्रा आयोजित की जाएगी,ताकि भारतीय उत्पादों के प्रयोग को प्रोत्साहन दिया जा सके।
- ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी, विशेषकर फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में, छोटे व्यापारियों के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। कैट सरकार से मांग करेगा कि कानूनी व्यवस्था और फ्रेंचाइज लॉ लागू किया जाए, ताकि बड़ी कंपनियों की मनमानी पर रोक लग सके।

## बिजनेस न्यूज

### एलएन मेडिकल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क हेल्थ कैंप



**भोपाल।** गुरुनानक जयंती के पावन अवसर पर एलएन मेडिकल कॉलेज और जेके हॉस्पिटल भोपाल ने समाज सेवा की एक अनोखी मिसाल पेश की। राजधानी के अरेरा कॉलोनी ई-4 स्थित गुरुद्वारे में एक डायग्नोस्टिक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग और आहार विशेषज्ञों ने गुरुद्वारा सेवादारों का निःशुल्क परीक्षण किया। कैंप में आए स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ और आहार विशेषज्ञ ने गुरुद्वारा सेवादारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कई सेवादारों को आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित की गईं और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया।

### आईडीबीआई बैंक ने शुरू की सुगम ऋण भुगतान योजना


**भोपाल।** आईडीबीआई बैंक ने रिकवरी बढ़ाने के लिए स्पेशल वन टाईम सैटेलमेंट (ओटीएस) स्कीम, 'सुगम ऋण भुगतान योजना- II शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत 31 मार्च, 2022 तक रिटेल एनपीए की श्रेणी में रखे गए कर्जों को शामिल किया गया है, जिनका कर्जदार के आधार पर सकल मूल बकाया (जीपीओ) 5 लाख रुपये या उससे अधिक तथा 5 करोड़ रु. तक है। यह अभियान बैंक के उन कर्जदारों को वन टाईम सैटेलमेंट करने का अवसर प्रदान कर रहा है।

### कोटक म्यूचुअल फंड ने लांच किया कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लांच करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी। यह स्कीम 6 से 20 नवंबर 2025 तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी।

### शक्ति समूह आत्मनिर्भर भारत व विकसित मप्र @2047 में योगदान के लिए प्रतिबद्ध

**इंदौर।** शक्ति ग्रुप के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस विशेष अवसर का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। शक्ति ग्रुप चेयरमैन पाटीदार ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश सरकार को उसकी दूरदर्शी पहल के लिए बधाई देता हूं और एक विकसित और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में राज्य के प्रगतिशील रोडमैप की सराहना करता हूं। शक्ति समूह राज्य के सतत विकास और आत्मनिर्भर भारत' तथा 'विकसित मध्य प्रदेश @2047' के साझा दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।



### एक्सिस बैंक का राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का 13वां संस्करण शुरू

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने कला, शिल्प और साहित्य पर अपनी वार्षिक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के 13वें संस्करण, स्प्लैश 2025 के शुभारंभ की घोषणा की है। एक्सिस बैंक के ब्रांड दर्शन - दिल से खुला से प्रेरित, इस वर्ष का विषय ड्रीम्स युवा दिमागों को अपनी कल्पना और रचनात्मकता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। प्रतिभागी 31 दिसंबर 2025 तक पर पंजीकरण कर सकते हैं और अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

### बजाज ने 23 लाख नए ग्राहक जोड़े

**मुंबई।** निजी क्षेत्र की नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्था और बजाज फिनसर्व समूह का हिस्सा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी अधिक संख्या में और 29 फीसदी अधिक मूल्य के उपभोक्ता कर्ज वितरित किए हैं। बजाज फाइनेंस ने 22 सितंबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच लगभग 63 लाख कर्ज वितरित किए। इस अवधि में कंपनी ने 23 लाख नए ग्राहक जोड़े, जिनमें से 52 फीसदी न्यू-टू-क्रेडिट थे।

### पांच दिवसीय महोत्सव 11 को

**भोपाल।** पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का महामहोत्सव दद्दाजी धाम परिसर में 9 से 13 नवंबर, 2025 तक बड़े श्रद्धा के साथ आयोजित होगा। यह पांच दिवसीय महोत्सव देशभर से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं, संतों, आध्यात्मिक आचार्यों और विशिष्ट अतिथियों को एक सूत्र में बांध देगा। मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार 11 नवंबर को प्रातः 10 बजे से दद्दाजी धाम, कटनी में विधिवत होगा।

## एसआरएम विवि द्वारा डॉ. अच्युत सामंत मानद डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

शिक्षा, सामाजिक परिवर्तन और निःस्वार्थ योगदान के लिए कीट-कीस और कीम्स के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत द्वारा मानद डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विवि के तीसरे दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर यह मानद उपाधि डॉ. सामंत को प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. टीआर पारिवेंधर, संस्थापक कुलाधिपति, एसआरएम आईएसटी चेन्नई, प्रो. परमजीत एस. जसवाल, कुलपति, एसआरएम विश्वविद्यालय सोनीपत , प्रो. वी. सैमुअल राज, रजिस्ट्रार आदि दीक्षांत समारोह में उपस्थित थे।

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय
टीआरडी शाखा भोपाल
सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./461 दिनांक 06/11/2025

**खुली ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेण्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेण्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/461 **कार्य का विवरण:** भोपाल डिवीजनः भोपाल डिवीजनः (ए) ओएचई आल्टरेशन वर्क डयू टू रि-गेर्डरिंग ऑफ नर्मदा ब्रिज डाउन रोड (मिडिल लाइन) एट किमी 766/16-46 ऑन इटारसी भोपाल सेक्शन (इलेक्ट्रिकल टीआरडी वर्क) (बी) ओएचई वर्क फॉर चोका-मिड घाट रिप्लेसमेंट ऑफ गर्डर ऑफ गडरिया ब्रिज टू रिमूव इन्फ्रिन्ज्मेंट फॉर मूवमेंट ऑफ डीएसडीसी ट्रेन। **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 09 Month. **अनुमानित लागत रू.** 53,68,242.00 **ईएमडी रू. में** 1,07,400.00 **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समयः** 28/11/2025 at 11.00 Hrs.

कृते वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर
टीआरडी/भोपाल

410/2025

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।

प्रारूप-दस
(नियम 7 देखिये)

**न्यायालय अपर तहसीलदार, नजूल, तहसील टी.टी. नगर, ज़िला भोपाल म.प्र.
(सुनीता देहलवार)
तहसील:- टी.टी. नगर जिला:- भोपाल**

**सार्वजनिक नोटिस**
जावक क्रमांक......
**मामला क्रमांक. 0230/अ-6/2025-26**

एतद् दवारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 12/11/2025 को बजे स्थान टी.टी. नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची-

आवेदकगण- श्रीमती कुसुम तिवारी पत्नी स्वर्गीय श्री डी.बी. तिवारी एवं श्रीमती स्मिता तिवारी पत्नी श्री कार्तिकेय तिवारी निवासी सर्वधर्म कोलार रोड भोपाल द्वारा ग्राम-बरखेड़ीकला कि भूमि खसरा न.23 में से 0.162 है. का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गया है।

आज दिनांकः को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**सुनीता देहलवार
नायब तहसीलदार राज.
परि.टी टी. नगर भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-1 कदवाया, परगना - ईसागढ़
जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

क्र./क्यू/री.-1/2025/120 दिनांक 27.10.2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य प्रबंधक, गेल (इंडिया) लिमिटेड, विजयपुर, गुना द्वारा ग्राम ईंदोर स्थित भूमि सर्वे नंबर 180/3/1, 182/2, 183 में रकबा 0.500 हे० भूमि पर पाईपलाईन प्रोजेक्ट अंतर्गत सब स्टेशन के निर्माण हेतु भूमि आवंटन किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

उपरोक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित रूप में नियत सुनवाई दिनांक 18.11.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.10.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार
तहसील ईसागढ़**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक/लो.नि.शा./ई./14359 बैतूल दिनांक 06/11/2025

**// ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना //
(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_461041_1 | Supply of Electrical Material Municipal Council at Betul | 1- 365 Days<br>2- 2000000/- | 1- 5000/-<br>2- 15000/- | 08/12/2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल**

**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-रायसेन (म.प्र.)**

Teliphone No. 07482-222053 Email id horti.raisen@mp.gov.in

क्रमांक/निविदा/उद्यान/भंडार/2025-26/1423-24 रायसेन, दिनांक 4/11/25

**// अल्प कालीन विज्ञप्ति //**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उद्यान रोपणी वेरसला विकासखंड उदयपुरा जिला रायसेन के आंवला फलबहार का विक्रय निविदा प्रक्रिया द्वारा किया जाना है। फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति / संस्था दिनांक 03.12.2025 दिन बुधवार को समय दोपहर 12:00 बजे से समय 3:00 बजे तक उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान रोपणी वेरसला विकासखंड उदयपुरा में उपस्थित होकर अपनी निविदा, निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा फार्म के साथ क्रेता को राशि रुपएं 2000/- (दो हजार रुपएं) अग्रिम धरोहर नगद जमा करना होगा। निविदा उसी दिन समय 3:00 बजें निविदा कताओं के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा डालने के पूर्व शासकीय उद्यान में फलबहार का अवलोकन कर सकते है, एवं संतुष्टि के उपरांत ही निविदा, निविदा बाक्स में डालें। निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उद्यान अधीक्षक, से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

**आंवला शा.उ.रोपणी विकासखंड वेरसला के फलबहार का विवरण**

| क्र. | नाम किस्म | पूर्ण फलन की स्थिति | अर्द्ध फलन की स्थिति | बगैर फले | कुल संख्या | औसत उत्पादन अनुमानित क्विंटल में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंवला फलबहार | 05 | 10 | 235 | 250 | 2 से 4 क्विंटल |

**सहायक संचालक
उद्यान जिला रायसेन (म.प्र.)**

जी - 21142/25 स्वच्छता ही सेवा

**OFFICE OF THE NAGAR NIGAM DHAMTARI CHHATTISGARH**

**DETAILED NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)**

SYSTEM TENDER NO/178841/NIT NO: 309 Dated 04/11/2025

Online tenders are invited by the COMMISSIONER, Dhamtari for the following work in Form ₹A₹ for PERCENTAGE RATE TENDER AND CONTRACT FOR WORKS from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc. have been mentioned in the tender documents.

| Name of work | Probable amount of contract (Rs. in Lakh) | Earnest money (Rs. in Lakhs) | Time allowed for completion | Cost of Tender Document (in Rupees) | Validity ofthe Bid (From the last date of bid submission) | Class of the Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Revamping Material of Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Dhamtari, Chhattisgarh | Rs 479.68 Lakh | Rs 2.40 Lakhs | Construction Period 06 months (from the date of issuing of Work Order) including rainy season.. Trial run 03 months. | 10000.00 (Rupees Ten Thousand only) | 120 days | In Class 'B' or above registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD |

On-Line Bid Submission Last Date **24/11/2025.** Time **5:30**pm

**COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION
DHAMTARI (C.G.)**

## चिंतन

# अब देश की रक्षा में तैनात फाइटर जेट भी होंगे स्वदेशी

पूरी दुनिया ने देखा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत पाकिस्तान पर कई गुणा भारी पड़ा। पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमारे जवानों ने आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया। लाहौर और रावलपिंडी तक भारतीय हमलों की गूंज सुनाई दे रही थी। हमारी ड्रोन तकनीक पाकिस्तान की चीन से ली गई वायु प्रतिरक्षा प्रणाली पर कहीं ज्यादा भारी पड़ी। हमारे ड्रोन मौत बनकर सीधे दुश्मन की फौजी छावनियों के ऊपर मंडरा रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को तुर्किये और चीनी ड्रोन बेड़े के जरिये निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन एक भी प्रयास सफल नहीं हो पाया। उसने सैकड़ों ड्रोन एक साथ भेजे, परंतु स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली आकाशतीर ने उन्हें विफल कर दिया। भारतीय वायु प्रतिरक्षा प्रणाली का कमाल ही कहा जाएगा कि कोई पाकिस्तानी ड्रोन चंडीगढ़ अथवा दिल्ली तक नहीं पहुंच सका और उन्हें सीमा के निकट ही ध्वस्त कर दिए गए। जब 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने बड़े हमले की मंशा से ड्रोन के साथ उन्नत फतह श्रेणी की मिसाइलें दागी गईं तो हमने उन्हें भी नाकाम कर दिया और इसके कुछ ही मिनट में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन सभी वायु सैनिक अड्डों को निशाना बनाया, जहां पर उन्नत श्रेणी के अमेरिकी एफ-16 और चीनी जेफ-17 विमान थे। भारत ने उस एयरबेस को भी तबाह कर दिया, जहां तुर्किये के ड्रोन का बड़ा बेड़ा था और जिसके जरिये पाकिस्तान बड़े ड्रोन हमले कर रहा था। यदि पाकिस्तान को अमेरिका और चीन से मिले अति उन्नत लड़ाकू विमानों, चीनी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली और तुर्किये से मिले ड्रोन के बावजूद मुंह की खानी पड़ी तो यह हमारी अद्भुत सैन्य सामर्थ्य ही था और इसमें सबसे बड़ा योगदान था हमारी स्वदेशी तकनीक का। भारत की विजय मात्र पाकिस्तान पर ही नहीं, अपितु अमेरिकी, चीनी और तुर्किये की हथियार तकनीक पर भी है। इस युद्ध के दौरान आकाश जैसी स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली ने शानदार काम किया। पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने होने दिया। इसी कामयाबी से आगे बढ़ते हुए अब भारत स्वदेशी जेट के निर्माण की और कदम बढ़ा रहा है। अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। कि जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। इसके बाद तेजी से इस पर काम शुरू होने की संभावना है। इसके निर्माण में सबसे खास बात यह है कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। भले ही हाल-फिलहाल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भले ही रूस से एस-400 खरीदा जाए या किसी अन्य देश से कुछ और, लेकिन इरादा साफ होना चाहिए कि है कि भविष्य में जो भी रक्षा उपकरण चाहिए उसका निर्माण देश में ही होगा। तभी देश आत्मनिर्भर होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ.जयंतीलाल भंडारी

# विकास के लिए नए सुधार जरूरी

**पिछले एक दशक में भारत अपने आर्थिक, वित्तीय और अन्य सुधारों के दम पर वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से आगे बढ़ा है और भारत की घरेलू खपत भी भारत की आर्थिक शक्ति बन गई है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है।**

हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स में अपने व्याख्यान में कहा कि इस वर्ष कर संरचना को सरल बनाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा आयकर सुधारों के बाद अब सरकार अगली पीढ़ी के सीमा शुल्क सहित अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से काम कर रही है। इसी के आधार पर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में भारत अपने आर्थिक, वित्तीय और अन्य सुधारों के दम पर वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से आगे बढ़ा है और भारत की घरेलू खपत भी भारत की आर्थिक शक्ति बन गई है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आथिर्क अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। इसी तरह एसबीआई कैपिटल मार्केट्स की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय वैश्विक व्यापार की चुनौतियों और ट्रंप के 50 फीसदी उच्च टैरिफ के चलते भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही यानी अक्टूबर से मार्च के बीच मजबूत घरेलू खपत और सरकार के पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था को सहारा देते हुए दिखाई देंगे। निश्चित रूप से इस समय जीएसटी सुधारों से भारत की घरेलू खपत तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पिछले दिनों दिवाली के त्योहारी बाजार में बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर रही है। ई-कॉमर्स ने दमदार उछाल दर्ज की है। जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप के तहत जीएसटी के चार टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब में बदलाव ने त्योहारी बाजार को नई उर्जा दी हैं। जीएसटी की दरों के साथ-साथ आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत प्राप्त हुई है। इससे देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ खरीदी का बचत उत्सव मनाते हुए दिखाई दिए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि अक्टूबर 2025 में भारत का फाइनेंशियल वेलबीइंग इंडेक्स (एफडब्ल्यूबीआई) 110.3 तक पहुंच गया है, जो वैश्विक औसत 103.6 से ज्यादा है। इसके साथ ही उपभोक्ता विश्वास भी पिछले साल से 8 अंक बढ़ा है, जो 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक जहां वर्ष 2023 में दिवाली के त्योहारी बाजार में 3.75 लाख करोड़ रुपये और वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी हुई थी, वहीं इस बार त्योहारी सीजन के तहत खरीदारी पांच लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। इस बार दिवाली पर देश में लोगों की क्रय शक्ति बढ़ने और अमेरिका में डॉलर की वैल्यू घटने से इस साल त्योहारी सीजन में चांदी और सोने का भाव भी रिकॉर्ड स्तर पर रहे हैं। डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। शेयर




बाजार का ग्राफ बढ़ा है। विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के स्तर पर रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप इस समय औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई दे रहा है। मांग व उत्पादन बढ़ने से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है। लेकिन अब जीएसटी और आयकर सुधार के साथ कुछ और सुधारों पर भी ध्यान दिया जाना होगा। पेट्रोल और डीजल को भी जीएसटी व्यवस्था में शामिल करने की तैयारी करनी होगी। एक बार जब पेट्रोल और डीज़ल को जीएसटी प्रणाली में शामिल कर लिया जाएगा, तो इनके उपभोक्ताओं को तो लाभ होगा ही, लेकिन इनका उपयोग करने वाली प्रत्येक कंपनी को भी लाभ होगा, क्योंकि वे इन उत्पादों पर दिए गए कर को अपने अंतिम कर भुगतान के विरुद्ध समायोजित कर लाभ ले सकेंगी। अब जीएसटी कर मूल्यांकन प्रणाली को व्यवस्थित करना भी आवश्यक है। इस बात पर ध्यान देना होगा कि जिस प्रकार इनकम टैक्स मूल्यांकन प्रणाली अब पूरी तरह से ऑनलाइन हो चुकी है और इसमें आम तौर पर किसी मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती, वैसा ही अब जीएसटी प्रणाली को पूरी तरह ऑनलाइन और फेसलेस बनाने के लिए आगे बढ़ाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि लोगों के जीवन को आसान बनाने व आर्थिक मजबूती के लिए अब सरकार को आगामी पीढ़ी के सुधार एजेंडा पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। सरकार को कृषि, बैंकिंग, श्रम, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। डिजिटलीकरण से वित्तीय समावेशन में मदद बढ़ाना होगी। घरेलू बाजार को और मजबूत बनाने के मद्देनजर लॉजिस्टिक लागत घटाने के लिए नई लॉजिस्टिक नीति के अनुरूप तेजी से आगे बढ़ना होगा। इनके साथ-साथ विनिवेश पर नए सिरे से जोर देने की आवश्यकता है। देश में विनिवेश एक नया नहीं बल्कि पुराना एजेंडा है। सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान एक नई रणनीतिक विनिवेश नीति की घोषणा की थी। इस नीति के मुताबिक सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में अपनी मौजूदगी न्यूनतम करेगी। इस बारे में कुछ रणनीतिक क्षेत्रों की ओर ध्यान दिया जाना होगा। इनमें बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि प्रमुख हैं। साथ ही सरकार को गैर रणनीतिक क्षेत्रों के सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण या उन्हें बंद किए जाने के मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि विनिवेश से प्राप्त राशि का एक हिस्सा सार्वजनिक ऋण की अदायगी में भी उपयोग किया जा सकता है। ऐसे में सरकार पर ब्याज भुगतान का बोझ कम होगा और राजकोषीय गुंजाइश बढ़ेगी। ऐसी स्थिति सरकार और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगी। उम्मीद करें कि अब सरकार जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों के बाद आगामी पीढ़ी के सुधारों के लिए तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे देश विकसित भारत की डगर पर आगे बढ़ेगा। उम्मीद करें कि देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जहां सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों की ओर तेजी से आगे बढ़ेगी, वहीं पूरे देश में और अधिक करोड़ों लोग स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बनाएंगे तथा इससे देश आत्मनिर्भरता की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। उम्मीद करें कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच नए आर्थिक सुधारों से लगातार आगे बढ़ रहे भारत में विकास तथा प्रति व्यक्ति आय में और तेजी से वृद्धि होगी और इससे अर्थव्यवस्था के साथ आम आदमी की मुस्कुराहट भी बढ़ती हुई दिखाई देगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

---

## आधी आबादी
डॉ. मोनिका शर्मा



# बिहार चुनाव : अपने मत मायने समझती स्त्रियां

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में आधी आबादी ने जमकर मतदान किया। कई क्षेत्रों में तो महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया है। पहले चरण की 121 सीटों पर हुई बंपर वोटिंग में महिला वोटरों का उत्साह राजनीति के समीकरण बनाने और बिगाड़ने वाला प्रतीत होता है। इतना ही नहीं, शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, मतदान केन्द्रों पर लगी स्त्रियों की लंबी कतारें एक नागरिक के तौर पर अपने मत के मायने समझने का भी द्योतक बनीं हैं। व्यापक रूप से देखा जाय तो महिलाओं की यह भागीदारी कई मायने में शिक्षा, सजगता और सामाजिक भूमिका में आ रहे सकारात्मक बदलावों का भी परिणाम है। दरअसल, जीवन की बेहतरी से जुड़ी सरकारी योजनाएं हों या सुरक्षित परिवेश बनाने की कवायद। सरकारी नीतियों और सामाजिक माहौल से महिलाओं का जीवन सबसे अधिक प्रभावित होता है। यही वजह है कि बिहार में 2010 के बाद आधी आबादी ने हर बार बढ़-चढ़कर मतदान किया है। तब से महिलाएं इस राज्य में भी चुनाव की धुरी बनी हुई हैं। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में हुए रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान में भी स्त्रियों की भागीदारी अहम दिखी है। ध्यातव्य है कि 2020 के पहले चरण की तुलना में यह आंकड़ा कुल मतदान का करीब 8 प्रतिशत ज्यादा है। मतदान में स्त्रियों की बढ़ती हिस्सेदारी के चलते ही इस बार भी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने महिला मतदाताओं पर केन्द्रित योजनाओं पर विशेष ध्यान भी दिया है। चाहे एनडीए हो या फिर महागठबंधन, सभी दल आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और सरकार बनाने के लिए उनका साथ पाने के लिए प्रयासरत दिखे। यूं भी बीते कुछ दिनों में प्रदेश में चुनावों में विकास, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे छाये रहे हैं। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसे सभी मुद्दे महिलाओं के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर गहरा असर डालते हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं के झुकाव को समझने की कवायदें केवल राजनीतिक विश्लेषण का विषय भर नहीं है। जीवनयापन से जुड़ी सहजता देती योजनाओं और नीतियों के अलावा सम्मान और सुरक्षा महिलाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा रहा है। असल में महिला वोटरों को लुभाने की होड़ के परिणाम के अलावा आधी आबादी के इस उत्साह और रुझान को उनके दायित्वबोध से जोड़कर देखना भी जरूरी है। भारत की स्त्रियां भी ना केवल जमीनी मुद्दों को समझती हैं बल्कि उनसे जुड़े सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव को सबसे ज्यादा झेलती भी हैं।

देशभर से आए दिन सामने आती घटनाएं बताती हैं कि सुरक्षा और जीने की सहजता का आधी आबादी को आज भी इंतजार है। यही वजह है कि सुरक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में अहम चुनावी मुद्दा रही है। नतीजतन, महिला मतदाताओं के लिए सुरक्षित परिवेश की जरूरत जाति या सामुदायिक भेद से परे वोट करने की बुनियाद बन गई है। मतदाता समूह के रूप में अपने संवैधानिक अधिकार को इस्तेमाल करते हुए आधी आबादी की बहुत की सोच बहुत स्पष्ट रहती है। निःसन्देह, लाभकारी योजनाएं उन्हें भी प्रभावित करती हैं पर असुरक्षित माहौल में किसी भी तरह की सहायता का कोई अर्थ नहीं रह जाता। समझना आवश्यक है कि 2016 में बिहार की महिलाओं ने शराबबंदी और सुरक्षित परिवेश को अपना समर्थन देकर इसी बात को पुख्ता किया था। असल में देखा जाए तो स्त्रियों के स्वतंत्र रूप से अपना मत देने के आंकड़े ही शराब बंदी के बाद बढ़े हैं। तब महिलाओं ने अपने जीवन से हर पक्ष को प्रभावित करने वाले शराबबंदी के निर्णय के लिए नितीश कुमार का खुलकर समर्थन किया था। भारत के चुनावी इतिहास में स्त्रियों का यह रुझान बहुत व्यावहारिक और परिपक्व सोच की बानगी माना जाता है। महिलाओं के विरुद्ध दर्ज अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में शराबबंदी के बाद महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में कमी आई। विशेषकर घरेलू हिंसा दुष्कर्म, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और भावनात्मक हिंसा जैसे अपराधों में रेखांकित करने योग्य कमी आई। महिलाओं की बड़ी आबादी का जीवन इस निर्णय से प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के मुताबिक 83 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने बताया कि शराबबंदी से पहले पर उन्हें अक्सर पति की शारीरिक या भावनात्मक हिंसा झेलनी पड़ती थी। सामाजिक बेहतरी, पारिवारिक स्थिरता और स्वास्थ्य लाभ से जुड़ा यह निर्णय आज भी महिला वोटरों के मन के जुड़ा है। ऐसे में महिला मतदाताओं का बड़ी संख्या में वोट देने के लिए घर से निकलना इस बार भी निर्णायक साबित हो सकता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

---


# हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
**दर्शन**

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है। जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## सटाका





## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - पराग विश्वकर्मा, दुर्ग

## करंट अफेयर


# इंडोनेशिया में मस्जिद में विस्फोट, 55 लोग घायल



इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक हाई स्कूल की मस्जिद में कई विस्फोट हुए जिसमें कम से कम 55 लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर छात्र थे। पुलिस ने इन अटकलों को खारिज करने की कोशिश की कि ये विस्फोट आतंकवादी हमला थे और कहा कि वे जांच कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय टेलीविजन स्टेशनों को बताया कि उन्होंने दोपहर के आसपास कम से कम दो जोरदार धमाके सुने, ठीक उसी समय जब जकार्ता के उत्तरी केलापा गाडिंग इलाके में नौसेना परिसर के अंदर स्थित सरकारी हाई स्कूल, एसएमए 27 स्थित मस्जिद में धर्मोपदेश शुरू हुआ था। मस्जिद में धुआं भर जाने से छात्र और अन्य लोग दहशत में बाहर भागे। जकार्ता पुलिस प्रमुख असेप एडी सुहेरी के अनुसार ज्यादातर लोगों को कांच के टुकड़ों से मामूली से लेकर गंभीर चोटें आईं। विस्फोटों का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। 20 छात्र अभी भी अस्पताल में हैं, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हैं। घटनास्थल पर तैनात बम निरोधक दस्ते को मस्जिद के पास 'टॉय राइफलें' और एक 'टॉय बंदूक' मिली। पुलिस कारण का पता लगाने के लिए घटनास्थल की जांच कर रही है।

## ऑफ बीट

# पुरुष-महिलाओं के मस्तिष्क में जीन का व्यवहार अलग



दशकों से पुरुषों और महिलाओं में बुद्धिमत्ता तथा व्यवहार के अंतर को लेकर बहस होती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि जैविक रूप से पुरुष और महिला के मस्तिष्क में सैकड़ों जीन अलग-अलग ढंग से सक्रिय रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीनों का अलग-अलग तरीके से सक्रिय होना मस्तिष्क विकारों, जैसे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, पुरुष और महिला मस्तिष्कों के बीच ये आनुवंशिक अंतर विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही स्थापित हो जाते हैं और संभवत: मस्तिष्क के विकास को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल मनुष्यों में, बल्कि अन्य प्राइमेट (वनमानुष) प्रजातियों में भी पाई गई है, जिससे संकेत मिलता है कि ये अंतर बहुत प्राचीन हैं। जीन गतिविधि में अंतर कई दशकों के शोध से यह पुष्टि हुई है कि पुरुषों और महिलाओं में मस्तिष्क की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक रोगों की प्रवृत्ति में अंतर है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि इन अंतरों में कितना योगदान जीन का है और कितना पर्यावरण का। 2017 में किए गए एक अध्ययन में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं के मरणोपरांत मस्तिष्क ऊतक का विश्लेषण किया गया था।

## ट्रेंड

### राष्ट्र गीत को नमन



मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। 'वंदे मातरम्' भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का स्थायी प्रतीक है।
- सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### आरजेडी बेचैन



बिहार में जंगलराज की वापसी के लिए आरजेडी कितना बेचैन है, इसका पता चुनाव अभियान में वायरल हो रहे उसके गानों से चलता है। इनमें गरीब, दलित-महादलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को डराने का प्रयास साफ नजर आता है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शेल्टर होम तैयार



दिल्ली सरकार ने सर्दी में जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। 250 अतिरिक्त शेल्टर होम तैयार किए गए हैं। इस बार शेल्टर होम्स में आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अब गारंटी है



'आप' सरकार ने सिर्फ 3 साल में ही बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के पंजाब में 56 हजार सरकारी नौकरियां दीं हैं। अब गारंटी है... इन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद तरन-तारन में सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए टेक्निकल कॉलेज बनेंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### विशाल को शॉल-श्रीफल से किया सम्मानित

**औबेदुल्लागंज।** युवक कांग्रेस जिला महासचिव पद जीतने पर विशाल मदान को कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने औबेदुल्लागंज कांग्रेस कार्यालय में शाल और श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर औबेदुल्लागंज के वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सेंकी मदान आदिल सिद्दीकी सिमराई आदि इस अवसर पर मौजूद रहे

### प्रकाश पर्व पर स्वागत द्वार बनाकर किया स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर के वरिष्ठ अनिल बाम्बा ने भव्य स्वागत द्वार लगवा कर सभी का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश है कि सबका सम्मान धर्म में आस्था और गुरुवाणी का प्रचार करना ही कर्तव्य है।

### आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ औबेदुल्लागंज पहुंची



**औबेदुल्लागंज।** आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी सासंघ का शुक्रवार को औबेदुल्लागंज में भव्य अगवानी की गई। इस अवसर पर माताजी के पात्रछालन कर आशीर्वाद लिया। पंडित लक्ष्मी चंद जैन, समाज के अध्यक्ष सुनील जैन तामोट, डॉ. मीना जैन, एलसी जैन, दिनेश गुड्डन जैन, विजय जैन, केटी, अरुण, इंद्रा जैन, नीति अनुराग जैन, पवन रवि जैन, रूपेश जैन, संभव जैन, सुनील वर्धमान, विनय जैन, आकाश मयूरी जैन, शिरोमणि बंटी जैन, आशा रानी आदि ने अगवानी की। शनिवार को भूतल वेदी पर अभिषेक एवं शान्तिधारा सुबह 8 से की जाएगी। इसके बाद संघ के सानिध्य में पूज्य गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज का 34वां दीक्षा दिवस भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

### आत्ममंथन की दिव्य झलक के साथ भोपाल लौटे सैकड़ों श्रद्धालु



**संतनगर।** आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है। इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर पर नहीं तय किया जा सकता। इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है। यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक समालखा (हरियाणा) में चले 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम मानवता के नाम संदेश देते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित की पावन छत्रछाया में आयोजित चार-दिवसीय संत समागम में भोपाल जोन से सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर समागम का आनंद प्राप्त कर अपने-अपने घरों की ओर लौटे। समागम में सतगुरु माता ने कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है, जो स्थिर और शाश्वत है, इसी सत्य को पहले जानना होगा। जब मनुष्य को सत्य का दर्शन होगा तो प्रेम का भाव उत्पन्न होगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 4905 | | |
| दिनः | 578 | 05 | 258 |
| रातः | 267 | 59 | 450 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 170 | 81 | 290 |
| रातः | 169 | 69 | 234 |

# प्रदेश के सबसे बड़े सांस्कृतिक कला महोत्सव भोजपाल महोत्सव मेले का 14 से होगा शुभारंभ

**तैयारियां शुरूः भेल दशहरा मैदान पर 49 दिनों तक दिखेगा सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक संगम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर भेल जनसेवा समिति द्वारा आयोजित इस मेले का 14 नवंबर से भजन संध्या के साथ भव्य आगाज होगा। मेले में भव्य स्वागत द्वार, सांस्कृति मंच, ट्रेडिशनल सेल्फी जोन तैयार हो रहा है। लोगों को शहर में ही बाबा अमरनाथ के दर्शन होंगे। तो दूसरी ओर युवा जादूगर प्रिंस अपने जादुई करतब दिखाएंगे।

**खास बातें**

- डंकी शो और रोबोटिक एनीमल खास होगा
- युवा जादूगर प्रिंस अपने जादुई करतब दिखाएंगे

### डंकी बताएगा लोगों का भविष्य

14 नवंबर से शुरू होने वाले भोजपाल महोत्सव मेले में शहरवासियों को इस बार बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। डंकी शो और रोबोटिक एनीमल खास होगा। मेले में पहली बार दिखाए जाने वाले यह खास शो, बच्चों के लिए आकर्षण होगा। 'डंकी शो' में हास्य और रोमांच का तड़का होगा, तो डंकी लोगों को उनका भविष्य बताएगा। दूसरी ओर रोबोटिक एनीमल शो में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए जानवरों की हूबहू प्रतिकृतियां दिखाई जाएंगी, जो बच्चों और युवाओं के लिए विज्ञान और मनोरंजन का बेहतरीन मिश्रण होगा।

### सरकार की प्रदर्शनी दिखाएगी राह

मेले में लगाई जा रही केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश राज्य सरकार की प्रदर्शन लोगों को नई राह दिखाएगी। प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के साथ उनका लाभ कैसे लें इसकी जानकारी दी जाएगी। ऐसे में मेले में आने वाले लोगों को मनोरंजन, पारिवारिक मिलन, खरीदारी के साथ ही सरकार की योजनाओं से नई राह मिलेगी।

**राजधानीवासियों को रहता है सालभर इंतजार**

*मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि राजधानीवासियों को इस मेले का साल भर इंतजार रहता है। मेले में दर्शकों के मनोरंजन के लिए इस बार कई खास आकर्षण जोड़े गए हैं। प्रदेश के इस सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले में एक ओर जादूगर प्रिंस अपनी जादुई करतब दिखाएंगे तो दूसरी ओर बाबा अमरनाथ मेले में आने वाले लोगों को दर्शन देंगे। इसके लिए मेला परिसर में भव्य झांकी तैयार की जा रही है। पारंपरिक झूले, फूड स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले की शान बढ़ाएंगे। 14 नवंबर को भव्य उद्घाटन के साथ यह महोत्सव शुरू होगा। मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।*

# अमित पर कार्रवाई को लेकर सिंधी महिला पंचायत सड़क पर उतरी

**सिंधी समाज और उनके इष्ट देव पर गलत टिप्पणी का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी महिला पंचायत की सदस्यों ने शुक्रवार को सड़कों पर उतर कर अमित बघेल पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए सरकार से मांग की हैं। पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी ने कहा है कि मेजर अमित ने सिंधी समाज के इष्ट देव के बारे में गलत बोलने के साथ सिंधी समाज को पाकिस्तानी बोला है।

हमारा समाज परमार्थी, पुरुषार्थी है। सिंधी समाज ने स्वेच्छा से सिंध छोड़ा और आज हम अपने प्रांत से वंचित हैं। सिंधी समाज ने फिर भी मेहनत करके आगे बढ़े हैं और अपना नाम कमाया। अमित बघेल पर कार्रवाई हो ताकि फिर कोई शख्स सिंधी समाज के लिए अपशब्द बोलने की जुर्रत ना करे। इस दौरान महिलाओं ने नारे लगाए और अमित बघेल के पोस्टर पर जूते बरसाए। इस अवसर पर अध्यक्ष किरन वाधवानी, मयूरी मूर्जनी नेहा आहूजा, मानसी गोलावी, नूतन लखवाणी और महिला पंचायत के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थीं।



सिंधी महिला पंचायत की महिलाएं विरोध स्वरूप मेजर अमित बघेल का पोस्टर दिखाती हुईं।

## हबीबगंज थाना क्षेत्र के अरेरा कॉलोनी का मामला

# किराए का रूम दिखाने के बहाने मकान मालिक ने की युवती से अश्लील हरकत

**नाबालिग का एक सप्ताह से कर रहा था मनचला पीछा, हरकतें बढ़ने पर पुलिस से की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर अरेरा कॉलोनी में रहने वाले 56 साल के व्यक्ति और उसके बेटे के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि वह टू-लेट का बोर्ड देखकर किराए से मकान लेने के लिए गई थी। मकान मालिक ने उसे मकान दिखाया और इसी दौरान उससे अश्लील हरकत की। रूम से बाहर निकलकर युवती ने शोर मचाया तो उसका बेटा आ गया और उसने थप्पड़ जड़ दिया। इसी थाना क्षेत्र में 17 साल की नाबालिग से शादीशुदा युवक ने छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर मनचले पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 27 साल की युवती मूलतः इंदौर की रहने वाली है और प्राइवेट जॉब करती है। वह अभी पीजी में रह रही है। उसे पर्सनल रूम या फ्लैट की जरूरत थी। उसने अरेरा कॉलोनी में टू-लेट का बोर्ड देखा और बोर्ड में लिखे नंबर पर कॉल किया। मकान मालिक से उसकी चर्चा हुई। वह मकान देखने के लिए गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंची। वहां उसे मकान मालिक रवींद्र साहू मिला। कमरा देखने के बाद वह बाहर निकल रही थी, तभी रवींद्र साहू ने उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी। बाहर निकलकर युवती ने शोर किया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। युवती किसी को कॉल कर रही थी, तभी रवींद्र साहू का परिवार उसके पास पहुंच गया। रवींद्र के बेटे विनायक ने उससे बातचीत की। उसने बताया कि रवींद्र साहू ने उससे बुरी नियत से छेड़छाड़ की है। यह सुनते ही विनायक ने पिता से पूछा और युवती को थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ लगने से युवती के कान में लगा हेड फोन गिर गया। उसने तत्काल घटना की शिकायत डायल 112 पर की। मौके पर पहुंची पुलिस युवती और मकान मालिक सहित उनके बेटे को थाने लेकर पहुंची थी। वहां युवती की शिकायत पर पुलिस ने रवींद्र साहू और उनके बेटे के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की।



### शादीशुदा युवक ने नाबालिग से की छेड़छाड़

इसी इलाके में सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाली 17 साल की नाबालिग ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह दसवीं कक्षा में पढ़ती है। मोहल्ले में एक सप्ताह पहले ही साजन नामक युवक रहने आया है। वह आते जाते उसे परेशान करता है। गुरुवार दोपहर साजन ने उसे रोक लिया और शादी करने का प्रलोभन देकर बुरी नियत से उसके साथ छेड़छाड़ कर दी।

### पत्नी को कॉल कर पति ने ट्रेन से कटकर दी जान



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित चेतक ब्रिज पर गुरुवार शाम एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। अनुमान है कि पारिवारिक कलह के कारण उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार विकास रैकवार (26) ग्राम बेहटा थाना बैरागढ़ का था। वह साफ-सफाई का काम करता था और पत्नी के साथ विकास नगर झुग्गी में रह रहा था। गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह घर से निकला था। कुछ देर बाद उसने अपनी पत्नी को कॉल कर कहा कि वह चेतक ब्रिज के पास खड़ा है और ट्रेन से कटकर जान दे रहा है। पत्नी ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद उसने कॉल रिसीव नहीं किया। अनहोनी की आशंका होने पर पत्नी मौके पर पहुंची तो उसने क्षत-विक्षत लाश मिली। डायल 112 पर इवेंट मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने विकास रैकवार की तलाशी ली और घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

# किसानों को बासमती धान का उचित मूल्य दिलाने कलेक्टर ने ली बैठक

**मंडीदीप में धान मिलर्स को प्रोत्साहन और शासकीय अनुदान को लेकर दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जिले में किसानों को धान उपज का उचित मूल्य मिल सके, इसके लिए गुरुवार को मंडीदीप के इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के बिल्डिंग में दोपहर 2 बजे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिले के धान मिलर्स, उद्योगपति, मंडीदीप फैक्ट्री एसोसिएशन के सदस्यों और अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर ने राइस मिलर्स से कहा कि जिले की बासमती धान देश-विदेश में निर्यात होती है, इसे और आगे बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों से उचित मूल्य पर धान खरीदी जाए तथा उन्हें समय पर भुगतान हो तथा धान मिलिंग का कार्य भी समय पर पूर्ण कराएं।

मिलर्स से उनकी समस्याएं पूछे जाने पर उन्होंने वेयरहाउस से रोड कनेक्टिविटी ठीक नहीं होने, विद्युत समस्या आदि के बारे में बताया। साथ ही डम्पिंग जोन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के बारे में भी बताया। बैठक में कलेक्टर ने जिले को कुपोषण मुक्त बनाने में इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से सहयोग के लिए एमओयू सौंपा गया। बैठक में जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी कार्तोलर, जीएम डीआईसी, ऑल इंडिया एक्सपोर्ट एसोसिएशन राइस मिल के जॉइंट सेक्रेटरी तथा एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विकास मुन्द्रा सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।



धान मिलर्स, उद्योगपति और फैक्ट्री एसोसिएशन के साथ बैठक में चर्चा करते हुए रायसेन जिले के कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और अन्य।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की हुई मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विदिशा रोड पुल पातरा पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल 80 साल के बुजुर्ग की हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कंछेदीलाल पंथी (80) गांव खेजड़ा में रहते थे। गुरुवार शाम करीब पांच बजे वे चाय की दुकान के पास पुल पातरा में थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल भेजा, इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई।

## 34 मील के पास सड़क हादसे में तीन घायल, नंदवंशी ने अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

34 मील के पास शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय जीतू नन्दवंशी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए उन्हें तुरंत अपनी कार में बैठाकर औबेदुल्लागंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। रक्षा निकिता, बलवंत निवास सुल्तानपुर ताड़ी, जीतू नन्दवंशी सुल्तानपुर से लौट रहे थे। जीतू नन्दवंशी की इस प्रेरणा दायक पहल की लोगों ने सराहना की।



सड़क हादसे में घायल की मदद करते जीतू नन्दवंशी।

# घर-घर संपर्क अभियान चलाने व नए वोटर जोड़ने पर दिया जोर

**बैरसिया मंडल में हुई भाजपा की एसआईआर कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

नगर मंडल में भाजपा ने मतदाता विशेष गहन एवं पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला शुक्रवार को भाजपा कार्यालय व्हाइट हाउस में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा ने की, जिसमें विधायक विष्णु खत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 2003 के सर्वेक्षण अनुसार, त्रुटियों को सुधारना और नए मतदाताओं को शामिल करना था। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर हर घर तक संपर्क अभियान चलाएं।

मुख्य अतिथि विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम घोषित होते ही भाजपा ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी अब बीएलओ की तर्ज पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए2) नियुक्त करेगी, जो घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर गणना फार्म भरने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के साथ समन्वय स्थापित कर फर्जी और दोहरे वोटरों को हटाया जाएगा तथा विशेष रूप से युवा मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने इस अभियान को केवल संगठनात्मक न रहकर जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज, राष्ट्र और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने इस अभियान को संगठन के विस्तार के साथ-साथ लोकतांत्रिक जागरुकता बढ़ाने का भी एक अवसर बताया।



भाजपा कार्यालय व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यशाला में विधायक खत्री व अन्य।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। अनुमान है कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खाया था। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही हो पाएगा। जानकारी के अनुसार राम दीक्षित पिता अशोक दीक्षित (25) मूलतः ग्यारसपुर जिला विदिशा का था। मार्च 2024 में उसने प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। शादी के बाद वह पत्नी के साथ सी-सेक्टर शाहपुरा में रह रहा था और निजी कंपनी में काम करता था। बुधवार रात तबीयत बिगड़ी। पत्नी उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, वहां गुरुवार सुबह मौत हो गई। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि उसने कोई जहरीला पदार्थ पीया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

# पारदर्शिता, सटीकता और लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है यह अभियान

**बीएलए-1 नियुक्त किए जाने पर मीणा को बधाई देते हुए पटवा ने कहा-**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा जिला रायसेन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा को जिले की विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची पुनः निरीक्षण अभियान के अंतर्गत भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से बीएलए-1 नियुक्त किए जाने पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने की, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन कर अधिकतम नागरिकों को मतदान अधिकार से जोड़ने का कार्य किया जाता है। यह अभियान पारदर्शिता, सटीकता और लोकतंत्र की मज़बूती का प्रतीक है।

ओपी मीणा की नियुक्ति पूरे भोजपुर क्षेत्र के लिए है। इनकी नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, दीपू परमार, हेमराज मीणा, हरगोविंद वर्मा, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेश सेठी, नंदू शर्मा, वचन लोधी, आरती यादव, माखन सेन, राहुल प्रजापति, धर्मेंद्र चौरसिया, राजेंद्र गुड्डु साहू, कांता पटेल, माधव यादव, जीतू नंदवंशी आदि ने बधाई दी।



विधायक सुरेंद्र पटवा का स्वागत करते ओपी मीणा।

**सेवा समिति ने 150 दीप प्रज्वलित कर मनाई वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ**

# वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका जिसने सोए हुए भारत को जगाया और आशा का दीप जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में समाजिक संस्था सेवा समिति ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर बास्केट बॉल मैदान पर 150 दीपों से रंगोली बनाकर वंदेमातरम को सजाया और 150 दीप प्रज्वलित किए। सेवा समिति के अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने बताया कि सेवा समिति द्वारा वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर इसे उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। इस गीत को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास होगा, जिसमें राष्ट्रीय गीत के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। सेवा समिति द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर देशभक्ति गीत, निबंध, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह सुधीर खरे ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' इस वर्ष अपनी रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आज यह दिन केवल एक गीत की वर्षगांठ नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का उत्सव है, जिसने सोए हुए भारत को जगाया था। यह गीत शब्दों से परे एक भावना है। स्वाधीनता का संगम, जिसने पराधीनता की घोर अंधेरी रात में आशा का दीप प्रज्वलित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, भाजपा जिला मंत्री प्रार्थना चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा पाल, पूर्व जिला मंत्री पूजा मिश्रा ने 'वन्दे मातरम' वह स्वर है जो साहित्य से आगे बढ़कर भारत की आत्मा बन गया, जिसने जन-जन के हृदय में यह विश्वास जगाया कि मातृभूमि ही सर्वोच्च आराध्या है और उसकी सेवा, जीवन का सबसे पवित्र धर्म। वन्दे मातरम हमें याद दिलाता है कि शब्दों की शक्ति कैसी होती है। एक गीत जिसने कभी अंग्रेजी साम्राज्य को हिला दिया था। यह गीत बताता है कि सच्चा देशप्रेम केवल नारों में नहीं, कर्म में हैं। यही कारण है कि वन्दे मातरम आज भी हर भारतीय के हृदय की धड़कन है।



मंडीदीप के बास्केट बॉल मैदान पर 150 दीपों से रंगोली बनाकर वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाते हुए।

# सड़कों-बाजारों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा, लोग हो रहे परेशान

**शिकायतों के बावजूद नप के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के मेन बाजार, परब शांति कॉम्प्लेक्स और सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां दुकान बंद होते ही बड़ी संख्या में मावेशी आकर बैठ जाते हैं, जो सुबह 9 तक रहते हैं।

दुकानदार बंटी जोशी, दिनेश दांडगे, कमलेश मेघानी, दिलीप मेघानी, राजेश सैनी आदि लोगों ने बताया कि आवारा मवेशियों को भगाते हैं फिर गंदगी साफ कर दुकान खोलते हैं, जिससे दुकानदारों को काफी परेशानी होती है। दुकानदारों ने बताया कि नगर परिषद में कई बार शिकतार के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं देते। दुकानदारों ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पटवा ने आवारा मवेशियों के लिए अस्थाई गौशाला का शुभारंभ करवाया था, मगर अस्थाई गोशाला दो-तीन दिन रही, फिर नगर परिषद ने गोशाला पर ध्यान ही नहीं दिया। औबेदुल्लागंज में 500 से ज्यादा आवारा मवेशी बाजारों, सड़कों और गली मोहल्ले में घूमते रहते हैं। नगर परिषद विधायक पटवा के निर्देश को भी नजर अंदाज कर रही है।



सड़क पर बैठे आवारा मवेशी।

# साहित्य से आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना मिलती है : पूर्व राष्ट्रपति कोविंद



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। रीवा के कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि विन्ध्य साहित्य और संगीत के साधकों की भूमि है। यह बीरबल और तानसेन जैसे व्यक्तियों की जन्मभूमि है। विंध्य सफेद बाघ के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। विंध्य ने हमें सफेद बाघ ही नहीं वर्तमान में थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी और नौ सेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी दिए हैं।

यह विंध्य ही नहीं पूरे देश के लिए बहुत बड़ा गौरव है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तीन दिवसीय

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन का किया शुभारंभ

### साहित्य परिषद अधिवेशन के विचार मंथन का अमृत देश को दिशा देगा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

अधिवेशन ने देश भर के साहित्यकारों और विद्वानों को इस पावन भूमि के सानिध्य का अवसर दिया है। अधिवेशन का मूल वाक्य आत्मबोध से विश्वबोध है। अपने आपको जब हम ठीक से जानकर सच्चे अर्थों में आत्मबोध कर लेंगे तभी हमें विश्व का बोध होगा।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि जो स्वयं को जान लेता है, वही विश्व कल्याण कर सकता है। जब आत्मबोध और आत्मशक्ति क्षीण होने लगती है तब हम पराभव की ओर जाते हैं। ऐसे में राष्ट्र गुलामी की जंजीरों में जकड़ जाता है। देश में सदियों की पराधीनता में भी साहित्य ने बौद्धिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का दीप जलाए रखा। स्वाधीनता संग्राम में साहित्य और साहित्यकारों का अतुलनीय योगदान है। स्वाधीनता के बाद देश में विकास की चेतना के लिए भी साहित्य सशक्त माध्यम बना। साहित्य से ही हमें आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना मिलती है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन में विद्वानों द्वारा किए गए विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा वह देश को नई दिशा देगा। रीवा में अधिवेशन का आयोजन होना हम सबके लिए बहुत बड़ा गौरव है। विंध्य को महामृत्युंजय भगवान, मां शारदा, मां विन्ध्यवासिनी, चिरहुलानाथ स्वामी, रानी तालाब की कालिका देवी का आशीर्वाद प्राप्त है। माँ नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक और भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट भी विंध्य में ही है। आज का दिन हम वंदे मातरम गीत के 150वें स्मरोणत्सव को मना रहे हैं। इस अधिवेशन का शुभारंभ हमारे लिए अविस्मरणीय है।


शौर्य स्मारक से आयोजित मैराथन रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस महानिदेशक मकवाना।

### कदम-कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा....

कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व एक मैराथन रन का आयोजन किया गया। मैराथन शौर्य स्मारक से प्रारंभ हुई और व्यापमं चौराहा, बोर्ड ऑफिस, सतपुड़ा भवन से होते हुए ठंडी सड़क मार्ग से वापिस शौर्य स्मारक पर समाप्त हुई। इस मैराथन में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की और मैराथन को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद मप्र पुलिस बैंड द्वारा कदम कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा... की धुन ने कार्यक्रम को ओर भी सुहाना बनाया।

## मानव संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय सम्मेलन-2025 का आयोजन

# आज संग्रहालयों को समाज के सक्रिय सहभागी के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व के कई संग्रहालय अब अपनी नीतियों और प्रदर्शनियों में स्थानीय समुदायों की भागीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह प्रवृत्ति संग्रहालयों को अधिक समावेशी और जीवंत बना रही है...'संग्रहालयों में समुदाय और संस्कृति के रिश्तों' विषय पर गहन विमर्श के दौरान उपरोक्त कथन डॉ. एच. लूसी गेस्ट (यूके) ने कहे। वे मानव संग्रहालय में जारी तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आईं और अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, मुख्य अतिथि प्रो. केके बासा ने कहा संग्रहालयों की जिम्मेदारी केवल इतिहास को संरक्षित करने की नहीं, बल्कि उन आवाजों को स्थान देने की भी है जो कभी हाशिए पर रही हैं। आज संग्रहालयों को समाज के सक्रिय सहभागी के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है।



'संग्रहालयों में समुदाय और संस्कृति के रिश्तों' विषय पर गहन विमर्श करते हुए अतिथि।

### 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान 'ग्लोबल म्यूजियम प्रैक्टिसेजस', 'संग्रहालयों में समुदायों की आवाज' और 'भविष्य के संग्रहालयः डिजिटल युग की दिशा' जैसे पैनल चर्चाओं ने प्रतिभागियों को नए दृष्टिकोण प्रदान किए। इस अवसर पर देशभर के 20 से अधिक विश्वविद्यालयों, 35 संग्रहालयों और 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### संग्रहालयों का अस्तित्व भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी है...

प्रो. अमिताभ पांडे, निदेशक, मानव संग्रहालय ने कहा कि यह सम्मेलन संग्रहालयों के भविष्य को सामुदायिक और सहभागी दृष्टिकोण से देखने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। संग्रहालय अब केवल वस्तुओं के संरक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि संवाद, सहभागिता और पहचान के पुनर्निर्माण का माध्यम बन चुके हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. आनंद बरधान करते हुए कहा कि संग्रहालयों का अस्तित्व केवल अतीत के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी है।


तीन दिवसीय सम्मेलन में 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## जल तरंग में 26 कलाकारों ने जाना पेंटिंग का महत्व और स्पॉट पेंटिंग की तकनीक

भोपाल । मानव संग्रहालय में जारी जल तरंग वाटर कलर पेंटिंग वर्कशाप में कलाकारों द्वारा आकृतियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। जल तरंग में प्रदेश के करीब 26 आर्टिस्ट ने शिरकत की और वॉटर कलर से प्रकृति और पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न आकृतियों को उकेर रहे हैं।

### प्रकृति, जंगल और ग्रामीण परिवेश से सजी जल तरंग प्रदर्शनी व वर्कशाप


वॉटर कलर से विभिन्न आकृतियां उकरते हुए कलाकार।

### मैं बचपन से पेंटिंग का शौकीन

प्रकृति, जंगल और ग्रामीण परिवेश से सजी जल तरंग प्रदर्शनी में पुणे से आए कलाकार कुंडलया हेरे मठ ने बताया कि वॉटर और ऑयल कलर दोनों माध्यमों में मैं पेंटिंग बना रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं बचपन से पेंटिंग का शौकीन हूं। अभिनव कला महाविद्यालय से फाइन आर्ट की शिक्षा लेकर इसे अपना करियर बनाया है।


पेंटिंग बनाते कुंडलया।

### प्रकृति और पेंटिंग से रहा बचपन से प्रेम

वर्कशाप में भाग लेने वाली नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि पेंटिंग ऐसी होनी चाहिए कि जिसे देखकर प्रकृति और पेंटिंग में कोई अंतर न लगे। उन्होंने घास और पत्थर से बनी झोपड़ी का चित्र बनाया, जो प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाती है। नीलिमा ने बताया कि मुझे बचपन से ही प्रकृति और पेंटिंग से प्रेम रहा है, इसलिए मैंने पेंटिंग की अपनी दुनिया को प्रकृति के चारों ओर केंद्रित किया है।


पेंटिंग बनातीं नीलिमा श्रीवास्तव

### पाब्लो पिकासो हैं मेरे प्रेरणा स्त्रोत


पेंटिंग बनाती नाजिया।

नाजिया रहमान ने अपने चित्र के बारे में बताते हुए कहा कि मैंने एक घने जंगल में झोपड़ी का चित्र वॉटर कलर के माध्यम से बनाया है, जिससे उसकी खूबसूरती और बढ़ गई है। उन्होंने कहा मेरे लिए प्रसिद्ध पेंटर पाब्लो पिकासो मेरे प्रेरणा स्त्रोत हैं।



युवा उत्सव ओजस 2025-26 में समूहगान प्रस्तुत करतीं प्रतिभागी।

# 'माइम' में शब्दों को बिना कहे हाव-भाव के प्रयोग से अभिव्यक्त किए अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*युवा उत्सव ओजस 2025-26 में स्किट, माइम, सुगम संगीत, समूह गायन,क्ले माडलिंग प्रतियोगिता*

जिला स्तरीय अंतर-महाविद्यालय युवा उत्सव ओजस 2025-26 में स्किट, माइम, सुगम संगीत, पाश्चात्य गायन, समूह गायन, वकृतता भाषण, क्ले माडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को शहर के विभिन्न कॉलेज में किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के 11 महाविद्यालयों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिसके अंतर्गत बीएसएसएस कॉलेज में स्किट व माइम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह आयोजन 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के तहत संभाग स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत हुआ, जिसमें भोपाल के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेशों, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन विषयों को रचनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया।





अपनी प्रस्तुति देती प्रतिभागी।

### संवाद, अभिनय और अभिव्यक्ति का माध्यम बनी स्किट प्रतियोगिता

स्किट प्रतियोगिता में कलाकारों ने संवाद, अभिनय और अभिव्यक्ति के माध्यम से मंच को जीवंत बना दिया, वहीं माइम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिना शब्दों के केवल हाव-भाव से भावनाओं को बखूबी व्यक्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को सोचने और महसूस करने पर मजबूर किया। स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने और माइम में आई.पी.ई.आर. कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल किया। युवा उत्सव के अंतर्गत सुगम संगीत, समूह गायन, क्ले माडलिंग, समूह पाश्चात्य गायन जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी राजधानी के अनेकों कॉलेज में हुईं।

# 'नानकोरोबी याओकी' कहावत से ली 'दारुमा' जापान की पारंपरिक जापानी गुड़िया बनाने की सीख

*आलियांस फ्रांसिस में फ्रांसीसी कलाकारों द्वारा इमर्सिव और इंटरेक्टिव इंस्टॉलेशन फॉर्च्यून टेलर वर्कशाप का आयोजन*



वर्कशॉप में प्रशिक्षण देते जापानी कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आलियांस फ्रांसिस में शुक्रवार से फ्रांसीसी कलाकार जूली स्टीफन डेंग और थॉमस पोंस द्वारा एक इमर्सिव और इंटरेक्टिव इंस्टॉलेशन फॉर्च्यून टेलर वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक पेपर आर्ट, कहानी कहने और डिजिटल डिजाइन के जादू को खोजने की तकनीक बताई गई।

वहीं दूसरी ओर प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव कलाकृतियां भी बनाईं। इस वर्कशाप में फ्रांसिसी ट्रेनर शार्लट ने बताया कि कैसे सरल तकनीकें आपकी कल्पना को जीवंत कर सकती हैं।


कलाकारी देख लोग अचंभित रह गए।


हर किसी ने चित्र कैमरे में कैद किए।

### दृढ़ संकल्प, लचीलापन और सफलता का प्रतीक 'दारुमा'

वहीं उन्होंने जापान की प्रसिद्ध दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया तकनीक के बारे में भी बताया, जो बौद्ध धर्म के संस्थापक बोधिधर्म पर आधारित है और दृढ़ता, सौभाग्य और लक्ष्य-प्राप्ति का प्रतीक है। इसे कागज की लुगदी से बनाया जाता है और इसका गोल आकार इसे गिराए जाने पर भी वापस सीधा खड़ा कर देता है। दारुमा की आंखें खाली होती हैं, जब कोई व्यक्ति कोई लक्ष्य या इच्छा तय करता है, तो वह एक आंख रंगता है, और जब लक्ष्य पूरा हो जाता है, तो दूसरी आंख भी रंग दी जाती है। यह दृढ़ संकल्प, लचीलापन और सफलता का प्रतीक है। यह जापानी कहावत 'नानकोरोबी याओकी' (सात बार गिरो, आठ बार उठो) का प्रतीक है। गुड़िया खोखली और गोल होती है, जिसका आधार भारी बनाया जाता है ताकि इसे धकेलने पर यह गिरकर फिर से सीधा खड़ा हो जाए।

## राज्य संग्रहालय में 'मध्य प्रदेश के सिक्के' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# प्रारंभिक काल में वजन के आधार पर होता था सिक्कों के मूल्य का आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब मानव समाज में मुद्रा आदान-प्रदान का चलन शुरू हुआ, तभी से मुद्रा के रूप में सिक्कों का उद्भव हुआ। प्रारंभिक काल में सिक्कों का मूल्य उनके वजन के आधार पर तय किया जाता था। जितने ग्राम का सिक्का होता, उसकी कीमत उतनी ही मानी जाती थी। बाद के समय में सिक्कों पर अंकित मूल्य दर्शाने की परम्परा जागी और आर्थिक लेनदेन का आधार सिक्के बने। 'मध्य प्रदेश के सिक्के' विषय पर उपरोक्त कथन राज्य संग्रहालय में जारी दो दिवसीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने कहे। संगोष्ठी का प्रारंभ शुक्रवार से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कला प्रेमी और विद्यार्थी मौजूद थे।

### सामाजिक संरचना, तकनीकि दक्षता और राजनीतिक स्थिति को बयां करते 'सिक्के'


संगोष्ठी को संबोधित करते विशेषज्ञ।

संगोष्ठी में विद्वानों ने कहा कि विभिन्न कालों में सोने, चांदी, तांबे और मिश्रधातु के सिक्के प्रचलन में रहे। मौर्य, गुप्त और मुगल काल के सिक्के उस समय की आर्थिक, सांस्कृतिक और कलात्मक उपलब्धियों के प्रतीक माने जाते रहे हैं। सिक्के न केवल अर्थव्यवस्था के प्रतीक रहे, बल्कि वे किसी भी युग की सामाजिक संरचना, तकनीकि दक्षता और राजनीतिक स्थिति को भी दर्शाते हैं।

## हरित तकनीक के संग नवाचार का उत्सव 'शोध शिखर- बाल विज्ञान पर्व 2025' सम्पन्न

# रबींद्रनाथ टैगोर विवि में 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए हरित भविष्य के नवाचारी प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में शुक्रवार को 'शोध शिखर- बाल विज्ञान पर्व 2025' का आयोजन उत्साह, नवाचार और ऊर्जा के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष पर्व का मुख्य विषय था परिवर्तन के लिए नवाचारः विकसित भारत हेतु हरित तकनीक और सतत विकास की दिशा में कदम।

कार्यक्रम में मप्र के विभिन्न जिलों से आए लगभग 2000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और हरित तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास विषयों पर अभिनव प्रयोगों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने विद्यालय स्तर पर वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की भावना को नई दिशा दी।


'शोध शिखर- बाल विज्ञान पर्व 2025' में मॉडल का अवलोकन करतीं अतिथि।

## संगीत सीखने का ऐसा जुनून कि स्वास्थ्य समस्या भी नहीं बनी रोड़ा

# गुंजन फाउंडेशनः जहां शौकिया गायक भी बन जाते हैं 'फनकार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूं तो गायिकी और सुर मां सरस्वती का वरदान माना जाता है, लेकिन मां सरस्वती के अलावा एक शख्स और होता है जो ऐसे लोगों में सुरों की मिठास भरने में कामयाब हो जाता है जिन्हें गाने गुनगुनाने का शौक और जुनून होता है। ऐसे ही एक संगीत गुरु भोपाल में भी हैं, जिनकी पाठशाला में आने वाला हर शौकिया शख्स फनकार बनने की दहलीज पर खड़ा है, संगीत की इस पाठशाला का नाम है गुंजन फाउंडेशन, और संगीत गुरू हैं जाने-माने सूफी और भजन गायक कैलाश यादव। आज उनकी संगीत पाठशाला में शिष्यों की संख्या का आंकड़ा सौ के पार हो गया है और खास बात यह है कि उनसे संगीत सीखने वाले लोग शहर के वे नामचीन लोग हैं जिन्हें अपने प्रोफेशन, नौकरी और बिजनेस से पल भर की भी फुरसत नहीं मिलती है। साथ ही इन लोगों में से कईयों को स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ा बावजूद इसके संगीत के प्रति उनकी अडिगता जारी है।


कैलाश यादव (संगीत गुरु)


ये हैं गुंजन म्यूजिक फाउंडेशन के सदस्य।

### 4 वर्ष से लेकर 87 साल तक के लोग सीखते हैं संगीत

साहित्यकार और संगीतज्ञ रजनी यादव ने कहा गुंजन एक ऐसी एकेडमी है जिसमे 4 से लेकर 87 साल तक के लोग संगीत सीखते हैं। एकेडमी में शहर के जाने माने बिजनेसमैन, ब्यूरोकेट्स, आर्किटेक्ट,और नामी डॉक्टर्स, इंजीनियर,रिटायर्ड ऑफिसर ,प्रशासनिक अधिकारी, हर फील्ड से जुड़े लगभग 100 लोग संगीत सीखते हैं।

### 3 सदस्यों की बायपास सर्जरी, 3 को लगा पेसमेकर और 10 को लगे हार्ट में स्टैंट

यादव ने कहा कि गुंजन अकादमी में संगीत सीखने वालों की जिंदादिली और जुनून भी काबिले गौर है। यहां 3 सदस्यों की बायपास सर्जरी हो चुकी है, 3 को पेसमेकर लगा है और 10 लोगों को हार्ट में स्टेन्ट लगे हैं। इसके बावजूद संगीत का शौक उन्हें खींच ही लाता है। इतना ही नहीं, 6 सदस्य तो ऐसे भी हैं जिनके घुटने बदले जा चुके हैं, लेकिन संगीत का शौक पूरा करने के लिए वे अकादमी में स्तंभ की तरह खड़े हुए हैं।

### 16 बरस की हो गई गुंजन अकादमी

2009 में स्थापित गुंजन फाउंडेशन की शुरुआत संगीत गुरु कैलाश यादव ने अपनी पत्नी के आकस्मिक निधन के बाद की। दरअसल, स्व. गुंजन यादव संगीत से बेहद लगाव रखती थीं लेकिन बदकिस्मती ने उन्हें जब कैलाश यादव और उनके बच्चों से बहुत दूर अनंत में विलीन कर दिया तो कैलाश यादव ने अपनी पत्नी की याद में अपने फाउंडेशन का नाम ही गुंजन फाउंडेशन रख दिया।

### सीखना हो या सिखाना.....पेशेंस जरूरी है...

पद्मश्री अनूप जलोटा से गायिकी की बारीकियां सीखने वाले कैलाश यादव कहते हैं संगीत में पेशेंस बहुत जरूरी है.....खासतौर से मेरे शिष्यों के साथ मैं बहुत धैर्य के साथ संगीत की शिक्षा देता हूं। मेरी क्लास के वरिष्ठजन को संगीत की शिक्षा देना आसान काम नहीं है, लेकिन मेरा धैर्य यहां बहुत काम आता है, क्योंकि जब मेरे शिष्य मेरा अनुसरण जल्दी नहीं कर पाते तो मैं झुंझलाता नहीं बल्कि उन्हें खुद गाकर उन्हें उस मुकाम तक पहुंचाता हूं। उन्होंने बताया कि चूनाभट्टी में स्थित गुंजन फाउंडेशन म्यूजिक एकेडमी में सभी सप्ताह में 3 बार मिलते है और संगीत सीखते हैं।






# राजद-कांग्रेस का गुब्बारा फटा, जंगलराज वाले वापसी को बेचैन और गा रहे 'बनेंगे रंगदार'

## कैमूर और औरंगाबाद में पीएम मोदी ने महागठबंधन पर किया बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ पटना

उनके समर्थक भी एनडीए का नारा लगा रहे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कैमूर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। पहले चरण के मतदान के बाद राजद-कांग्रेस का गुब्बारा पूरी तरह फट गया है। उनके समर्थक भी फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा लगा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज के युवराज से जब पूछा जाता है कि बड़े-बड़े वादे कैसे पूरे करेंगे? वह कहते हैं कि उनके पास प्लान हैं। राजद वालों का एक गाना है कि 'आएगी भैया की सरकार, बनेंगे रंगदार'। अब सोचिए कि राजद वाले इंतजार कर रहे हैं कि कब उनकी सरकार आए और अपहरण-रंगदारी फिर से शुरू हो जाए।



बिहार के कैमूर में चुनावी सभा को संबोधित करते पीएम मोदी। पार्टी के सभी सहयोगी साथ में दिखाई दे रहे हैं।

### भैया के आबे दे सत्ता, कट्टा सटा के उठा लेब घरवा से

पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि राजद वालों का एक और गाना है। वह गाना है- भैया के आबे दे सत्ता, कट्टा सटा के उठा लेब घरवा से'। उन्होंने कहा कि राजद वालों को जनता की सेवा नहीं करनी है। उन्हें केवल जनता को लूटना है। उन्हें घर से उठवा लेना है। राजद का एक और गाना चल रहा है। वह गाना है- 'मारब छिक्सर के छह गोली छाती में'। यही इनका तौर तरीका है। यही उनका प्लान है। यही जंगलराज की आहत है।

### जनता अब जंगलराज नहीं चाहती, तय हो गया

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं इस क्षेत्र की सभी महानविभूतियों को नमन करता हूं। पहले चरण के मतदान ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहले चरण के मतदान से स्पष्ट है कि बिहार के लोग अब किसी भी कीमत पर जंगलराज को लौटने देना नहीं चाहते हैं।

### कट्टा और फिरौती का दौर फिर नहीं लौटे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद की जनसभा में राजद पर निशाना साधा और कहा कि 'जंगलराज वालों' के पास वह सब कुछ है, जो नौकरी और निवेश दोनों के लिए खतरा है। उन्होंने बिहार की जनता को सतर्क करते हुए कहा कि ये (राजद समर्थक) खुली घोषणा कर रहे हैं कि 'भैया की सरकार' आएगी तो कट्टा, दोनाली और फिरौती, यही सब चलेगा। लेकिन बिहार में 'कट्टा सरकार' नहीं चाहिए।

### जंगलराज वाले विनाश और दुख के प्रतीक

भभुआ में पीएम मोदी ने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि ये जंगलराज वाले लोग सत्ता में लौटने के लिए इतने बेचैन क्यों हैं। वे जनता की सेवा नहीं करना चाहते। वे बंदूक की नोक पर जनता को लूटना चाहते हैं, उन्हें लूटना चाहते हैं। ये विनाश और दुख के प्रतीक हैं।

नेता प्रतिपक्ष राहुल का प्रधानमंत्री पर बड़ा हमला

## पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया और वे चोरी करके प्रधानमंत्री बने

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे।



### संविधान पर हमला हो रहा

राहुल ने कहा कि 'मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। यही काम वे बिहार में करने जा रहे हैं, उन्होंने मध्य प्रदेश और छग में भी ऐसा किया है और हरियाणा में भी ऐसा हुआ है। गुजरात में भी यह बार-बार हो रहा है।

**दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली करेंगे, राष्ट्रपति से मिलेंगे**

कांग्रेस दिल्ली के राम लीला मैदान में नवंबर के अंतिम सप्ताह में एक बड़ी रैली करेगी। कांग्रेस पार्टी का एक डेलिगेशन राष्ट्रपति से मिलकर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के दौरान सिग्नेचर कैंपेन में इकट्ठे किए गए। लगभग 5 करोड़ हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपेगा।

### पुणे की वकील की फोटो पर बवाल, वोट चोरी का उठाया सवाल

राहुल के 'वोट चोरी' के आरोपों के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के दौरान पुणे की महिला की स्याही लगी अंगुली वाली फोटो वायरल हो गई है।

**वकील ने दी सफाई- वोट का दावा नहीं किया**

विवाद को बढ़ता देख पोस्ट करने वाली वकील ने खुद इस पर सफाई दी। उन्होंने लिखा कि उनका पोस्ट सिर्फ बिहार के वोटर्स को मोटिवेट करने के लिए था और उन्होंने कभी यह दावा नहीं किया कि उन्होंने आज वोट दिया है।

### यूपी में फिर बनेगी सरकार

बिहार में जारी चुनावी गहमागहमी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भाजपा 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम तीसरी बार राज्य में सरकार बनाएंगे। न सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा और 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव को जोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि योगी एक अच्छी सरकार चला रहे हैं। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार किया है। विकास के कार्यों को गति मिली है।



## शाह का बड़ा ऐलान- बिहार में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जमुई की जनता से वादा किया कि यहां डिफेंस कॉरिडोर बनेगा. जमुई में गोला बारूद का कारखाना खोलेंगे। विदेश का नहीं जमुई में बने गोला बारूद से आतंकवाद पर हमला करेंगे। मखाना बोर्ड की तरह चीनी मिल शुरू किया जाएगा। नदी से खेतों तक हम पानी पहुचायेंगे और अगले 5 साल में जमुई के प्राकृतिक सौंदर्य का उपयोग कर पर्यटन बढ़ाएंगे।



### आधे बिहार में हो गया लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ

शाह ने दावा किया है कि आधे बिहार में लालू यादव की पार्टी आरजेडी का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने पहले चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए यह बात कही। अब आधे हिस्से में भी ऐसा ही होगा। शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में, प्रधानमंत्री ने बिहार में सड़कों, पुलों, इथेनॉल कारखानों और चीनी मिलों का एक बुनियादी ढांचा तैयार किया है। अगले पांच साल बिहार को पूरी तरह से विकसित बनाने पर केंद्रित होंगे।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले

### बिहार में 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी एनडीए सरकार

बिहार में पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में बड़ा दावा कर कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत और जनता की स्पष्ट चुनावी पसंद एनडीए की सरकार के लिए मजबूत संकेत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक सस्थाओं और कानून को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका व्यवहार बचकाना है। नड्डा ने कहा कि बिहार में एनडीए 160 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी।



### जो जमीन हड़प लिए नौकरी क्या देंगे: योगी

पश्चिम चंपारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा कि जिन लोगों ने जंगलराज, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और अराजकता देखी है, मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपनी वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में बताएं। जो नौकरी के नाम पर भूमि हड़प ली, वे क्या देंगे?



### 121 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को एकमुश्त वोट मिला

तेजस्वी का दावा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन को एकमुश्त वोट मिलने का दावा किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकल कर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है। पहली बार अभूतपूर्व बदलाव की लहर है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत

**हमीरपुर।** जिले में राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला इलाके में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया।



### दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री भारती फरार घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती पर 2021 में रायबरेली पुलिस के साथ अभद्रता का आरोप है। इस मामले पर भारती के ऊपर एक केस भी दर्ज किया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रायबरेली के एमपी/एमएलए कोर्ट में सोमनाथ भारती के हाजिर नहीं होने पर यहां की अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर दिया है।



### बंगाल के स्कूलों में गाना होगा 'बांग्लार माटी'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 'सर' को लेकर ममता ने केंद्र के खिलाफ हल्ला बोला है। राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में हर सुबह की एसेंब्ली में राज्य गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' को अनिवार्य कर दिया है।



### अदाकारा सुलक्षणा को नम आंखों से दी विदाई

**मुंबई।** गुरुवार को बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा और गायिका सुलक्षणा पंडित का देहांत हुआ। 71 साल में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। शुक्रवार को मुंबई के विले पार्ले स्थित पवनहंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। इस मौके पर सिर्फ परिवार के करीबी मौजूद रहे। उनके भाई और म्यूजिक कंपोजर ललित पंडित शामिल हुए।



## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पीएम ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

# यह मां भारती की साधना-आराधना का स्वर और यह एक मंत्र और एक स्वर बन गया

**चटर्जी के लिखे राष्ट्रीय गीत पर देशभर में मनाया जाएगा उत्सव**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सालभर चलेगा यह आयोजन, दिल्ली में की शुरुआत

पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर एक साल चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीएम ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया है। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलेगा। बंकिमचंद्र चटर्जी के लिखे राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरा होने पर देश भर में इसके लिए उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यह गीत भारतीयों की आत्मा का आवाज है।पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि मां भारती की अराधना का राष्ट्रीय स्वर यह गीत है। पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक शब्द नहीं है करोड़ों भारतीयों के लिए यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। इस दौरान मोदी ने एक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।



पीएम मोदी दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए।

### वंदे मातरम का मतलब संकल्पों की सिद्धि

पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है, और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

### गीत को बताया राष्ट्र की आत्मा का स्वर

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे मातरम का जब भी हम उल्लेख करते हैं, तो ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है। यह हर भारती के भविष्य को नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके। ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

### खुद पर विश्वास करें, इसे भारत की सदी बनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस सदी को भारत की सदी बनाना है। यह सामर्थ्य भारत में है, यह सामर्थ्य 140 करोड़ भारतीयों में है और इसके लिए हमें खुद पर विश्वास करना होगा। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलने वाले एक साल के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ है। वर्ष 2025 में वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम अक्षय नवमी के पावन अवसर पर, 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक अंश के रूप में प्रकाशित हुआ था।

### उधर महाराष्ट्र में गीत पर घमासान — आजमी के राष्ट्रीय गीत गाने से कर दिया इनकार



इस जश्न के बीच वंदे मातरम को लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। शुक्रवार को मुंबई में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने सपा नेता अबु आजमी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और सपा नेता से राष्ट्रीय गीत गाने की मांग की। अबु आजमी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि जैसे आप मेरे साथ नमाज नहीं पढ़ सकते, उसी तरह मैं वंदे मातरम नहीं गा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी को उसकी मर्जी के बगैर राष्ट्रीय गीत गाने के लिए मजबूर करना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। आजमी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक फायदे के लिए राष्ट्रवाद का इस्तेमाल कर रही है।

**भाजपा का पलटवार- तो जाइए पाकिस्तान**

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाजपा विधायक राज के पुरोहित ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन प्रतीकात्मक है। वंदे मातरम क्या है, जहां हम रहते हैं, उस धरती तो नमन है। इसे गाया जाना चाहिए और देश का सम्मान करना चाहिए। अगर आप देश से प्यार नहीं करते तो फिर आप पाकिस्तान जाओ। आप इस देश में रहते हैं और यहां विधायक हैं और राष्ट्रीय गीत गाने से इनकार करते हैं।

जेल में बंद सांसद की अर्जी पर बंटे जज

## मीलॉर्ड का खंडित फैसला अब 'सीजे' करेंगे सुनवाई


दिल्ली हाईकोर्ट।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट के 2जजों की पीठ शुक्रवार को तब आपस में बंट गई, जब जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस कारण पीठ ने उस मामले में खंडित फैसला सुनाया। दरअसल, सांसद ने अपनी याचिका में उस आदेश में संशोधन का अनुरोध किया था, जिसमें उन्हें हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में शामिल होने के लिए जेल अधिकारियों के पास लगभग 4 लाख रुपए जमा करने को कहा गया था।

### खर्च के वहन करने पर दी अलग-अलग राय

सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक चौधरी ने जहां सांसद राशिद की याचिका खारिज कर दी, वहीं जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने इसे स्वीकार कर लिया। राशिद ने संसद सत्र में भाग लेने के लिए केंद्र सरकार को उनकी यात्रा का खर्च वहन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इस पर जस्टिस भंभानी का कहना है कि सरकार को सांसद राशिद की यात्रा का खर्च वहन करना चाहिए, जबकि जस्टिस चौधरी का कहना है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए।

### हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए

अब यह मामला हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय के समक्ष रखा जाएगा। दोनों न्यायाधीशों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए हैं। हमने दो अलग-अलग फैसले दिए हैं। उचित आदेश के लिए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। जस्टिस चौधरी ने कहा कि मेरे भाई (जे भंभानी) ने आवेदन स्वीकार कर लिया है। मैंने इसे अस्वीकार कर दिया।


### टेरर फंडिंग में फंसे राशिद

राशिद आतंकी वित्त पोषण के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकी समूहों को वित्त पोषण किया है। वर्ष 2017 के आतंकी वित्त पोषण मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पिछले साल सितंबर में उन्हें जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी।



आईजीआई पर तकनीकी समस्या

## यहां मैसेज स्विचिंग सिस्टम खराब, 300 उड़ानों में देरी


इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। इससे करीब 300 उड़ानों में देरी हो गई। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है।

### मुंबई में भी दिखा असर

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया, दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

बिहार चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## सजा का खुलासा नहीं करने पर रद्द की जाएगी उम्मीदवारी

**कोर्ट बोला- भले ही वह सजा मामूली हो और हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी उम्मीदवार नामांकन पत्र में अपनी किसी भी आपराधिक सजा का खुलासा न करने पर, भले ही वह सजा मामूली हो और बाद में हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो, उसकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यह फैसला बिहार विधानसभा चुनावों के बीच आया है, जो राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

विशेष अनुमति याचिका खारिज की


भारत का सर्वोच्च न्यायालय।

### कोर्ट ने इस मामले में सुनाया फैसला

यह फैसला मध्य प्रदेश के भीकनगांव से नगर पार्षद पूनम के मामले में आया है। पूनम पर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (1881) की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले में ट्रायल कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई थी।

### नामांकन पत्र में नहीं किया सजा का जिक्र

हालांकि, बाद में हाई कोर्ट ने इस सजा को पलट दिया, लेकिन पूनम ने नामांकन पत्र में इस सजा का जिक्र नहीं किया। निचली अदालतों ने उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

### यह बोले जज

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज करते हुए कहा कि नामांकन पत्र में दोषसिद्धि का खुलासा न करना मतदाताओं के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। रद्द सजा का मतलब यह नहीं कि इसे छिपाने का अधिकार है।

### हलफनामे में दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य

इसके साथ ही कोर्ट ने जोर दिया कि चुनावी हलफनामे में सभी पुरानी दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य है, चाहे अपराध छोटा हो या सजा बाद में उलट दी गई हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी न देना अनुचित प्रभाव डालता है, जो मतदाताओं के अधिकारों में बाधा बनता है। पूनम ने मध्य प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 24-ए (1) का पालन नहीं किया, जिसमें नामांकन पत्र में आपराधिक सजा का खुलासा अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि पूनम ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत सजा को छिपाकर महत्वपूर्ण जानकारी दबाई।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए अंतिम दौर में, निवेश के अवसरों पर बातचीत का चौथा राउंड

एजेंसी ▶▶ रोटोरुआ

अमेरिका से साथ चल रहे टैरिफ तनाव के बीच भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर आगे बढ़ रहा है। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित एफटीए के लिए चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ इन वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार पहुंच, सेवाओं, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक व आर्थिक संगम के अनुरूप एक संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

**बढ़ रहा व्यापार का दायरा**

*भारतीयों के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया*

*संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करेंगे*

*चौथी बैठक वस्तु बाजार पहुंच सेवाओं, आर्थिक अवसरों पर केंद्रित*


न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ पीयूष गोयल

*अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मंत्री गोयल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करने के लिए उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें भी कीं। उन्होंने कहा कि एफटीए पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और उम्मीद जताई कि एफटीए को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एफटीए वार्ता औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू की गई थी।*


पीयूष गोयल ने बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल का बगीचा देखा

### दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध

*मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के व्यापार प्रमुखों के साथ बैठकें करना और इवेंट्स में भाग लेना मजबूत दोनों देशों के मध्य गहरे नागरिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। मैंने नरोटोरुआ में भारतीय कम्युनिटी को संबोधित किया, मेरे साथ मेरे समकक्ष टॉड मैकक्ले भी मौजूद थे। इन भारतीय लोगों के अपनेपन, गर्व और देश के साथ उनके गहरे जुड़ाव ने दिल को छू लिया। उन्होंने भारतीय समुदाय से उनकी विशेषज्ञता और अनुभव के जरिए देश की विकसित भारत यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया।*

**द्विपक्षीय व्यापार 11523 करोड़ रुपए रहा**

*वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार 1.3 अरब डॉलर (करीब 11523 करोड़ रुपए) रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क मात्र 2.3 प्रतिशत है। बता दें, एफटीए में, दो देश अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। ये वस्तुओं व सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं।*

**कीवी के बाग का किया दौरा**

## भारतीय किसान से गुणवत्ता पर की चर्चा

पीयूष गोयल ने कीवी फल के बगीचे का दौरा किया, जहां भारतीय कीवी किसानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैकक्ले के साथ के साथ बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल के बगीचे का बहुत अच्छा दौरा रहा। मैं कीवी के भारतीय किसानों और बागवानों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया। साथ ही, यह मेरे लिए एक जानकारी भरा भ्रमण रहा। हमने बगीचे की वैरायटी, गुणवत्ता, खेती के तरीकों और टिकाऊ कोशिशों पर एक सफल बातचीत की। साथ ही उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने की कोशिशों के बारे में भी बेहद कीमती जानकारी मिली।

**खबर संक्षेप**

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और डीजीसीए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के



पिता पुष्कराज सभरवाल की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के 91 वर्षीस पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।

### ओपनएआई के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज

**वॉशिंगटन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी ओपनएआई को सात मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि चैटजीपीटी ने




लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाया और भ्रम की स्थिति पैदा की। कैलिफोर्निया की अदालतों में दायर मुकदमों में गलत कारण से मौत, आत्महत्या के लिए उकसाना, अनजाने में हत्या और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा छह व्यस्कों और एक किशोर ने दायर कराया है।

### ट्रंप के पाकिस्तान के गुप्त परमाणु परीक्षणों वाले बयान पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल बोले*

# तस्करी और धोखाधड़ी से भरा है पाक का इतिहास, यही उसकी पहचान भी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान और उसके गुप्त परमाणु कार्यक्रम को खूब लताड़ा। ट्रंप के पाकिस्तान के गुप्त परमाणु परीक्षणों वाले बयान पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान की गुप्त और गैरकानूनी परमाणु गतिविधियां उसके लंबे इतिहास का हिस्सा हैं, जो तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन, गुप्त साझेदारियों और एक्यू खान नेटवर्क पर टिका है।

उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की इन खतरनाक गतिविधियों के प्रति आगाह किया है। जायसवाल ने डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश अब भी गुप्त परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इस बयान को गंभीरता से लिया है और यह पाकिस्तान के संदिग्ध परमाणु रिकॉर्ड के अनुरूप है। सूडान में भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने कहा कि भारत सरकार सूडानी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि जल्द रिहाई सुनिश्चित की जा सके। जायसवाल ने कहा कि भारत ने गाजा शांति योजना का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि यह पहल स्थाई शांति की दिशा में आगे बढ़ेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान को भारत ने गंभीरता से लिया | गाजा शांति योजना का स्वागत इससे स्थाई शांति आएगी

### रूस की सेना में फंसे 44 भारतीयों की रिहाई में जुटा भारत


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

जायसवाल ने कहा कि रूस में इस समय लगभग 44 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जो किसी न किसी रूप में रूसी सेना से जुड़े हैं। भारत सरकार उनके सुरक्षित वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने यह मामला रूस सरकार के साथ नई दिल्ली और मॉस्को, दोनों स्तरों पर उठाया है। हमारी मांग है कि सभी भारतीयों को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और इस तरह की भर्ती प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीयों को ऐसे किसी भी ऑफर के झांसे में नहीं आना चाहिए, क्योंकि रूस में चल रहे युद्ध के हालात बेहद खतरनाक हैं और इसमें शामिल होना जानलेवा साबित हो सकता है। जहां तक ट्रंप की भारत यात्रा की बात है, प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल मेरे पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### अफगानिस्तान में स्टाफ बढ़ाएंगे

*प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री हाल ही में भारत आए थे और दोनों देशों के बीच संपर्क लगातार बना हुआ है। भारत ने अफगानिस्तान में अपने मिशन को अब दूतावास का दर्जा दे दिया है और वहां स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त यूएई में हिरासत मामले पर कहा कि भारत सरकार वहां की सरकार से लगातार संपर्क में है और चार बार काउंसुलर एक्सेस मांगी गई है और लगातार सहायता प्रदान की जा रही है।*

### म्यांमार से 270 भारतीय सुरक्षित वापस लाए

रणधीर जायसवाल ने बताया कि दक्षिण-पूर्व एशिया में साइबर स्कैम जॉब ऑफर्स को लेकर भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऑफर भारी जोखिम से भरे हैं और इनमें फंसने पर कई भारतीयों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि म्यांमार में अवैध साइबर सेंटर्स पर कार्रवाई के बाद 270 भारतीयों को थाईलैंड से सुरक्षित वापस लाया गया है और कुछ और नागरिकों की वापसी प्रक्रिया में हैं।

### छात्र व व्यावसायिक वीजा वालों को किया मजबूर

उन्होंने कहा कि हम रूसी पक्ष के संपर्क में हैं। हम इन लोगों के परिवारों के भी संपर्क में हैं और उन्हें मामले की जानकारी दे रहे हैं। ऐसी खबरें आई हैं कि छात्र और व्यावसायिक वीजा पर कुछ भारतीयों को यूक्रेन में युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर तैनात रूसी सैन्य इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मंत्रालय के बयान सही

जायसवाल ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी मंत्रालय पहले ही साझा कर चुका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में आई टिप्पणियों पर ध्यान देने के बजाय मंत्रालय के आधिकारिक बयानों को ही आधार माना जाए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री की आगामी यात्राओं और द्विपक्षीय वार्ताओं की जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दावा**

## अगले साल से भारत में ही बनने लगेंगे स्वदेशी फाइटर जेट इंजन


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि मिग-21 की विदाई के बाद हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए इंजनों की आपूर्ति की दिशा में केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस संबंध में अंतिम फैसला सिर्फ सीसीएस (रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति) ही लेगी। कॉन्सेप्ट और डारेक्शन को लेकर हमारी स्पष्टता है।

रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया कि एक साल के भीतर भारत में फाइटर जेट इंजनों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत वह 'मेड इन इंडिया बाय इंडियंस' होंगे।

**टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल करने पर जोर**

फ्रांस की सफ्रान कंपनी के साथ पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए पहले इंजन की बातचीत को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि जितनी जल्दी हो सके भारत में उत्पादन शुरू हो सके। इसपर सीसीएस जल्द ही फैसला लेगी। उन्होंने साफ किया कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। हम समझौते के तहत ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### स्वदेशी स्टील्थ जेट पर काम उत्साहजनक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के पहले दो इंजनों वाले स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट पर चल रहा काम उत्साहजनक है। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद ही इन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए इंडस्ट्री पार्टनरशिप मॉडल को मंजूरी दी थी। इस प्रोजेक्ट के तहत उत्पादन शुरू होने में 10 साल लगने की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह भी संभावना है कि यह इस समय-सीमा से पहले ही हो जाए।

मामले में हर तरह से जरूरी सहायता प्रदान करेगा विदेश मंत्रालय

## मेजर विक्रांत जेटली के मामले पर यूएई की सरकार के संपर्क में भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली के भाई सेवानिवृत्त मेजर विक्रांत जेटली के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की जेल में नजरबंद होने के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि मेजर जेटली के मुद्दे को लेकर हम यूएई की सरकार से संपर्क बनाए हुए हैं।

बीते कई महीनों में हमने चार बार उनसे काउंसलर एक्सेस मांगी है। जिसके तहत हमारे दूतावास के अधिकारी मेजर जेटली से जाकर मिले हैं। हम उनके परिवार और धर्मपत्नी के भी संपर्क में रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में तीन नवंबर को इस संबंध में दिल्ली उच्च-न्यायालय का जो आदेश आया था। उसके मुताबिक, हम तमाम जरूरी सहायता प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि मेजर जेटली पिछले साल 2024 से यूएई की जेल में नजरबंद हैं।

**सूडान पर भारत की पैनी नजर**

*रणधीर ने बताया कि सूडान में भारत का एक नागरिक आरएसएफ की हिरासत में है। वहां अलफशर नामक जगह पर लड़ाई जारी है। विदेश मंत्रालय सूडान की सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के संपर्क में बना हुआ है। जिससे उनकी हिरासत में मौजूद हमारे देश के नागरिकों को छुड़ाया जा सके। साथ ही हम उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकें।*



### क्वाड एक मूल्यवान मंच

*उन्होंने क्वाड को लेकर की गई अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर कहा, यह एक मूल्यवान मंच है। जिसके जरिए भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इस समूह की प्रगति जारी है। हाल ही में भारत में समुद्री सप्ताह हुआ था। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 29 से 30 अक्टूबर तक क्वाड फ्यूचर्स सम्मेलन हुआ। जिसमें दो दर्जन देशों ने भाग लिया। क्वाड के चारों देश भी इसका हिस्सा बनें और 120 प्रतिनिधिमंडलों की भी भागीदारी देखने को मिली है।*

**भारत-फिनलैंड के बीच परामर्श बैठक**

## व्यापार, डिजिटल और एआई सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फिनलैंड के बीच 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक हेलसिंकी में हुई। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग की पूरी समीक्षा की और व्यापार व निवेश, डिजिटलाइजेशन, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी/6जी, एआई, सतत विकास, स्वच्छ तकनीक, परिपत्र अर्थव्यवस्था, शिक्षा, अनुसंधान और विकास, तथा लोगों के बीच संबंध और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-फिनलैंड की बैठक हेलसिंकी में हुई। भारत की ओर से सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और फिनलैंड की ओर से स्थाई राज्य


हेलसिंकी में विदेश कार्यालय परामर्श बैठक

सचिवजुक्का सालोवाारा ने बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग की पूरी समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में इसे और आगे बढ़ाने पर सहमति दी। फिनलैंड ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के जल्द निष्कर्ष के लिए अपना समर्थन दोहराया। बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

### भारत ने क्यूबा को 20 टन मानवीय सहायता सौंपी



**हवाना।** एकजुटता और मानवीय समर्थन के एक संकेत के रूप में, भारत ने तूफान मेलिसा से हुई तबाही के बाद बचाव कार्यों में मदद के लिए क्यूबा को लगभग 20 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री प्रदान की। हवाना स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि 'वसुधैव कुटुम्बकम–दुनिया एक परिवार है' की भावना से प्रेरित होकर, भारत क्यूबा के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है और मित्रता और मानवीय सहयोग के बंधन को मजबूत करता है। राहत सामग्री में एक विशेष भारत स्वास्थ्य सहयोग, हित और मैत्री (भीष्म) चिकित्सा आघात इकाई, आवश्यक दवाइयां, बिजली जनरेटर, टेंट, बिस्तर हैं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व**

# दुबई एयर शो में हवाई कलाबाजियां दिखाएगी वायुसेना की सूर्यकिरण टीम

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में जारी दो तरह के संकटों (टैरिफ और सैन्य संघर्षों) के बीच खाड़ी के एक महत्वपूर्ण देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे घनी आबादी वाले शहर दुबई में 17 से 21 नवंबर तक अंतराष्ट्रीय एयर शो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत की दो तरफा भागीदारी देखने को मिलेगी।

एक ओर भारतीय वायुसेना के कुल 9 सूर्यकिरण विमानों की टीम अपने हवाई करतब से एयर शो में अपना जलवा बिखेरेगी। वहीं, दूसरी ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बार इस अंतराष्ट्रीय वैमानिकी शो में शिरकत करेंगे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वायुसेना के सूर्यकिरण विमानों की एक टीम एयर शो के शुरुआती दो दिनों 17 से 18 तक इसमें शामिल होगी। जबकि भारत की तरफ से रक्षा मंत्री की भागीदारी भी खासी महत्वपूर्ण रहेगी।

सूर्यकिरण टीम में शामिल 9 रेड और वाइट हॉक मार्क-132 विमान | 17 से 21 नवंबर तक अंतराष्ट्रीय एयर शो का आयोजन होगा


वायुसेना का तेजस और ध्रुव हेलीकॉप्टर

### 2023 में भारत की ऐसी थी भागीदारी

बीते कुछ सालों से दुबई एयर शो में भारत की एक मजबूत और नियमित उपस्थिति देखने को मिल रही है। यह एक द्विवार्षिक यानी दो साल एक बार होने वाला आयोजन है। 2023 में एयर शो में वायुसेना के दो स्वदेशी हवाई हथियारों और सैन्य उपकरणों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था।

### तेजस, ध्रुव की खूबियां

तेजस भारत का पहला स्वदेश में निर्मित लड़ाकू विमान है। जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। वर्तमान में वायुसेना में इसकी दो स्क्वाड्रन (कुल 36 विमान) तैनात हैं। पहली स्क्वाड्रन (नंबर 45 और फ्लाइंग डैगर्स) वर्ष 2016 में तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर तैनात की गई थी। जबकि दूसरी नंबर 18 स्क्वाड्रन (फ्लाइंग बुलेट्स) गुजरात के नलिया एयरबेस पर तैनात है। वायुसेना की तेजस विमानों की 18 और स्क्वाड्रन खरीदने की योजना है, प्रक्रिया जारी है। ध्रुव भी एचएएल द्वारा सेनाओं के लिए निर्मित एक स्वदेशी हथियार है। जो लगभग 5.5 टन वजनी डबल इंजन वाला बहु-भूमिका वाला हेलीकॉप्टर है। वर्ष 2002 में इसे सैन्य सेवा में शामिल किया गया था। तीनों सशस्त्र सेनाएं (थलसेना, नौसेना और वायुसेना) ध्रुव का प्रयोग कर रही हैं।

### एयर डिस्प्ले के लिए मशहूर सारंग-सूर्यकिरण

सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम में शामिल 9 रेड और वाइट हॉक मार्क-132 विमान हैं। एचएएल ने इन्हें लाइसेंस के तहत बनाया है। ये भारत की ही नहीं बल्कि एशिया की नौ विमानों की बेहद निकटता से हवाई करतब दिखाने वाली पहली टीम है। जिसमें इनकी हार्ट, डायमंड, लूप और काम्बैट फॉरमेशन चर्चित हैं। वहीं, सारंग की स्थापना 2005 में 151 हेलीकॉप्टर यूनिट के रूप में की गई थी। यह यूनिट 5 संशोधित ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाती है और इनका मुख्य तैनात एयरबेस कोयंबटूर के पास स्थित सुलूर एयरबेस है।

**यूएस के मंत्री ने टैरिफ का किया बचाव**

## भारत को रूसी तेल आयात करने से रोकना हमारा एक कूटनीतिक कदम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों का बचाव करते हुए करते हुए भारत का हवाला दिया है। उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ का एक कूटनीति हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत से रूसी तेल आयात रोकने का आग्रह किया ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सके। लुटनिक ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल न्याय खरीदने और वैश्विक स्थिरता बहाल करने के लिए किया। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट यह तय करने पर विचार कर रहा है कि क्या ट्रंप


यूएस वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक

द्वारा 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाई गई व्यापक टैरिफ नीतियां वैध थीं या नहीं।

लुटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति इन टैक्सों का इस्तेमाल न्याय सुनिश्चित करने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने भारत से कहा था कि रूस से तेल खरीदना बंद करें।

# विश्व विजेता बेटियों का सम्मान : स्मृति, जेमिमा और राधा को महाराष्ट्र सरकार ने दिए 2.25 करोड़

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को 2.25 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया। दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान फडणवीस ने तीनों को 'महाराष्ट्र का गौरव' बताया और कहा कि टीम की जीत युवा लड़कियों को खेलों में शामिल होने के साथ वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगी। फडणवीस ने कहा, 'आपने महाराष्ट्र को गौरवान्वित किया है। आपकी जीत से राज्य में खुशी का माहौल है।



### कोच मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक

क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया जबकि सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 11 लाख रुपए दिए गए। गेंदबाजी कोच आविष्कार साल्वी, पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डायना एडुल्जी, विश्लेषक अनिरुद्ध देशपांडे, लॉजिस्टिक्स समन्वयक अपर्णा गंभीरराव और सहयोगी स्टाफ सदस्य मिहिर उपाध्याय, पूर्वा काटे और ममता शिरुरुल्ला इस मौके पर मौजूद थे।

### महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया : मंधाना

उप-कप्तान मंधाना ने राज्य के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें आमंत्रित करने और सम्मानित करने के लिए धन्यवाद और वो भी मुंबई में जो इसे और भी खास बनाता है। महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया है। 2017 में भी जब हम उपविजेता रहे थे तब भी हमें सम्मानित किया गया था। हमारे कई सहयोगी स्टाफ इसी राज्य से हैं। उनकी कड़ी मेहनत के बिना यह जीत संभव नहीं होती।'

### सीएम चंद्रबाबू नायडू से मिली श्रीचरणी




अमरावती में भारतीय क्रिकेटर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्य के मानव संसाधन विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी को भारत की महिला विश्व कप जीत पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी से कहा कि महिला विश्व कप जीतकर उन्होंने भारतीय महिलाओं की शक्ति का परिचय दिया है। वह महिला एथलीट्स के लिए एक आदर्श बन गई हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत को विजेता बनाने वालीं स्पिनर के साथ सेल्फी। श्रीचरणी ने महिला विश्व कप 2025 में 9 मुकाबले खेलते हुए 27.64 की औसत के साथ 14 विकेट अपने नाम किए थे।

### अमनजोत-हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

**चंडीगढ़।** विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया।



पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हवाई अड्डे से बाहर आते ही दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने कहा, 'यह जीत पूरे भारत, पूरे पंजाब की है।' उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। अमनजोत ने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे।' देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपन के सेमीफाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांतिरा सीलन ने सिडनी में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी करेन ब्लूम को सीधे गेम में हराकर 'एनएसडब्ल्यू ओपन' स्क्वॉश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त 24 वर्षीय चेन्नई की खिलाड़ी ने पीएसए चैलेंजर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में करेन को 22 मिनट में 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। इस बीच पांचवीं वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी ने स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में 32,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की स्पर्धा 'सेंट जेम्स एक्सप्रेशन' ओपन के अंतिम-16 मुकाबले में मिस्र के मोहम्मद शराफ को 11-7, 10-12, 11-5, 11-8 से हराया।

### गलतियों से सबक लेकर अपने शॉट में किए सुधार




**कैरारा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने वाले भारतीय खिलाड़ी अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी 'पिछली गलतियों' से सीख लेते हुए बाउंड्री के आकार को अपने शॉट चयन पर हावी नहीं होने दिया। अक्षर ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान आखिरी ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 167 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए अक्षर ने 'कहा, ' जाहिर है, मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे।

### गेंदबाजों का कहर, अफ्रीकी टीम 221 रन पर सिमटी



**बेंगलुरु।** मार्क्स एकरमैन की शतकीय पारी के बावजूद भारत ए ने दूसरे चार दिवसीय मैच में दूसरे दिन तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते दक्षिण अफ्रीका ए की पहली पारी को 221 रन पर समेट कर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की। भारत 'ए' ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 78 रन बनाकर अपनी बढ़त को 112 रन तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (26) के साथ कुलदीप यादव (शून्य) क्रीज पर मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद सिराज (61 रन पर दो विकेट) और आकाशदीप (28 रन पर दो विकेट) ने बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र की पिच का शानदार तरीके से इस्तेमाल करते करने हुए आपस में सात विकेट साझा किए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 221 रन पर सिमट गई।

### आज दोपहर 1:45 बजे से भारत का विदेशी सरजमीं पर पांचवां टी-20

# ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸ ब्रिसबेन

विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम 8 नवंबर को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया में 17 साल से कोई टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा।

### गिल ने दिया लय में वापसी का संकेत

भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी, जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था।




### टीम इंडिया का निचला क्रम प्रभावी

भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए।

### हेजलवुड के हटने से पैनापन की कमी

हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट हेड की अनुपस्थिति में शीर्ष क्रम में प्रभावित करने का एक मौका गंवा दिया। वह शनिवार को अपनी गलतियों की भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जोश हेजलवुड के श्रृंखला से हटने के बाद घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन की कमी दिखी है। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने ज्यादातर जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन चौथे टी20 में बेन ड्वार्शिस को कोई विकेट नहीं मिला। मेजबान टीम आखिरी मैच में महली बियर्डमैन को पदार्पण का मौका देने पर विचार कर सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम ज़म्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

### अब जबलपुर बनेगा ग्लोबल पहचान का केंद्र

# भारत गोल्फ महोत्सव आज से मिल रहा जोरदार समर्थन



एजेंसी ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर एक ऐतिहासिक खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। 8 और 9 नवंबर को होने जा रहा भारत गोल्फ महोत्सव शहर में उत्साह और गर्व का माहौल लेकर आया है। शहर के उद्योगपति, व्यापारी और आमजन इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि यह आयोजन जबलपुर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

### दिखाई एकजुटता

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या की मौजूदगी में शहर के प्रमुख उद्योगपतियों, बिजनेस संगठनों और गणमान्य नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंकज माहेश्वरी, राहुल अग्रवाल, शैलेश राजपाल, मुनींद्र मिश्रा, हिमांशु खरे और सीनियर एडवोकेट अभिषेक ध्यानी सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं। बैठक में सभी ने एक सुर में कहा, भारत गोल्फ महोत्सव हमारे शहर के लिए गर्व का अवसर है।

### भारत गोल्फ महोत्सव – खेल और संस्कार का संगम

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जबलपुर के आर्मी एरिया में होगा। इस ग्रैंड इवेंट में फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत सहित देशभर के नामी गोल्फ खिलाड़ी और हस्तियां शिरकत करेंगी। महोत्सव के दौरान गोल्फ टूर्नामेंट के साथ-साथ जवानों के साथ दौड़, पौधारोपण, बच्चों को गोल्फ ट्रेनिंग, वीर नारियों का सम्मान, और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**बैठक का उद्देश्य-** बैठक का मुख्य उद्देश्य न सिर्फ गोल्फ को बढ़ावा देना था, बल्कि जबलपुर को एक ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाना भी था। आयोजन से न सिर्फ खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह शहर की ब्रांडिंग, बिजनेस और टूरिज्म सेक्टर को भी नई ऊंचाई देगा।

### बीडीसीए स्व. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहब' कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट

# मयंक अकादमी और सेंचुरियन की टीमें फाइनल में, अंडर-15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट में विदिशा जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

स्व. गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहब कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार का पहला दो दिवसीय सेमी फाइनल मैच फ़ेथ क्रिकेट मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया।



आर्य शर्मा

सेंचुरियन ने पहली पारी में 90 ओवर में 6 विकेट पर 197 रन बनाए, जिसमे आर्य शर्मा ने नाबाद 104 रन बनाए। जवाब में अरेरा ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 4 ओवर में 1 विकेट पर 2 रन बना लिए थे।

### पहली पारी में बढ़त के आधार पर फाइनल में पहुंची मयंक अकादमी

टूर्नामेंट का दूसरा दो दिवसीय सेमी फाइनल मैच डीपीएस मैदान पर मयंक क्रिकेट अकादमी और रेल्वे यूथ क्रिकेट अकादमी के मध्य खेले जा रहें मैच के दूसरे दिन रेलवे यूथ 67.5 ओवर में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में मयंक ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 13 ओवर में 2 विकेट पर 30 रन बना लिए थे। इस तरह मयंक अकादमी ने पहली पारी में बढ़त से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

### विदिशा ने सीहोर को 5 विकेट से हराया





बीडीसीए अंडर-15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में सीहोर मैदान में सीहोर और विदिशा के मध्य मैच खेला गया, सीहोर की टीम ने 38.5 ओवर में 109 रन बनाए। जवाब में विदिशा ने 36.1 ओवर में 5 विकेट पर 110 रन बनाकर जीत गई।सीहोर के नैतिक ने 2 विकेट लिए । इस तरह विदिशा डिस्ट्रिक्ट ने सीहोर को 5 विकेट से हराया ।

### 5वीं स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप

# मयंक, अंकुर, लखनऊ, राजस्थान और फिजियो थेरेपिस्ट की टीम जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

5वीं स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को पहला मैच मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी विरुद्ध सेंचुरियन अकादमी के बीच खेला गया,मयंक ने 264/9 का स्कोर किया। जवाब में सेंचुरियन की टीम कुल 178/10 रन ही बना पाई। मयंक अकादमी ने मैच 86 रनों से जीत लिया । अरबाज़उद्दीन को मैंन ऑफ द मैच चुना गया । दूसरा मैच शिवाय अकादमी विरुद्ध अंकुर अकादमी खेला गया। शिवाय अकादमी ने 122/10 रन बनाए। जवाब में अंकुरने 124/4 रन बनाकर मैच को 6 विकेट से जीत लिया।



### एमपी फिजियो ने ग्वालियर को 9 विकेट से हराया

एमपी फिजियो लीग ने पहले ही मैच में भोपाल की वर्टेक्स रॉयल टीम ने ग्वालियर फिजियो सनराइजर्स को 9 विकेट से हराकर टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की। ग्वालियर ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। जवाब में भोपाल की वर्टेक्स रॉयल टीम ने मात्र 9.5 ओवर में 110 रन बनाकर मैच 9 विकेट से अपने नाम किया। विनोद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ।

### प्रदेशभर की 32 संस्थाओं से 1500 से अधिक स्पेशल बच्चे हिस्सा लेंगे

# रोटरी क्लब के दिव्यांग विंटर गेम्स कल से टीटी नगर स्टेडियम में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आम लोगों की नजर में भले ही दिव्यांग बच्चे सहानुभूति के पात्र हों, लेकिन उनके जज़्बे और हौसले को सलाम करते हुएरोटरी क्लब पिछले 23 वर्षों से निरंतर "दिव्यांग विंटर गेम्स" का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष का आयोजन 9 नवंबर रविवार को टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में भव्य रूप से किया जाएगा। इस 'मानवता के सबसे बड़े तीर्थ' में 32 संस्थाओं के प्रदेशभर से लगभग 1500 से अधिक स्पेशल बच्चे




हिस्सा लेंगे। इनमें भोपाल के अलावा विदिशा, खरगोन, राजगढ़, होशंगाबाद, रीवा, जबलपुर, इंदौर, देवास, शुजालपुर, नरसिंहगढ़ और नागदा की संस्थाओं के बच्चे शामिल होंगे। सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, प्रतिभागियों के लिए आवास और परिवहन की निःशुल्क व्यवस्था भी क्लब की ओर से की जा रही है। चेयरपर्सन अभास जैन ने बताया कि सभी दिव्यांग प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और रिटर्न गिफ्ट प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में एशियाई दिव्यांग खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ी भी विशेष आकर्षण रहेंगे। यह आयोजन सभी दर्शकों के लिए खुला रहेगा। जैन ने इन जज़्बे से भरे सितारों का हौसला बढ़ाने सभी से आने की अपील की है।

### 30वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीते

# कैम्पियन के रोलर स्केटर्स ने 13 पदकों पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश रोलर स्केटिंग संगठन द्वारा एमरॉल्ड हाइटस इन्टरनेशनल स्कूल इन्दौर के स्केटिंग रिंक में आयोजित 6 दिवसीय 30वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में कैम्पियन स्कूल के 7 प्रतिभावान रोलर स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य जीतकर कुल 13 पदकों पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में कैम्पियन की स्केटर्स रिशिका शिंदे ने 3 स्वर्ण, कशवी शर्मा 3 स्वर्ण, संभव मिश्रा 1 स्वर्ण 1 रजत, अंविता सिंह 1 स्वर्ण 1 रजत, दिव्यांश लगलवार 1 रजत, यशनील चौधरी 1 रजत और ज्वेल साजी जार्ज ने 1 कांस्य पदक जीता। इन सभी स्केटर्स ने इस प्रतियोगिता में 200 मी., 300 मी., 500 मी. और 1000 मी. रिंक, लैप और रोड़ वर्ग में यह सभी पदक जीते। इन सभी




खिलाड़ियों ने स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा एवं मीनाक्षी राजपूत के मागदर्शन में स्केटिंग रिंक में नियमित प्रशिक्षण लिया था। प्राचार्य फादर डॉ. अथनस लकड़ा एस.जे., उप प्राचार्य मनोज मिंज एस.जे एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी ने कोच संजय मिश्रा एवं मीनाक्षी राजपूत व सभी छात्र एवं छात्राओं को इस रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप



### मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़े ट्रक में लगी आग

**भोपाल**। राजधानी के एमपी नगर इलाके में शुक्रवार को मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे 10 फीट तक ऊपर उठी। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर फौरन दमकल है मौका पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### दो युवकों से एक पिस्टल एक जिंदा कारतूस जब्त

**भोपाल**। रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बुलमदर तिराहा पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली कि बुलमदर तिराहा के पास दो युवक पल्सर से आए हैं। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम शुभम कुमार (20) छपरा बिहार, हाल पता सिकंदराबाद रातीबड़ और दूसरे ने नाम आदित्य मिश्रा (20) छपरा, बिहार, हाल पता सिकंदराबाद रातीबड़ बताया। तलाशी में एक देशी पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस मिला।

### युकांः भोपाल दक्षिण-पश्चिम से प्रियंक विजयी

**भोपाल**। हाल ही में सम्पन्न हुए संगठनात्मक भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जिसमें भोपाल की दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से प्रियंक सकवार सनी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए विधानसभा अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की है। क्षेत्र के युवाओं और कार्यकर्ताओं ने उनके विजयी होने पर जोरदार स्वागत किया तथा बधाइयां दीं। प्रियंक सकवार सनी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं और संगठन के प्रत्येक साथी की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संगठन को मजबूत करने, युवाओं की आवाज़ को बुलंद करने और क्षेत्र के हर वर्ग के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।

### कफ सिरप कांडः इलाज का खर्च नहीं मिलाः नाथ

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में जहरीला कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत के मामले में राज्य सरकार पर आरोप लगाए हैं। कमलनाथ ने कहा कि सरकार ने पीड़ित बच्चों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक किसी भी परिवार को उपचार की राशि नहीं मिली। कमलनाथ ने गुरुवार को इस मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की।

### दैवेभो को विनियमित किए जाने की चर्चा

**भोपाल**। नगर निगम में 29 दिवसीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनयमित किए जाने और विनियमित कर्मचारियों को स्थाई किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कर्मचारी नेता महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बावीसा से मिले। कर्मचारी नेता अशोक वर्मा ने बताया कि उन्होंने आगामी नगर निगम परिषद में यह मामला उठाने और इसके लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रेमलता गुप्ता, सरोज बिलखरे, इंदु सेन, दिलीप सेठी आदि मौजूद थे।

# गीता जयंती पर पूरे प्रदेश में श्रीमद् भगवद् गीता का होगा सस्वर पाठ

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गीता जयंती, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के प्रदेश में गरिमापूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जाएं।

इसके साथ ही ऑनलाइन श्रीमद् भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता में अधिकाधिक भागीदारी के प्रयास किए जाएं। विक्रमोत्सव की शुरूआत 15 फरवरी से होगी और 19 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां होंगी। इसके बाद 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**खास बातें**
- उज्जैन में 1 से 3 दिसम्बर तक होगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव
- राजधानी में भी 1 दिसम्बर को होंगी कई

## 7 से 25 नवम्बर प्रदेश में ऑनलाइन प्रतियोगिता

### स्पर्धा में 70 पुरस्कारों का प्रावधान

मप्र में 7 से 25 नवंबर की अवधि में ऑनलाइन श्रीमद् भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता हो रही है। मप्र के 70 वें स्थापना वर्ष में इस स्पर्धा में 70 पुरस्कारों का प्रावधान किया गया है। पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार एक लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रूपए का रहेगा। 31 हजार रूपए के तीन तृतीय पुरस्कारों सहित 15 लैपटाप, 30 ई-बाइक और 20 ई-रिक्शा का वितरण हाएगा। श्रेष्ठ ज्ञान स्तर के लिए 11 से 25 वर्ष आयु के विद्यार्थियों को वर्ष तक शिक्षावृत्ति देने का प्रावधान भी किया गया है।

**हरियाणा के कुरुक्षेत्र में सजेंगे मध्यप्रदेश के व्यंजनों के स्टॉल**

मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 की तैयारी की जानकारी ली। महोत्सव में मप्र के आंचलिक और जनजातीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। मध्यप्रदेश की प्रदर्शनी, मेले और नाट्य समारोह के आयोजन होंगे।

### लाल परेड ग्राउंड पर बैंगलुरु का दल देगा गीता ऑन व्हील्स सांगीतिक प्रस्तुति

भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत 1 दिसम्बर को लाल परेड ग्राउण्ड पर आचार्यों की सन्निधि में श्रीमद् भगवद् गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ होगा। इसके साथ ही गो पालन और गोपाल पर आधारित प्रदर्शनी और बैंगलुर के दल द्वारा गीता ऑन व्हील्स सांगीतिक प्रस्तुति होगी। दो दिसम्बर को रवीन्द्र भवन भोपाल के हंसध्वनि सभागार में कृष्णायन की प्रस्तुति के साथ दिव्यांग कलाकार भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में 1 से 3 दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए की जा रही तैयारी की भी जानकारी प्राप्त की। इस महोत्सव में ऑनलाइन श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कृत प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता में 21 लाख नागरिकों की विशाल भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

## जीरो पते वाले मतदाताओं को भी देना पड़ेगी वर्ष-2003 की जानकारी

# अस्थाई निवास वाले मतदाताओं के कटेंगे वोटर लिस्ट से नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में इस बार जीरो पते वाले मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे। जबकि अनाथ लोगों को भी अपने पिता या केयरटेकर का रिकार्ड गणना पत्रक में भरना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर इन वोटर्स के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाएंगे। जबकि इसके पहले तीन बार के सर्वे में एक जगह पर मिलने वाले लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ लिए जाते थे, लेकिन एसआईआर होने की वजह से इन लोगों को अब वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जाएगा। इधर एसआईआर के चौथे दिन भी दक्षिण-पश्चिम और नरेला विधानसभा के पोलिंग बूथों पर गणना पत्रक छपकर नहीं मिले हैं। जिससे इन पोलिंग बूथों के बीएलओ एसडीएम दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं।

नरेला के 330 पोलिंग बूथों में दो सौ बूथों के ही गणना पत्रक छपकर मिले हैं, जबकि 130 पोलिंग बूथों के गणना पत्रक नहीं मिलने से वितरण शुरु नहीं किया है।

### चौथे दिन भी छपकर नहीं आए गणना पत्रक



बूथ पर गणना पत्रक का कार्य करते बीएलओ

**मुस्लिम एसआईआर की प्रक्रिया में करें सहयोग**

शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे एसआईआर सर्वे को लेकर किसी भी तरह के भ्रम में न रहें। यह एक कानूनी और जरूरी प्रक्रिया है, जिससे नागरिकों की पहचान और दस्तावेजों का रिकॉर्ड मजबूत होगा। नदवी ने कहा कि मैं मुसलमानों और शहर के नागरिकों से कहना चाहते हैं कि एसआईआर के तहत जब सरकारी कर्मचारी या अधिकारी आपके घर आएं, तो पूरा सहयोग करें।

**बीएलओ एप पर खुद का या पिता का रिकार्ड**

शुक्रवार को पोलिंग बूथों पर बीएलओ ने मौके पर ही बीएलओ एप में जानकारी अपलोड की। इस दौरान वह एप में खुद या पिता की जानकारी ही अपलोड कर सके। शेष लोगों की जानकारी अपलोड नहीं हो सकी।

**एक जनवरी 2026 वालों का जुड़ेगा नाम**

एक जनवरी 2026 को अठारह साल पूरे करने वाले युवा भी वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। जिसके लिए उन्हें जन्म का प्रमाण, आधार और एक कलर फोटो देना पड़ेगा। बीएलओ छह नंबर फार्म भरकर उसकी जानकारी बीएलओ एप पर अपलोड करेगा। जिसके आधार पर नए वोटर का नाम जोड़ दिया जाएगा।

**वार्ड में हेल्प डेस्क का इंतजार, गांव में बनाने का फरमान**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने फंदा और बैरसिया जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं कि मतदाताओं के गणना फार्म भरने और वर्ष-2003 की मतदाता सूची से स्वयं या परविार का मिलान करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में हेल्प डेस्क बनाई जाए। इधर वार्ड दफ्तरों में अब तक हेल्पडेस्क ही शुरु नहीं की जा सकी है।

### आधा वेतन मिला, आज से सफाई कार्य ठप करने की चेतावनी

**भोपाल**। नगर निगम में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी (दैवेभो) कर्मचारियों में शुक्रवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब उनके बैंक खातों में अक्टूबर माह का केवल आधा वेतन 5300 रुपए जमा हुआ। आधे वेतन की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों में नाराजगी फैल गई और वे एक-दूसरे को फोन कर हड़ताल की बात करने लगे। कई कर्मियों ने यहां तक कहा कि शनिवार से सफाई कार्य पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। हालांकि यूनियन नेताओं ने फिलहाल हड़ताल की पुष्टि नहीं की है।

## आतंकी साजिशों के संदिग्ध आरोपी के खिलाफ पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए और मध्यप्रदेश एटीएस द्वारा चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में पकड़े गए टेरर फंडिंग और आतंकी साजिशें रचने के संदिग्ध आरोपी मोहसिन के खिलाफ एनआईए ने आईपीसी की धारा-120 बी,295,153,153 बी और देशद्रोही अधिनियम की धारा-13, 17,18, 20, 38, 39और 40 के अंतर्गत विवेचना कर एनआईए के विशेष न्यायाधीश डॉ. मुकेश मलिक के न्यायालय में पूरक चालान पेश किया है। एनआईए ने अपने चालान में आरोपियों के देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने और टेरर फंडिंग के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।

एनआईए ने मोहसिन को 29 मई को नई दिल्ली के इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व 9 मई 2023 को एटीएस ने एचयूटी के 16 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। एनआईए द्वारा 22 नवंबर 2023 को 16 संदिग्ध आतंकियों के खिलाफ विवेचना कर एनआईए के विशेष न्यायाधीश के न्यायालय में चालान पेश किया गया था।

## जंगल से नक्सलियों की रायफल बरामद, घायल होने के मिले सबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बालाघाट के रूपझर के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच 2 नवम्बर को हुई मुठभेड़ के स्थान पर सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों को नक्सलियों की रायफल सहित अन्य सामान मिले हैं।

पुलिस का दावा है सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में नक्सली घायल हुए है। जिसके साक्ष्य मिले हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा की टीमें तथा थानों एवं चौकियों के बल ने जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान जंगल में नक्सलियों के ठिकाने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं से भरा बैग एवं एक रायफल मिली है।

सर्चिंग के दौरान हताहत नक्सली के खून से सनी मिट्टी व जूते पाए गए हैं।

### एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटीः सिंघार बोले, स्कूल बंद होने की नौबत

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की शुरूआत होते ही बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि शिक्षक कमी से जूझ रहे स्कूलों के बीच हजारों शिक्षकों को बीएलओ में भेजना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को ठप करने जैसा है। शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया, तो स्कूलों में ताले लगने जैसी स्थिति बन सकती है।

## हॉस्टल के सामने टहल रही छात्रा से 85 हजार का मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। दो दिन पहले ही बीटेक के छात्र के साथ हुई मोबाइल लूट के बाद बाइक सवार झपटमारों ने एक छात्रा का 85 हजार रुपए का मोबाइल झपट लिया।

घटना 5 नवंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास की है। दो दिन बाद 7 नवंबर शुक्रवार को पुलिस ने अज्ञात झपटमारों के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार तानिया गर्ग पिता रामकुमार गर्ग (18) इलाके के हॉस्टल में रहती है और पढ़ाई कर रही है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 5 नवंबर बुधवार रात वह हॉस्टल के बाहर टहल रही थी। इस दौरान मोबाइल पर बात कर रही थी, तभी बाइक पर आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। घटना की शिकायत उसने पुलिस को की थी।

पुलिस ने दो दिन बाद शुक्रवार दोपहर अज्ञात झपटमारों पर झपटमारी का मामला दर्ज कर लिया है। झपटे गए मोबाइल की कीमत 85 हजार रुपए बताई जा रही है।

## बाइक की टक्कर रिटायर्ड कंपनी कमांडर की मौत

बेटे का था बर्थ-डे केक लाने के लिए स्कूटर लेकर निकले थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित 99 ड्रीमलेंड कॉलोनी के सामने सड़क पार कर रहे 75 साल के बुजुर्ग को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के समय वह अपने बेटे के लिए कैक लेने पहुंचे थे, तभी सड़क पार करते समय हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार 75 साल विनय बहादुर आईबीडी हालमार्क सिटी कोलार में रहते थे। वह एसएएफ से कंपनी कमांडर बतौर रिटायर्ड थे। उनकी पत्नी जूनादेवी ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 1 नवंबर को उनके बेटे विजय बहादुर का जन्म दिन था। विनय शाम घर से स्कूटर लेकर बेटे के लिए कैक लेने गए थे। शाम 6 बजे महाबली तिराहा पर एचबीटी बैकरी के पास उन्होंने स्कूटर खड़ी की और दवाई लेने डिवाइडर पार कर रहे थे, तभी 99 ड्रीमलैंड के सामने रोड पार करते समय मंदाकनी चौराहा के तरफ से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें मोबाइल पर घटना की जानकारी मिली और वह पड़ोसी महेन्द्र सिंह भदौरिया के साथ मौके पर पहुंच गई। वहां विनय बहादुर बेसुध पड़े मिले। उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### मप्र के सात सरकारी और 32 निजी आयुर्वेद कॉलेज को मिली मान्यता

**भोपाल**। राजधानी भोपाल समेत मध्यप्रदेश के सात शासकीय आयुर्वेद कॉलेज व 32 निजी आयुर्वेद कॉलेज समेत 39 आयुर्वेद कॉलेजों को भारतीय चिकित्सा पद्दति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय से मान्यता मिल गई है। यह जानकारी आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने दी।

**VIP COLLEGE OF MANAGEMENT, BHOPAL**
(Affiliated to Barkatullah University), Bhopal

APPLICATION ARE INVITING FOR THE APPOINTMENT ON TEACHING POST UNDER COLLEGE CODE 28 OF THE UNIVERSITY

| POST | SUBJECT | NO. OF POST |
| --- | --- | --- |
| Professor | Management | 02 |
| Associate Professor | Management | 07 |
| Assistant Professor | Management | 10 |

Qualification: As per AICTE Norms Salary: As per Norms The Application with complete detail Biodata Should reach by the following address by post or email; vipgroupbhopal@gmail.com

VIP CAMPUS, SIKANDARABAD RATIBAD, BHOPAL 462044 (M.P.)
Contact :7049044129, 9425649308,

## अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ फ्रींज बेनिफिट्स के आदेश शीघ्र प्रसारित करने पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन, मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ एवं मप्र बाह्य स्त्रोत बिजली कर्मचारी संगठन की बैठक अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा के साथ शुक्रवार को प्रकाश भवन में हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा से फ्रींज बेनिफिट्स के आदेश शीघ्र प्रसारित करने के लिए साक्ष्य सार्थक चर्चा हुई। बैठक में पीईईए के महासचिव अजय कुमार मिश्रा द्वारा बिंदुओं को रखा गया। जिसमें वर्ष 2018 के पूर्व नियुक्त कर्मचारियों की वेतन विसंगति जिसमें सातवे वेतनमान के ए4 कालम में मूलवेतन 23200 की जगह 25300 से करने के लिए तीन वेतन वृद्धि दिए जाने, सोलर रुफ टॉप योजना अंतर्गत कंपनी कार्मिकों को भी 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान दिए जाने, वर्ष-2012 से 2018 तक अधिकारियों को भी ओ3 का वेतनमान दिए जाने पर चर्चा हुई।










## एक लेन पर डामरीकरण का काम पूरा

# सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के सामने रोड की ऊंचाई घटेगी, जेसीबी से रोड खोदने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के सामने सड़क की ऊंचाई ज्यादा होने की समस्या सामने आई है। भारी व ओवरलोड वाहनों की आवाजाही में दिक्कत को देखते हुए ऊंचाई घटाने के लिए यहां भी जेसीबी से रोड खोदने का काम शुरू कर दिया गया है। साइट पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सड़क की ऊंचाई करीब एक मीटर तक कम की जाएगी, ताकि ऊपर की संरचना और सड़क के बीच पर्याप्त ऊंचाई बनी रहे और बड़े वाहन सुरक्षित रूप से गुजर सकें।

### यातायात किया डायवर्ट

खुदाई के कारण यातायात को डायवर्ट किया गया है और वाहनों की आवाजाही एक लेन से हो रही है। पुल बोगदा के बंद होने से इस रोड पर पहले से ही यातायात का दबाव अधिक है और यहां से भारी वाहन भी बडी संख्या में गुजरते हैं। काम पर मौजूद श्रमिकों का कहना है कि ऊपरी हिस्से के सभी काम पूरे हो चुके हैं। नीचे निर्माण को पूरा होने में करीब एक सप्ताह का समय लग सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930